आषाढ़ कृष्ण पक्ष त्रयोदशी 10:10 उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 23 जून 2025
वर्ष 3, अंक 303, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ट्रंप को नोबेल पुरस्कार पर घिरा पाकिस्तान 14

मानसून में भी चलेगा नक्सल विरोधी अभियान 12

## दिल्ली मौसम कार्यालय का एक्स अकाउंट हैक

- अनुचित पोस्ट किए जाने की शुरू की गई जांच

**नई दिल्ली।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के क्षेत्रीय मौसम पूर्वानुमान केंद्र (आरडब्ल्यूएफसी) द्वारा कुछ अनुचित पोस्ट दोबारा पोस्ट किए जाने के एक दिन बाद विभाग ने रविवार को कहा कि उसका 'एक्स' अकाउंट हैक हो गया है और मामले की जांच की जा रही है।

एक न्यूज एजेंसी ने शनिवार शाम को आईएमडी का ध्यान इस मुद्दे की ओर दिलाया था। इसके बाद, आईएमडी ने 'रीपोस्ट' किए गए पोस्ट को हटा दिया और जांच शुरू कर दी। आईएमडी ने रविवार को जारी एक बयान में कहा कि आरडब्ल्यूएफसी नई दिल्ली का 'एक्स' खाता शनिवार को हैक हो गया था और कुछ अनुचित पोस्ट की गई थीं। बयान में कहा गया है कि उन पोस्ट को हटाने के लिए सुधारात्मक कार्रवाई की गई। मामले की आगे जांच की जा रही है।

# नगर पालिका को दो करोड़, नगर पंचायतों को एक करोड़ के काम की आजादी

## योगी सरकार का बड़ा फैसला: निकायों को अधिक वित्तीय स्वायत्तता, गड़बड़ी पर ठेकेदार व प्रशासनिक अधिकारी से होगी वसूली

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** योगी सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए नगर पालिका परिषदों को दो करोड़ रुपये तो नगर पंचायतों को एक करोड़ रुपये तक के कार्य स्वयं करने की आजादी दे दी है। अभी तक उन्हें केवल 40 लाख रुपये तक के कार्य कराने की ही अनुमति थी।



### निर्माण कार्यों की गुणवत्ता व जवाबदेही के नए मानक तय

नगर विकास विभाग ने नगरीय निकायों के निर्माण एवं विकास कार्यों में गड़बड़ी या गुणवत्ता में कमी के लिए संबंधित ठेकेदार,अभियंता और प्रशासनिक अधिकारी की जवाबदेही को नये सिरे से तय किया है। एसओपी में किए गए प्रमुख संशोधन के अनुसार, किसी भी निर्माण या विकास कार्य में गुणवत्ता की कमी या मापन में त्रुटि के कारण यदि अतिरिक्त भुगतान होता है, तो उसकी वसूली संबंधित ठेकेदार से 50 प्रतिशत और शेष 50 प्रतिशत राशि अभियंता एवं प्रशासनिक अधिकारियों से वसूल की जाएगी। वसूली की प्रक्रिया जिलाधिकारी द्वारा निर्धारित व संचालित की जाएगी।

> एसओपी में संशोधन से स्थानीय नगरीय निकायों को न केवल वित्तीय स्वायत्तता मिलेगी, बल्कि विकास कार्यों की गुणवत्ता और पारदर्शिता भी सुनिश्चित होगी। यह नगरीय प्रशासन को जनहित में अधिक प्रभावी बनाएगा।
> **-अमृत अभिजात,** प्रमुख सचिव नगर विकास विभाग

नगर विकास विभाग ने एसओपी में संशोधन करते हुए नगरीय निकायों को अधिक वित्तीय स्वायत्तता देने का आदेश जारी किया है। लेकिन, चेतावनी भी दी है कि निर्माण कार्यों में गड़बड़ी या गुणवत्ता में कमी मिली तो पचास-पचास प्रतिशत राशि संबंधित ठेकेदार और प्रशासनिक अधिकारी से वसूला जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नगरीय निकायों को बड़े कार्य करने की आजादी देने के निर्देश बीते दिनों नगर विकास विभाग की बैठक में दिए थे। इसके अनुपालन में नगर विकास विभाग ने 74वें संविधान संशोधन के मुताबिक वर्ष 2021 में जारी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) में संशोधन करते हुए बाजार दरों में वृद्धि को ध्यान में रखते हुए नगर पंचायतें 1 करोड़ रुपये और नगर पालिका परिषदें 2 करोड़ रुपये के निर्माण और अन्य विकास कार्य करने की मंजूरी दी है। विकास कार्यों के लिए आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल पर भी जोर दिया गया है। नगरीय निकायों की 3.75 मीटर से अधिक चौड़ी सड़कों के निर्माण के लिए एफडीआर तकनीकी का प्रयोग किया जा सकेगा। ये सड़कें सीसी रोड़ या डमरीकृत बनाई जाएंगी। इसके अलावा 3.75 मीटर तक चौड़ी सड़कों पर इंटरलॉकिंग टाइल्स का प्रयोग किया जा सकेगा, बशर्ते वह मुख्य मार्ग न हों और उन पर भारी वाहन न चलते हों।

साथ ही, नई एसओपी के तहत 3.75 मीटर से कम चौड़ी सड़कों के लिए केसी- टाइप नाली और उससे अधिक चौड़ी सड़कों के लिए यू-टाइप आरसीसी नाली के निर्माण को मंजूरी दी गई है। इनका निर्माण लोक निर्माण विभाग और आईआरसी मानकों के अनुसार किया जाएगा। निकायों को निर्देशित किया गया है कि वे वार्डवार सड़क डायरेक्ट्री, अभिलेखीकरण और जीआईएस मैपिंग करें।

# अमेरिका ने बोला ईरान पर हमला तीन परमाणु केंद्रों को किया तबाह

## व्यापक क्षेत्रीय संघर्ष छिड़ने की आशंका, ईरान ने भी दी जवाबी कार्रवाई की धमकी

तेल अवीव, एजेंसी

इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध में अमेरिका भी कूद पड़ा है। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोकने के मकसद से इजराइल की ओर से शुरू किए गए हमलों को मजबूती प्रदान करते हुए अमेरिका ने रविवार तड़के तीन ईरानी परमाणु केंद्रों पर हमले किए।

ईरान की जवाबी कार्रवाई की धमकी के बीच लंबे समय से दुश्मन रहे ईरान को कमजोर करने के लिहाज से यह एक जोखिम भरा कदम माना जा रहा है, जिससे व्यापक क्षेत्रीय संघर्ष छिड़ने की आशंका है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 'व्हाइट हाउस' से राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि ईरान के प्रमुख परमाणु केंद्रों को पूरी तरह से नष्ट कर दिया गया है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने अमेरिकी हमलों पर कहा कि अब कूटनीति का दौर बीत गया और उनके देश को आत्मरक्षा का अधिकार है। उन्होंने तुर्किये में प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि अमेरिका में युद्धोन्मादी, अराजक प्रशासन इस आक्रामक कृत्य के खतरनाक और दूरगामी प्रभावों के लिए पूरी तरह से जिम्मेदार है। अरागची ने यह भी कहा कि अमेरिका ने परमाणु केंद्रों पर हमला कर सारी हदें पार कर दी हैं, कल रात जो हुआ वह सबसे खतरनाक था। उन्होंने कहा कि रविवार के बाद वह रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मिलने के लिए मॉस्को जाएंगे।

ईरान की परमाणु एजेंसी ने रविवार को पुष्टि की कि उसके फोर्दो, इस्फहान और नतांज परमाणु केन्द्रों पर हमले हुए हैं। कहा कि ईरान का परमाणु ऊर्जा संगठन राष्ट्र को आश्वासन देता है कि अपने दुश्मनों की बुरी साजिशों के बावजूद वह अपने वैज्ञानिकों एवं विशेषज्ञों के प्रयासों से उठ खड़ा होगा। ईरान और संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था ने कहा कि हमलों के बाद विकिरण के कोई संकेत नहीं है। एपी ने अमेरिकी हमले के बाद ली गई उपग्रह तस्वीरों का विश्लेषण किया है। इन तस्वीरों में फोर्दो परमाणु केंद्र के प्रवेश द्वारों को नुकसान पहुंचा नजर आ रहा है और हवा में हल्के भूरे रंग का धुआं छाया हुआ नजर आ रहा है। अमेरिका और इजराइल के अधिकारियों ने कहा है कि अमेरिकन स्टील्थ बॉम्बर और 30,000 पाउंड वजनी बंकर-बस्टर बम ने जमीन के अंदर स्थापित ईरानी परमाणु केंद्रों को नष्ट कर दिया।



व्हाइट हाउस में ईरान पर हमले की जानकारी देते राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप।

### जवाबी कार्रवाई पर और हमले करेंगे : ट्रंप

ट्रंप ने कांग्रेस (अमेरिकी संसद) की अनुमति के बिना यह कार्रवाई की तथा उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ईरान ने अमेरिकी सेना के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की तो और अधिक हमले किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि ईरान में या तो शांति होगी या फिर त्रासदी होगी।

### ईरान बोला-हम अपने हितों की रक्षा करेंगे

ईरान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि अमेरिका ने ईरान के खिलाफ खतरनाक युद्ध शुरू किया है। यह भी कहा कि ईरान अमेरिकी सैन्य आक्रमण और अपराधों के खिलाफ पूरी ताकत से विरोध करने तथा ईरान की सुरक्षा एवं राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने का अधिकार रखता है।

### मोदी की पेजेशकियान से शांति बहाली की अपील



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान से फोन पर बातचीत की तथा ईरान एवं इजराइल के बीच संघर्ष को लेकर भारत की ओर से गहरी चिंता जताई और तनाव को संवाद एवं कूटनीति के माध्यम से तत्काल कम करने की अपील की। मोदी और पेजेशकियान के बीच यह बातचीत ईरान के तीन परमाणु स्थलों फोर्दो, नतांज और इस्फहान पर अमेरिका द्वारा बमबारी किए जाने के कुछ ही घंटे बाद हुई। मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उन्होंने तनाव बढ़ने पर गहरी चिंता जताई।

# एयर इंडिया का विमान बम की धमकी के बाद रियाद में उतरा

## बर्मिंघम से दिल्ली आ रही थी फ्लाइट, सभी यात्री सुरक्षित

नई दिल्ली, एजेंसी

बर्मिंघम से दिल्ली आ रही एयर इंडिया की एक उड़ान को शनिवार को बम की धमकी मिलने के बाद उसका मार्ग परिवर्तित कर सऊदी अरब के रियाद शहर में सुरक्षित उतारा गया। रविवार को एक बयान में टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन ने कहा कि यात्रियों को रियाद से उनके गंतव्य तक ले जाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है।

एयरलाइन ने परिचालन स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए अपनी उड़ान सेवाओं को अस्थायी रूप से कम कर दिया है। एयर इंडिया ने कहा कि बर्मिंघम से दिल्ली जाने वाली उड़ान संख्या एआई114 को बम की धमकी मिली थी, जिसके बाद उसे रियाद की ओर मोड़ दिया गया, जहां उसे सुरक्षित तरीके से उतारा गया और सुरक्षा जांच पूरी कर ली गई। सभी यात्रियों को विमान से उतारा गया और उनके होटल में ठहरने की व्यवस्था की जा रही है। एयरलाइन ने बताया कि 12 जून को अहमदाबाद में विमान दुर्घटना के बाद उसने स्वैच्छिक रूप से उड़ानों से पहले सुरक्षा जांच को बढ़ाया है और संचालन की स्थिरता बनाए रखने के लिए अस्थायी रूप से कुछ सेवाएं घटाई गई हैं। एयरलाइन ने कहा कि पश्चिम एशिया में हवाई क्षेत्र बंद रहने, यूरोप और पूर्वी एशिया के कई हवाई अड्डों पर रात में कर्फ्यू लागू होने, हवाई यातायात में भीड़ और कुछ अप्रत्याशित परिचालन समस्याओं जैसे बाहरी कारकों के कारण कुछ उड़ानों में देरी होती है या उन्हें रद्द भी करना पड़ता है।

**लंदन जा रहा विमान कुछ ही देर में चेन्नई लौटा : चेन्नई।** लंदन जाने वाला एक विमान रविवार को परिचालन संबंधी कारणों से यहां लौट आया। यहां हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बताया कि करीब 209 यात्रियों को लेकर उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद विमान लौट आया। यात्रियों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है।

### 19 मार्गों पर उड़ानों को कम करेगा एयर इंडिया



**नई दिल्ली।** एयर इंडिया ने रविवार को कहा कि वह 19 मार्गों पर संकरे आकार के विमानों से संचालित 118 साप्ताहिक उड़ानों को अस्थायी रूप से कम करेगी और तीन मार्गों पर सेवाएं निलंबित करेगी। टाटा समूह के स्वामित्व वाली इस एयरलाइन ने कुछ दिनों पहले कहा था कि वह चौड़े आकार के विमानों से संचालित अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों में अस्थायी रूप से 15 प्रतिशत की कटौती करेगी। एयरलाइन ने एक बयान में कहा कि वह अपने कुल संकरे आकार के बेड़े में पांच प्रतिशत से कम की अस्थायी कटौती करने जा रही है। बयान के मुताबिक, इस स्वैच्छिक निर्णय से एयर इंडिया की सेवाओं का तीन मार्गों पर अस्थायी निलंबन होगा और 19 मार्गों पर फेरों में कमी आएगी। ये परिवर्तन कम से कम 15 जुलाई 2025 तक प्रभावी रहेंगे। तीन मार्गों - बेंगलुरु-सिंगापुर, पुणे-सिंगापुर और मुंबई-बागडोगरा (एआई551/552) पर सप्ताह में सात बार उड़ानें कम से कम 15 जुलाई तक स्थगित रहेंगी। दिल्ली-बेंगलुरु और दिल्ली-मुंबई सहित कई अन्य मार्गों पर उड़ानों की संख्या में कमी की जाएगी।

## 16 करोड़ का सोना व मादक पदार्थ पकड़ा

**मुंबई।** छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क विभाग ने 16 करोड़ का मादक पदार्थ व सोना जब्त कर हवाई अड्डे के दो कर्मचारियों सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि सीमा शुल्क विभाग की हवाई खुफिया इकाई को कुछ दिनों पूर्व हवाई अड्डे के दो कर्मचारियों के तस्करी में शामिल होने की सूचना मिली थी। पुलिस ने दोनों को रोककर उनके थैलों के अंदर छिपाकर रखे गए 24 कैरेट सोने के चूर्ण को बरामद किया जिसकी कीमत 4.24 करोड़ रुपये है। शनिवार को बैंकॉक से आए दो भारतीय नागरिकों से 11.881 किग्रा मादक पदार्थ जब्त किया गया जिसकी कीमत 11.88 करोड़ रुपये है।

# पश्चिमी उप्र. में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट

- सहारनपुर, अलीगढ़, आगरा जैसे 10 जिलों में आज होगी भारी बारिश
- प्रदेश के 20 अन्य जिलों के लिए बिजली गिरने की चेतावनी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में मानसून अब तराई क्षेत्रों से होते हुए पश्चिमी जिलों तक पहुंच गया है। इस बीच मौसम विभाग ने पश्चिमी उप्र. में अत्यधिक भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

सोमवार को नेपाल और उत्तराखंड से सटे तराई क्षेत्र के जिलों समेत सहारनपुर, अलीगढ़, आगरा जैसे 10 जिलों में भारी बारिश की संभावना जताई गई है। वहीं, प्रदेश के 20 अन्य जिलों के लिए गरज-चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी जारी की गई है।

मौसम विभाग के मुताबिक, 24 से 48 घंटों के भीतर प्रदेश के पश्चिम, तराई और पूर्वांचल के कई इलाकों में भारी बारिश की स्थिति बनी रहेगी। सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, आगरा, फिरोजाबाद, बिजनौर और मुरादाबाद आदि जिलों में भारी से अत्यधिक भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। इन इलाकों में बारिश के चलते जलभराव, बिजली आपूर्ति बाधित होने और ट्रैफिक प्रभावित होने की आशंका है।

वहीं, फतेहपुर, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा और औरैया में गरज-चमक के साथ वज्रपात (आकाशीय बिजली) का खतरा बताया गया है। मौसम विभाग की ओर से लोगों को खुले में न जाने और पेड़ों के नीचे शरण न लेने का सुझाव दिया गया है।



### ललितपुर में हुई सबसे अधिक 132 मिमी बारिश

इससे पहले रविवार को बुंदेलखंड के ललितपुर में प्रदेश की सबसे अधिक 132 मिमी बारिश दर्ज की गई। वहीं, राजधानी लखनऊ और आसपास के जिलों में रुक-रुक कर बारिश होती रही, जिससे तापमान में गिरावट आई और मौसम सुहाना हो गया। मौसम विभाग ने संकेत दिए हैं कि आने वाले तीन-चार दिनों में पूरे प्रदेश में कहीं हल्की तो कहीं भारी बारिश का सिलसिला जारी रहेगा।

## प्रतिकूल मौसम में उड़ान के लिए नए दिशा-निर्देश जारी

**नई दिल्ली।** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने प्रतिकूल मौसम के दौरान एयरलाइन के लिए अपने परिचालन दिशा-निर्देशों में संशोधन किया है। इनमें इस बात पर बल दिया गया है कि सुरक्षा को 'समय-सारिणी के पालन' से अधिक प्राथमिकता दी जानी चाहिए तथा पायलटों को अप्रत्याशित परिस्थितियों में उड़ानों का मार्ग बदलने के लिए प्रोत्साहित किया गया है। अनुसूचित और गैर-अनुसूचित एयरलाइन कंपनियों को अद्यतन परिचालन परिपत्र जारी करते हुए नियामक ने कहा कि पायलटों को दृश्य संकेतों की उपकरणों से जांच करनी चाहिए।

# यात्री को 25 हजार रुपये हर्जाना देगा स्पाइसजेट

- गलत टिकट जारी करने पर उपभोक्ता आयोग का निर्देश

मुंबई, एजेंसी

उपभोक्ता आयोग ने एक वरिष्ठ नागरिक को गलत टिकट जारी करने के मामले में एयरलाइन कंपनी स्पाइसजेट को यात्री को 25,000 रुपये का जुर्माना देने का आदेश दिया है।

यहां एक एक उपभोक्ता आयोग ने कहा है कि 2020 में यात्री की यात्रा का मार्ग बदलते समय एयरलाइन ने उसे गलत टिकट जारी किया। जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग, मुंबई (उपनगर) ने 17 जून को पारित आदेश में, यात्री को 'मानसिक उत्पीड़न' के लिए स्पाइसजेट को सेवा में खामी और लापरवाही का जिम्मेदार ठहराया है। घाटकोपर इलाके में रहने वाले शिकायतकर्ता एक वरिष्ठ नागरिक हैं। उन्होंने पांच दिसंबर, 2020 के लिए मुंबई से दरभंगा और दो दिन बाद वापसी की यात्रा के लिए स्पाइसजेट की टिकट बुक की थी। मुंबई से दरभंगा की यात्रा पूरी हो गई थी, लेकिन खराब मौसम के कारण वापसी की उड़ान रद्द कर दी गई। शिकायत में कहा गया है कि उन्हें आठ दिसंबर को मुंबई में पीएचडी ऑनलाइन परीक्षा देनी थी, इसलिए उन्होंने वैकल्पिक व्यवस्था का अनुरोध किया।

## आईएनएस तमाल 1 जुलाई को नौसेना में शामिल होगा

- गाइडेड मिसाइल प्रणाली से लैस है यह युद्धपोत

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय नौसेना के रूस में निर्मित गाइडेड मिसाइल युद्धपोत आईएनएस तमाल को एक जुलाई को रूस के तटीय शहर कलिनिनग्राद में नौसेना में शामिल किया जाएगा। गाइडेड मिसाइल युद्धपोत 'आईएनएस तमाल' अनेक मिसाइलों और निगरानी प्रणालियों को ले जाने में सक्षम है।

अधिकारियों ने बताया कि जहाज में 26 प्रतिशत घटक स्वदेशी हैं, जिसमें समुद्र और जमीन दोनों पर निशाना साधने के लिए ब्रह्मोस लंबी दूरी की क्रूज मिसाइल भी शामिल है। भारतीय नौसेना के अनुसार, युद्धपोत 'आईएनएस तमाल' 125 मीटर लंबा है और इसका वजन 3900 टन है। इस युद्धपोत में भारतीय और रूसी अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों तथा युद्धपोत निर्माण की सर्वोत्तम पद्धतियों का उपयोग किया गया है। नौसेना में शामिल होने के बाद तमाल भारतीय नौसेना की स्वॉर्ड आर्म में शामिल हो जाएगा। स्वॉर्ड आर्म भारतीय नौसेना में पश्चिमी बेड़े के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला एक पद है।

**फर्जीवाड़ा** 15 जिलों के करीब 100 मदरसा संचालकों पर दर्ज होगी एफआईआर, केंद्र सरकार ने 11 जिलों में एसआईटी गठित कर जांच कराने को कहा

# छात्रवृत्ति में हेराफेरी : 26 जिलों के सैकड़ों मदरसों पर होगी कार्रवाई

- वर्ष 2021-22 व 2022-23 में फर्जीवाड़ा कर हड़पे करोड़ों रुपये

इंद्रभूषण दुबे, लखनऊ

**अमृत विचार :** मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों के हक पर संचालक ही डाका डाल रहे हैं। फर्जीवाड़ा कर छात्रों का वजीफा हड़प कर जा रहे हैं। जांच में सामने आया कि प्रदेश के 26 जिलों में संचालित सैकड़ों मदरसों के संचालकों ने छात्रवृत्ति के नाम पर करोड़ों रुपये की हेराफेरी की है।

15 जिलों के करीब 100 मदरसा संचालकों के फर्जीवाड़ा सामने आने पर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने का आदेश दिया गया। 11 जिलों में एसआईटी बनाकर 60 से अधिक मदरसों की जांच कराने के बाद विधिक कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। मदरसा संचालक छात्रों को दी जाने वाली छात्रवृत्ति को हड़पने के लिए नए तरीके अख्तियार कर रहे हैं। इस हेराफेरी का खुलासा बायोमिट्रिक व्यवस्था लागू होने के बाद हुआ। शुरू के दो वर्ष के छात्रवृत्ति वितरण की जांच की गई तो फर्जीवाड़ा सामने आ गया। कई मदरसों का पता चला जिनका कोई अस्तित्व ही नहीं है। न तो क्लास रूम है, न ही छात्र हैं। जबकि कागजों में सैकड़ों छात्र दर्ज है। बायोमिट्रिक सिस्टम लागू होने के बाद कई मदरसों ने अल्पसंख्यक विभाग के अधिकारियों से सांठगांठ कर छात्रवृत्ति की रकम हासिल कर ली। हालांकि पोल खुलते ही अधिकारियों ने मदरसा संचालकों के खिलाफ फर्जीवाड़ा की रिपोर्ट दे दी। इसके बाद ऐसे मदरसों का सत्यापन कर सूची मांगी गई। कुछ जिलों के अधिकारियों ने सत्यापन के बाद सूची जून के पहले सप्ताह तक नहीं दी थी। अल्पसंख्यक विभाग के सूत्रों के मुताबिक केंद्र सरकार ने 2021-22 के सत्र में छात्रवृत्ति वितरण के लिए बायोमिट्रिक सिस्टम लागू किया। नई व्यवस्था के बाद छात्र की बायोमिट्रिक के बिना छात्रवृत्ति नहीं निकल सकेगी। इसके बाद छात्रों के बायोमिट्रिक पंजीकरण कराये गए। सैकड़ों मदरसा संचालकों ने तकनीकी खामियां बताकर पंजीकरण में देरी की और 2021-22 और 2022-23 सत्र की छात्रवृत्ति हड़प ली। पोल खुली तो ऐसे मदरसों पर कार्रवाई शुरू की है। इसी आदेश के तहत दुबग्गा में संचालित दो मदरसा संचालक पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

### मदरसा संचालकों दर्ज होगी एफआईआर

केंद्र सरकार के आदेश पर अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के निदेशक ने 13 जून को आदेश जारी किया। जिसमें कई मदरसों पर फर्जीवाड़ा कर छात्रवृत्ति की रकम हड़पने की बात कही। इन में 15 जिले शामिल हैं। जिन जिलों के मदरसा संचालकों पर एफआईआर दर्ज करानी है। उनमें बस्ती, गाजियाबाद, गाजीपुर, हापुड़, कानपुर नगर, लखनऊ, महोबा, मैनपुरी, मुजफ्फरनगर, प्रतापगढ़, सहारनपुर, संतकबीरनगर, सीतापुर, उन्नाव और कुशीनगर शामिल हैं।

### एसआईटी की जांच के बाद होगी कार्रवाई

विशेष जांच टीम (एसआईटी) बनाकर फर्जीवाड़ा करने वाले मदरसों की जांच कराने का निर्देश दिया गया है। इनमें आगरा, अंबेडकरनगर, संभल, बदायूं, बुलंदशहर, अमरोहा, कुशीनगर, मेरठ, मिर्जापुर, मुरादाबाद और गोंडा के करीब 60 मदरसे शामिल हैं। वहीं, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के निदेशक ने जो रिपोर्ट केंद्र को भेजी है उसमें बस्ती, बिजनौर, बदायूं और सहारनपुर चार जिलों के अधिकारियों पर सत्यापन रिपोर्ट न देने की बात कही है।

# सत्यापन रिपोर्ट में जीवित को मार डाला, बंद हुई पेंशन

## तहसील सदर क्षेत्र के गुलरियनपुर्वा निवासी वृद्ध ने दर्ज कराई शिकायत

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- वृद्धावस्था पेंशन फिर से शुरू करने के लिए लगाई गुहार
- बैंक खाता नंबर व शाखा का नाम लिखकर पेंशन की मांग

**अमृत विचार।** खाता न बही जो अधिकारी-कर्मी करें वही सही। कुछ इसी मिजाज में जनपद के जिम्मेदार काम कर रहे हैं। आए दिन जीवित को मृत दिखाकर सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित करने के मामले प्रकाश में आते हैं। इसी बीच एक बार फिर से बुजुर्ग को जांच रिपोर्ट में मार डाला। उसके बाद उसकी पेंशन बंद कर दी गई। पीड़ित ने वृद्धावस्था पेंशन का लाभ दिलाने की मांग की है।

तहसील सदर क्षेत्र की ग्राम पंचायत माछा के गांव गुलरियनपुर्वा निवासी राजेंद्र सिंह ने तहसील सदर कन्नौज में एडीएम आशीष सिंह को शिकायती पत्र दिया। कहा कि जीवित होते हुए भी उसे मृत दर्शाकर वृद्धावस्था पेंशन काट दी गई है। वह गरीब व 72 वर्षीय बुजुर्ग है। पेंशन की जीवनयापन का एकमात्र सहारा है। पेंशन से वह दवाई आदि की व्यवस्था कर लेता है। राजेंद्र सिंह ने आधार कार्ड, बैंक खाता नंबर व शाखा का नाम लिखकर पेंशन दिलाने की मांग की है। एडीएम ने मामले को जिला समाज कल्याण अधिकारी वेद प्रकाश मिश्र के पास भेजा है। बताते चलें कि गांव व कस्बों में पेंशन समेत अन्य सरकारी योजनाओं का सत्यापन ग्राम पंचायत सचिव, लेखपाल व एडीओ आदि से कराया जाता है। इसमें बड़े पैमाने पर लापरवाही बरती जाती है।

### बुजुर्ग बोला, डेढ़ साल से नहीं मिला लाभ

कन्नौज। पीड़ित राजेंद्र सिंह ने मोबाइल पर बताया कि उसे करीब डेढ़ साल से वृद्धावस्था पेंशन नहीं दी जा रही है। अधिकारियों के पास पहुंचा तो समाज कल्याण से जुड़े लोगों से जानकारी की गई तो कार्यालय से पता चला कि उसे मृत दिखाया गया है। बताया गया है कि राजेंद्र सिंह के नाम का माछा में दूसरा व्यक्ति है। उनके पुत्र की पुलिस में नौकरी भी लग गई है इस वजह से पेंशन माछा के लाभार्थी की कटनी चाहिए थी लेकिन बेवजह से गुलरियनपुर्वा के राजेंद्र सिंह की काट दी गई।


राजेंद्र सिंह, पीड़ित।

> ग्राम पंचायत माछा के मजरा गुलरियनपुर्वा राजेंद्र सिंह को भलीभांति जानती हूं। वह जीवित हैं, उनकी पेंशन शुरू करनी चाहिए।
>
> –मुन्नी देवी, प्रधान

# विभागीय लापरवाही से हर घर नल से जल योजना बनी मजाक

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- घर के बाहर टोटी तो लगाई पर एक भी दिन नहीं पहुंचा पानी
- गलियां खोद कर डाल दीं पर नहीं की मरम्मत

**अमृत विचार।** हर घर नल से जल योजना अधिकारियों की लापरवाही से फ्लाप हो गई है। देखरेख का अभाव होने से घरों तक पानी नहीं पहुंच रहा है। कई गांव में तो कनेक्शन देने वाले कर्मचारियों ने टोटी भी नहीं लगाई है।

विभागीय लापरावाही से प्रधानमंत्री के महत्वाकांक्षी योजना हर घर नल से जल को विभागीय अधिकारी ही पलीता लगा रहे हैं। गांव-गांव पाइप लाइन डालने के बाद टोटी तो लगी दी गई पर इन में जल पहुंचा या नहीं यह देखने के लिये कोई नहीं है। शिकायत करने के बाद भी विभागीय अधिकारी मौके पर पहुंच कर जांच करना भी मुनासिब नहीं समझ रहे हैं। इससे गांव गांव पाइप लाइन डाल कर नल से जल देने की बात हवा हवाई हो रही है। जिले के दूरदराज गांव का तो हाल ही खराब है। यहां तो नल से जल मखौल बना है। यदि जिला मुख्यालय के निकट की बात करें तो सदर ब्लाक क्षेत्र का गांव नजरापुर इस योजना का उदाहरण है। यहां पर पूरे गांव में घर-घर टोटी विभाग की ओर से लगाई गई हैं। इस के बाद कहा गया कि पानी आयेगा। करीब आठ माह बीतने को हैं एक भी दिन नल से जल नहीं निकला। बताया जाता है कि नजरापुर ग्राम पंचायत के तीन गांव में पानी की सप्लाई देने के लिये निकट की ग्राम पंचायत टिढियापुर के मजरा भुगैतापुर में पानी टंकी बनाई गई है। जिससे नजरापुर ग्राम पंचायत में भी पानी देने को कहा गया था लेकिन पानी नहीं मिला। इस संबंधमें विभाग से शिकायत भी की गई पर कोई नतीजा नहीं निकला। विभाग के अधिकारी जांच करने भी नहीं पहुंचे। अब गांव के लोग मुख्य मंत्री व प्रधान मंत्री से शिकायत करने की बात कह रहे हैं। यही नहीं जिला मुख्यालय के मोहल्ला अकबरपुर सरायघाघ निवासी आशीष दुबे पुत्र कमलेश कुमार दुबे ने समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण को इस संबंध में शिकायत की है। आरोप लगाया है कि उसका मकान बारात घर के निकट है। काफी समय से मकान बना है।

# प्रचार प्रसार का अभाव, क्रय केंद्र मक्का की बोहनी को तरसे

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- आढ़ती के यहां 2080 रुपये प्रति क्विंटल तो क्रय केंद्रों पर 2225 में खरीद
- मंडी केंद्र को आढती नहीं दे रहे जगह, एडीएम ने सचिव को दिये टिन शेड खाली कराने के निर्देश

**अमृत विचार।** सरकारी मक्का खरीद मखौल बन गई है। भाव अधिक होने के बाद भी क्रय केंद्रों पर किसान मक्का लेकर नहीं पहुंच रहे हैं। इसकी मुख्य वजह प्रचार प्रसार न किया जाना बताया जा रहा है। आढ़तियों के यहां सैकड़ों ट्राली मक्का की नियमित खरीद की जा रही है।

पहली बार ग्रीष्मकालीन मक्का की खरीद भी किये जाने का निर्णय लिया गया है। इसके लिये जिले में सात खरीद केंद्र खोले गये हैं। केंद्र उन क्षेत्रों में खोले गये जहां पर मक्का का उत्पादन सबसे अधिक किया जाता है। खास बात तो यह है कि आढ़ती और सरकारी क्रय केंद्रों के भाव में भारी अंतर हैं। सरकारी केंद्रों पर जहां 2225 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीद की जानी है वहीं आढ़ती 2080 से 2100 तक में खरीद रहे हैं। सीधे तौर पर करीब 100 रुपये से अधिक का अंतर होने के बाद भी किसान सरकारी क्रय केंद्रों पर मक्का लेकर नहीं जा रहे हैं। इसकी मुख्य वजह ग्रीष्मकालीन मक्का की खरीद करने से पहले सरकार की ओर से या जिले के विभागीय अधिकारियों ने किसी तरह का प्रचार प्रसार नहीं किया जाना बताया जा रहा है। इससे मक्का का उत्पादन कर क्रय केंद्रों पर बेंचने वाले किसानों ने अभी तक रजिस्ट्रेशन भी नहीं कराया है। विभाग की मानें तो उनके केंद्रों पर मक्का बेंचने पर किसानों के खाते में 72 घंटे में रुपये भेजे जाते हैं। खास बात यह भी है कि आढ़ती नम मक्का की भी खरीद कर रहे हैं जबकि क्रय केंद्रों पर केवल सूखी हुई मक्का की ही खरीद की जाती है। जिला मुख्यालय पर खोले गए मक्का खरीद केंद्र को अभी तक विभाग की ओर से मंडी समिति में टिनशेड नहीं मिला है।

इस संबंध में एडीएम आशीष सिंह ने मंडी सचिव को फोन कर निर्देश दिये थे कि मक्का क्रय केंद्र को टिनशेड खाली करा कर दिया जाये। केंद्र प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि जगह के अभाव में वह खरीद नहीं कर पा रहे हैं। टिनशेड खाली हो जाने के बाद वह किसानों से संपर्क कर मक्का की खरीद करेंगे।


मंडी समिति क्रय केंद्र पर मक्का खरीद का लगा बैनर। अमृत विचार

# दहेज की दो शिकायतें, पहले में सुलह, दूसरे में होगा मुकदमा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- पीड़िता की शिकायत पर एएसपी ने इंदरगढ़ थानाध्यक्ष को दिए निर्देश

**अमृत विचार।** छोटी-छोटी बातों पर परिवार बिखर जाते हैं। एएसपी अजय कुमार के पास दहेज उत्पीड़न के दो मामले पहुंचे। एक को परिवार परामर्श केंद्र भेजने तो दूसरे में केस दर्ज करने का आदेश हुआ है।

थाना इंदरगढ़ क्षेत्र के गांव गुनहा निवासी खुशबू बानो ने शिकायती पत्र में बताया है कि उसने मुस्लिम रीतिरिवाज से एवन हुसैन निवासी सहार जिला मैनपुरी के साथ 20 जून 2020 को निकाह किया था। खुशबू बानो ने पति, ससुर, सास, ननसार आदि पर आरोप लगाया है कि यह लोग मारपीट कर प्रताड़ित करने लगे। मोटरसाइकिल व सोने की चेन की मांग रखी। 10 जून को कमरा में बंद करके मारापीटा। जेवर व उसके दो बच्चों को छीन लिया और उसके मायके के बाहर छोड़ कर ससुराली भाग गए। एएसपी ने केस दर्ज करने के आदेश थानाध्यक्ष पारुल चौधरी को दिए हैं। दूसरे प्रकरण में कोतवाली सदर क्षेत्र के मोहल्ला आंबेडकरनगर निवासी शिवानी ने बताया कि उसकी शादी मोहित वर्तमान निवासी सूरत गुजरात के साथ 16 जून 2023 को हुई थी।

शादी के 45 दिनों तक रखा और 5 लाख रुपये व बाइक की मांग की। न देने पर पति ने साथ रखने से मना कर दिया और दूसरी शादी की धमकी दी। शिकायत की पर थाने में पुलिस ने मामला दबा दिया। ससुरालीजन मूल रूप से औरैया जिले के थाना एरवा कटरा के गांव उदईपुर निवासी हैं। एएसपी ने परिवार परामर्श केंद्र में दोनों पक्षों को बुलाकर वार्ता करने को कहा है। पति न आए तो एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं।


हवन के साथ भूमि पूजन करतीं विधायक अर्चना पांडे व श्याम प्रेमी। अमृत विचार


भूमि पूजन के लिए धूमधाम से ईंटें ले जाते श्याम प्रेमी। अमृत विचार

# खाटू श्याम मंदिर के लिए धूमधाम से हुआ भूमि पूजन

संवाददाता छिबरामऊ, कन्नौज

- डीजे के भक्ति गीतों पर निकली शोभा यात्रा

**अमृत विचार।** विशुनगढ़ रोड स्थित रामलीला मैदान में खाटू श्याम मंदिर के लिए धूमधाम से भूमि पूजन किया गया। इससे पहले सिद्धपीठ मां कालिका देवी मंदिर से डीजे पर बजते भक्ति गीतों के साथ पूजित ईंटों की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई।

रविवार को सभी श्याम भक्त सिद्ध पीठ मां कालिका देवी मंदिर पर एकत्रित हुए। यहां विधायक अर्चना पांडेय, उनके पति राजेश प्रकाश पांडेय, श्री खाटू श्याम बाबा सेवा समिति के अध्यक्ष विवेक गुप्ता आदि ने अयोध्या और खाटू धाम से लाई गई पूजित ईंटों की विधि विधान से पूजा की। तत्पश्चात ढोल नगाड़ों और डीजे की धुनों के साथ भव्य शोभा यात्रा प्रारंभ हुई। इसका समापन रामलीला मैदान में हुआ। यहां शक्तिपीठ गमा देवी के पुजारी पंडित बनारसी दास शास्त्री, पंडित रमाकांत शुक्ला, पंडित शिवानंद, विशाल दीक्षित, शिखर दुबे ने खाटू श्याम एवं राम दरबार का पूजन कराया। रामलीला मैदान के ईशान कोण में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच फावड़ा चलाकर पूजित ईंटों से कलयुग के अवतारी शीश के दानी श्याम बाबा के मंदिर का शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम में आचार्य प्रशांतानंद चंदन, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश संयुक्त महामंत्री सुशील दुबे, जिलाध्यक्ष राम जी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष यतीश स्वरूप सक्सेना, जिला संयुक्त महामंत्री संजीव कुमार नगर, अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू, किराना एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, नरेश गुप्ता गोल्डी, प्रभाकर गुप्ता, वेद प्रकाश राठौर, सुमित गुप्ता, भाकियू (अवधेश) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अवधेश कुमार, प्रदेश अध्यक्ष संतोष पाठक एवं श्री खाटू श्याम बाबा सेवा समिति के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में श्याम भक्त उपस्थित रहे।

# अखिलेश बताएं, कन्नौज के लिए कितने काम कराए

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- सपा अध्यक्ष के बयान के बाद पूर्व सांसद ने किया पलटवार

**अमृत विचार।** दो दिन पहले कन्नौज पहुंचे सांसद अखिलेश यादव की तरफ से चलाए गए जुबानी तीरों को लेकर अब पूर्व सांसद सुब्रत पाठक ने पलटवार किया। प्रेस से बातचीत में उन्होंने सवाल किया कि अखिलेश बताएं के एक साल में उन्होंने कन्नौज के लिए कितने काम किए।

बता दें कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कन्नौज एक निजी कार्यक्रम में पहुंचे थे और भाजपाइयों के काली नदी में नहाने की बात कहते हुए तंज कसा था। इस पर पूर्व सांसद ने कई मुद्दों पर सवाल उठाए। साफ कहा कि "अखिलेश यादव को भाजपा सरकार पर सवाल उठाने से पहले यह बताएं कि जब उनकी सरकार थी, तब काली नदी की सफाई क्यों नहीं कराई गई। सांसद बने एक साल हो चुके हैं, अपनी सांसद निधि से उन्होंने कन्नौज के लिए अब तक कौन से काम कराए, यह भी जनता को बताएं।" "अखिलेश यादव ने भाजपा कार्यकर्ताओं को काली नदी में डुबकी लगाने की बात तो कह दी, लेकिन ये नहीं बताया कि वह खुद उसमें डुबकी क्यों नहीं लगा सकते। पिछले दिनों मंत्री असीम अरुण की तरफ से पाल चौराहे का नाम माता अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर रखने के साथ मूर्ति लगाने की घोषणा पर अखिलेश की ओर से सोने की मूर्ति लगाने की बात कही गई थी। इस पर पूर्व सांसद ने कहा कि उन्हें अगर सोने की मूर्तियों की ही चिंता है तो फिर डॉ. भीमराव अंबेडकर, गौतम बुद्ध, सम्राट अशोक और सरदार वल्लभभाई पटेल जैसे महापुरुषों की भी सोने की मूर्तियां लगवाने की बात करें।

# बाइक और ई रिक्शा की भिड़ंत में भाई बहन सहित तीन लोग घायल

**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम मोहन नगला के पास तेज रफ्तार बाइक और ई रिक्शा में जोरदार भिड़ंत हो गई। घटना में बाइक सवार भाई बहन सहित ई रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सौ शैय्या अस्पताल से तीनों को तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया।

ग्राम मोहन नगला निवासी ललिता प्रसाद की 18 वर्षीय पुत्री अंकिता अपने भाई आकाश के साथ बाइक पर सवार होकर गांव से बाहर निकली थी। तभी सामने से ई रिक्शा लेकर आ रहे ग्राम लछीराम नगला निवासी 28 वर्षीय दुर्गेश पुत्र रमेश चंद्र से जोरदार टक्कर हो गई। घटना में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी को सौ शैय्या अस्पताल पहुंचाया गया।

# नए जिला प्रोबेशन अधिकारी के लिए लग रहा जोर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- दूसरे जिले के डीपीओ को चार्ज दिलाने की हो रही कसरत
- पर्दा डालने के लिए जनपद के अफसर को चार्ज मुश्किल

**अमृत विचार।** नए जिला प्रोबेशन अधिकारी की तलाश तेज हो गई है। इसके लिए कुछ आलाधिकारी भी मिलकर जोर लगा रहे हैं। चर्चा है कि स्थानीय स्तर पर दूसरे विभाग के अफसर को चार्ज देने का मन उच्चाधिकारियों का नहीं है। डीपीओ की गड़बड़ियों पर पर्दा डालने के लिए दूसरे जिले के विभागीय अधिकारी को अतिरिक्त प्रभार दिया जा सकता है।

14 जून को रामपुर के लिए तबादला व एक सप्ताह का समय समाप्त होने के बाद भी जिला प्रोबेशन अधिकारी इरा आर्या ने 20 जून तक चार्ज नहीं छोड़ा है। पुराने काम निपटाने व रिक्त पदों पर गोपनीय तरीके से भर्ती करने के लिए वह अब भी डटी हुईं हैं। अब एक चर्चा और तेज हो गई है। जिला प्रोबेशन अधिकारी को उनके ही कुछ शुभचिंतक अफसरों ने सुझाव दिया है शासन में पैरवी कर कन्नौज में विभाग से किसी अधिकारी की तैनाती करा दो। या अन्य जनपद के प्रोबेशन अधिकारी को ही यहां का अतिरिक्त प्रभार दिला दिया जाए। इससे आउटसोर्सिंग के तहत हुई भर्तियों में भारी पैमाने पर हुई गड़बड़ियों पर पर्दा पड़ा रहेगा। ऐसा विकास भवन के सूत्र बता रहे हैं। कहा तो यहां तक गया है कि इसी के चलते 21 जून को जिला प्रोबेशन अधिकारी कन्नौज में नहीं थीं। इसलिए अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से नदारद रहीं जिसमें नोडल अधिकारी अपर्णा यू और समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण भी शामिल हुए थे। दूसरी ओर डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के संपूर्ण समाधान दिवस में भी नहीं पहुंचीं।



विकास भवन स्थित महिला कल्याण विभाग का जिला प्रोबेशन कार्यालय।

### जिले में डीडीओ भी डटे

- जिला विकास अधिकारी नरेंद्र देव द्विवेदी का भी तबादला फर्रुखाबाद में उपायुक्त स्वत: रोजगार (डीसी एनआरएलएम) पद पर हो गया है। उन्होंने भी चार्ज नहीं छोड़ा है। बताया गया है कि डीडीओ का रिटायरमेंट करीब है, इसलिए उनका स्थानांतरण रुक सकता है। हालांकि अभी किसी अन्य अधिकारी की तैनाती कन्नौज में नहीं हुई है।

# कार मिस्त्री के साथ मारपीट

**छिबरामऊ, कन्नौज।** पूर्वी बाईपास स्थित अपनी कार मरम्मत की दुकान से घर वापस जा रहे व्यक्ति के साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर दी।

नगर के मोहल्ला बजरिया निवासी संजुम बेगम ने बताया उनके पति आरिफ कार मेकैनिक है और उनकी पूर्वी बाईपास पर दुकान है। आरोप है कि शनिवार की शाम उनके पति आरिफ अपनी दुकान बंद कर बाजार से घर आ रहे थे। तभी मोहल्ले के ही कुछ दबंग किस्म के लोगों ने उनके साथ गालीगलौज करते हुए मारपीट कर दी। किसी तरह आरिफ उनसे बचकर घर तक पहुंच गए। उक्त दबंगों ने घर में भी घुसकर लाठी डंडों के से मारपीट की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**NOTICE**

I, Tamanna Aziz, daughter of Tarun Kumar, born on 13 August 1983, formerly known as Tamanna Kumar, hereby declare that I have changed my name to Tamanna Aziz.I confirm that all academic, legal, and personal documents issued under the name Tamanna Kumar belong to me, Tamanna Aziz, and refer to the same person.This affidavit is made truthfully for official use, including national and international purposes, as and when required.

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा बड़ा बेटा अजय वर्मा शराब पीकर मुझसे अभद्रता, गाली–गलौज व मारपीट करता है। जिससे मेरी सामाजिक स्थिति को ठेस पहुंच रही है। इसमें उनकी पत्नी अनीता बराबर की भागीदार है। इसलिए मैं अपने बेटे अजय वर्मा व उसकी पत्नी अनीता को अपनी समस्त चल–अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूं। आज से मेरा इस बेटे व उसकी पत्नी से किसी प्रकार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं है। **–रामस्वरूप वर्मा पुत्र बल्ला निवासी मोहल्ला–गढ़ी, कस्बा व परगना व थाना व तहसील बांगरमऊ उन्नाव।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा घरेलू नाम कान्ती देवी तथा बाहरी नाम तारावती है। दोनों नाम मेरे ही हैं। अत: मुझे दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता है। **कान्ती देवी उर्फ तारावती पत्नी हरीशचंद्र, ग्राम रतनपुर मशमूले प्रानपुर परगना, तहसील व जिला बलरामपुर**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **लाल सिंह गौतम पुत्र स्व0 माधव प्रसाद निवासी ग्राम रामनगर परगना व तहसील मलिहाबाद जिला लखनऊ**, मेरे दो पुत्र क्रमशः अरूण कुमार व आशुतोष कुमार है। मेरे बड़े पुत्र अरुण कुमार का चाल–चलन व आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक नहीं है तथा मुझसे व मेरे परिवार से हमेशा मारपीट करते हैं। मैं अपने बड़े पुत्र अरुण कुमार के खराब चालो–चलन व आचरण से काफी आहत हूँ इसलिए मैं उसे अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ आज से मेरा व मेरे परिवार से उनका कोई भी रिश्ता–नाता नहीं रहा है यदि वह कोइ भी अपकृत्य या अपराध कर हैं तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा मेरी व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**सूचना**

मै **महेंद्र पाल पुत्र श्याम बाबू नाई निवासी ऐरवा पछेला थाना ऐरवा कटरा जिला औरैया**, उत्तर प्रदेश का हूँ। मै अपने पुत्र सौरभ व इनकी पत्नी प्रिया के झगडालू स्वभाव के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। आज के बाद इनके द्वारा नैतिक अनैतिक कार्यो से मेरा व मेरे परिवार का कोई संबंध नही होगा। इन दोनों लोगो के द्वारा किये गए किसी भी कृत्यो के लिए यही जिम्मेदार होंगे।

**NOTICE**

I, Anil Bhatia, Authorised representative of M/s, Modern Laboratories .E-172, Transport Nagar Lucknow-226012. Sincerely declare that i have lost my road permit Form-38 of FY 2014-15 ( R.P.No.-1071551) when going to CA office on 24.05.25, I tried hard to find that permit but failed to find out

आयोजन | गृह वैज्ञानिक डॉ. चंद्रकला यादव ने जैविक गृह वाटिका के महत्व पर चर्चा करते हुए विस्तार से बताया

# उत्तम स्वास्थ्य के लिए जैविक गृह वाटिका पोषण का आधार

संवाददाता जलालाबाद, कन्नौज

**अमृत विचार।** रासायनिक उर्वरकों व कीटनाशकों के उपयोग से स्वास्थ्य पर होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति किसानों को जागरुक करना व इससे अपने परिवार को बचाने के लिए जैविक खेती आधारित गृह वाटिका का आयोजन किया गया।

ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम नेकपुर कायस्थ में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इसमें केंद्र की गृह वैज्ञानिक डॉ. चंद्रकला यादव ने जैविक गृह वाटिका के महत्व पर चर्चा करते हुए बताया कि पिछले कई वर्षों से रासायनिक खादों के प्रयोग के कारण हमारी मृदा का स्वास्थ्य खराब होता जा रहा है। इस कारण मिट्टी की उर्वरता शक्ति कम हो रही है व खेती की लागत बढ़ रही है। उन्होंने ने बताया कि कृषि रसायनों का इस्तेमाल फसल उत्पादन में सुधार के लिए शुरू हुआ था। वर्तमान में इन रसायनों का अधिक एवं असंतुलित मात्रा में प्रयोग हो रहा है। ये रसायन आसपास मृदा व जल निकायों में रिसते हैं और पर्यावरण को प्रभावित करते हैं। कृषि रसायनों के प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से संपर्क में आने वाले किसानों व उनके परिवार के सदस्यों का स्वास्थ्य भी गंभीरता से प्रभावित होता है। सब्जियों की खेती में अंधाधुंध कीटनाशकों का प्रयोग होता है खास कर बैगन, भिंडी, आदि। इससे बचने व स्वस्थ्य रहने के लिए हमे अपने घर पर ही अपने परिवार के उपयोग हेतु जैविक खाद व कीटनाशकों के प्रयोग से सब्जियाँ उगानी चाहिए। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ अरविंद कुमार ने जैविक खादों पर विस्तार से चर्चा करते हुए केंचुए की खाद व नाडेप कम्पोस्ट बनाने, महत्व व लाभ पर विस्तृत जानकारी दी।



प्रशिक्षण देते कृषि वैज्ञानिक डॉ. चंद्रकला व डॉ. अरविंद कुमार। अमृत विचार

### कृषि रसायनों का पर्यावरण पर प्रभाव

- जलालाबाद। कीटनाशकों ने हमारे पर्यावरण के लगभग प्रत्येक हिस्सों को दूषित कर दिया है। कीटनाशक, मृदा, हवा, पानी ;सतह व भूजलद्ध व गैर–लक्षित जीवों में आम संदूषक के रूप में पाए जाते हैं। कीटनाशक पौधे, पशु, गैर–लक्षित पौधे, मछली व अन्य जलचर, पक्षी, वन्यजीव, फायदेमंद या तटस्थ सूक्ष्मजीव व कीट आदि में जोखिम पैदा करते हैं तथा नुकसान पहुंचाते हैं कीटनाशकों के प्रयोग से मृदा में उपस्थित लाभकारी सूक्ष्मजीवों की संख्या घट जाती है। इस स्थिति में मृदा स्वास्थ्य, उपजाऊपन, पैदावार आदि बुरी तरह से अनिश्चित समय के लिए प्रभावित होते हैं।

शोध निदेशालय
Directorate of Research
महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
Mahatma Jyotiba Phule Rohilkhand University, Bareilly
Phone No. : 0581-4022293 E-mail : director.dor@mjpru.ac.in
महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
**Ph.D. Admission Notice**
Applications are invited for the admission to Doctor of Philosophy (Ph.D.) full time / part time and D.Sc./D.Litt. in various subjects from 18 June 2025. Only online applications are acceptable. Online application form and detailed instructions are available on www.mjpru.ac.in and https://mjprudor.ac.in.
A++ NAAC
REGISTRAR

### आज का मौसम

सोमवार को बादल छाए रहने के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। मेघगर्जन व वज्रपात की भी संभावना जताई गई।

32.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05 : 17 | सूर्यास्त 07 : 06

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# घरेलू विवाद में बेटे को फंदे पर लटका मां ने भी की खुदकुशी

## तालग्राम क्षेत्र के ग्राम चौखटा में साड़ी के फंदे से लटके मिले दोनों शव



मौके पर पहुंचकर जांच करतीं सीओ तिर्वा प्रियंका वाजपेई व पुलिस।



घटना के बाद घर के बाहर लगी लोगों की भीड़।

कार्यालय संवाददाता कन्नौज



पिंकी।

- ससुरालीजन फरार, मायके पक्ष ने हत्या का आरोप लगाते हुए किया हंगामा

**अमृत विचार।** तालग्राम थाना क्षेत्र के ग्राम चौखटा में सनसनीखेज व हृदय विदारक घटना हुई। यहां एक महिला ने पहले चार साल के बेटे को साड़ी से फंदा बनाकर लटकाया और इसके बाद स्वयं भी खुदकुशी कर ली। दोनों के शव एक ही साड़ी से बने फंदे में लटके मिले। घटना के समय मृतका का ससुर घर से बाहर था। जब पानी लेने घर पहुंचा तो दोनों को फंदे से लटका देख स्तब्ध रह गया। घटना की सूचना चारों तरफ पहुंची तो लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने मां-बेटे को हत्या कर शव लटकाने के आरोप ससुरालियों पर लगाए और इस संबंध में थाने में तहरीर भी दी है। घटना के बाद ससुराल के लोग घर से भाग निकले।

बताया गया कि ग्राम चौखटा निवासी अनुज कुमार पुत्र पटवारी लाल के साथ वर्ष 2019 में पिंकी (25) पुत्री राकेश चंद्र निवासी अछीपुरवा की शादी हुई थी। दोनों के एक बेटा मोहित (4) था। रविवार की सुबह पति अनुज अपने पिता व मां-बहन के साथ खेत गया था। घर पर पिंकी व उसका बच्चा ही थे। बताया गया कि पटवारी लाल सुबह 10 बजे के करीब पानी लेने के लिए घर पहुंचा तो दोनों के शव साड़ी के फंदे से लटके थे। यह देख उसके होश उड़ गए। घटना की जानकारी फैली तो लोगों की भीड़ लग गई। इसके साथ ही सूचना पाकर मायके पक्ष के लोग भी पहुंच गए और हत्या का आरोप लगाकर हंगामा करने लगे। बताया गया कि पति से हुए विवाद के बाद पिंकी ने पहले बच्चे को फंदे से लटकाया और इसके बाद खुद भी उसी साड़ी का फंदा लगाकर जीवनलीला समाप्त कर ली। मायके पक्ष के लोगों के पहुंचने से पहले ससुरालीजन फरार हो गए। पुलिस ने मायके वालों को समझाकर शांत कराया। घटना की जानकारी पर मौके पर पहुंचकर सीओ तिर्वा प्रियंका वाजपेई ने जांच की और मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की बात कही। मृतका के पिता राकेश चंद्र ने थाने में तहरीर देकर पति, ससुर, सास व ननद पर बेटी का उत्पीड़न करने के साथ ही हत्या करने का आरोप लगाया है।

## बरसात शुरू होते ही बिजली गुल होने से लोग परेशान

**तिर्वा।** बिजली विभाग का अजब हाल है। बरसात की पहली बूंद पड़ते ही आपूर्ति बाधित हो जाती है, जिससे कस्बा वासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश शुरू होते ही कई घंटों तक बिजली गुल रहना अब आम है। इस कारण उमस भरी गर्मी में लोग बेहाल हैं।

कस्बा के मिठाई विक्रेता गौरव गुप्ता का कहना है कि अधिकतर बिजली लाइनें अंडरग्राउंड हैं। इसके बावजूद बारिश के साथ ही बिजली बंद हो जाती है। विभाग बारिश का बहाना बनाकर 20 घंटे तक कटौती कर रहा है, जिससे व्यापारियों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। कस्बा निवासी शिवा बाथम का कहना है कि बिजली की अनियमितता के कारण कारोबार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। न तो समय पर फ्रिज और अन्य उपकरण चलते हैं और न ही ग्राहक सुविधा से सामान खरीद पाते हैं। कोल्डड्रिंक का व्यापार पूर्ण रूप से ठंडा पड़ा गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले तीन दिनों से बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। बिजली आने का ना तो कोई निर्धारित समय है और ना ही कोई वैकल्पिक व्यवस्था। बिजली विभाग से मांग की है कि बरसात के मौसम में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए विशेष प्रबंध किए जाएं ताकि उन्हें राहत मिल सके।

# तालाब का पानी निकालने को लेकर मारपीट, 12 घायल

संवाददाता सौरिख,कन्नौज

- बरसात का पानी निकालने के लिए सार्वजनिक नाले का निर्माण नहीं होने दिया

**अमृत विचार।** निकास न होने के कारण तालाब का पानी कुछ घरों में घुसने लगा। जब लोगों ने तालाब का पानी निकालने का प्रयास किया तो दो पक्षों में लाठी डंडे और ईंट पत्थर चले। घटना में करीब 12 लोग घायल हो गए। पुलिस ने मामले में 15 नामजद व 10-12 अज्ञात पर मामला दर्ज कर घायलों को डाक्टरी परीक्षण के लिए भेज दिया।

थाना क्षेत्र के गांव जरियापुर निवासी मनीष पाल पुत्र कन्हैयालाल तथा सुरेंद्र तिवारी पुत्र रामस्वरूप तिवारी के बीच सार्वजनिक नाला निर्माण को लेकर एक माह से विवाद चल रहा था। अभी हुई बारिश से तालाब उफना जाने के कारण कुछ घरों में पानी घुसने लगा। शनिवार को जब एक पक्ष द्वारा पानी निकालने का प्रयास किया गया तो दूसरा पक्ष आमने-सामने हो गया। जलभराव की सूचना उच्च अधिकारियों को सूचना दी गई। ब्लॉक से एडीओ पंचायत मौके पर पहुंचे दोनों पक्षों को शांत करते हुए समस्या का समाधान करने का आश्वासन देकर वहां से चले आए। उसके बाद प्रथम पक्ष के मनीष पाल पुत्र कन्हैयालाल, रोहित पुत्र विक्रम सिंह, रंजीत पुत्र ब्रह्मपाल, साधना पुत्री दिलीप कुमार, अंशु पुत्र प्रमोद कुमार, दिव्यांश पुत्र दीपू, दीपू पुत्र रामपाल समस्त निवासीगण जरियापुर तथा द्वितीय पक्ष से सुरेंद्र तिवारी पुत्र रामस्वरूप, अभिषेक तिवारी पुत्र सुरेंद्र तिवारी, लक्ष्मी तिवारी पुत्री गुड्डू तिवारी, गोलू तिवारी पुत्र उपदेश तिवारी, सोनू पुत्र शशवेंद्र, आशीष पुत्र शशवेंद्र तिवारी, शालिनी पत्नी आशीष, निवासीगण जरियापुर और दोनों पक्ष से 10 - 12 अज्ञात लोगों में झगड़ा हो गया। नाला विवाद को लेकर सभी एक दूसरे को गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए सुरेंद्र तिवारी के मकान के सामने रोड पर एक दूसरे पर लाठी डंडे चलाने लगे। ईंट पत्थर भी चलाए गए। इसमें प्रथम पक्ष से मनीष, रोहित, रंजीत, साधना, अंशु ,दिव्यांश, घायल हो गए तथा द्वितीय पक्ष से अभिषेक, सुरेंद्र, लक्ष्मी, गोलू, सोनू, आशीष, शालिनी घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया तथा तहरीर के आधार पर मामला पंजीकृत कर जांच प्रारंभ कर दी। बता दें कि तालाब का पानी निकालने के लिए जिला पंचायत द्वारा नाला का निर्माण कराया जा रहा था। इस दौरान इन्हीं दोनों पक्ष द्वारा विरोध किया गया था जिससे जल भराव की स्थिति उत्पन्न हुई है।

## एक नजर

### घर में घुसकर आरोपियों ने भाइयों को पीटा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** घर में घुसकर भाइयों के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया गया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम खाडेद्वेवर निवासी मोहम्मद उबैद ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 15 जून की शाम 7 .30 बजे गांव के मतलूब, मुजीब आलम ने उसके घर में घुसकर गालीगलौज की। जब उसने इस बात का विरोध किया तो आरोपियों ने उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। बीचबचाव में आए भाई नजीबुल और मुर्तजा को भी मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। वहीं कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### अलग-अलग स्थान पर चले लाठी डंडे, दो महिलाएं घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के अलग-अलग स्थान पर रंजिश को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले। इसमें दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद दोनों महिलाओं ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला अफसरी निवासी सुनीता देवी ने पुलिस को बताया है कि परिवार के ही तीन लोगों ने पारिवारिक विवाद को लेकर दरवाजे पर आकर उसके साथ गालीगलौज कर दी। जब उसने विरोध किया तो उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। वहीं क्षेत्र के ग्राम बरगामा निवासी देवी पत्नी विनोद ठाकुर ने पुलिस को बताया है कि 22 जून की शाम गांव के ही चार लोगों ने पुरानी रंजिश को लेकर उसके दरवाजे पर आकर उसके साथ गाली गलौज कर दी। जब उसने इस बात का विरोध किया तो उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया।

### विद्युत केबल काटकर जोड़ने के 500 रुपये लेने का आरोप

**छिबरामऊ।** काशीराम कॉलोनी निवासी महिला ने युवक पर अपने को विद्युत विभाग का कर्मचारी बताने तथा कई बार चोरी से उसकी केबल काटकर हर बार जोड़ने के 500 रुपये लेने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। नगर के काशीराम कॉलोनी के ब्लॉक नंबर 66 निवासी नसरीन पत्नी नशीम ने बताया कि कॉलोनी का ही रहने वाला एक युवक अपने को लाइनमैन बताता है और आए दिन वह चोरी छुपे विद्युत केबल काट देता है, जिसे जुड़वाने के 500 रुपये लेता है। महिला ने बताया कि पति ने उसे तार काटते हुए देख लिया। इस बारे में पूछने पर युवक गाली गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट करने पर आमादा हो गया ।

## सत्यापन के लिए डाटा लंबित, निदेशक ने जताई नाराजगी

**कन्नौज।** बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने सभी जिलों के बीएसए को पत्र भेजा है। कहा है कि शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए छात्र-छात्राओं को निशुल्क यूनिफार्म, स्वेटर, स्कूली बैग, जूता-मोजा, स्टेशनरी खरीदने के लिए डीबीटी के जरिए 1200-1200 रुपये दिए जाते हैं। यह धनराशि सीधे विद्यार्थियों के अभिभावकों के खातों में भेजी जाती है। निदेशक ने कहा है कि प्रेरणा डीबीटी ऐप पर जनपद की समीक्षा में पाया गया है कि बड़ी संख्या में बीईओ, बीएसए स्तर पर प्रधानाध्यापकों की ओर से अग्रसारित डाटा का सत्यापन किया जाना लंबित है। साथ ही लाभार्थी के अभिभावकों का बैंक खाता आधार से सीडेड नहीं कराया गया है।

# समाज का आईना होती है निष्पक्ष पत्रकारिता : राज्यमंत्री

संवाददाता गुरसहायगंज, कन्नौज

- कान्यकुब्ज पत्रकार समिति का शपथ ग्रहण समारोह
- राज्यमंत्री ने दिवंगत पत्रकारों को दी भावभीनी श्रद्धांजलि



वरिष्ठ पत्रकार को सम्मानित करते राज्यमंत्री व विधायक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिस प्रकार समाज के विकास और उत्थान में शासन एवं प्रशासन की अहम भूमिका रहती है उसी प्रकार उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों को आईना दिखाने का कार्य पत्रकारिता करती है। समाज के अच्छे बुरे कार्यों को सामने लाकर उनमें सुधार और समस्याओं के निस्तारण के लिए पत्रकारिता प्रमुख स्तंभ है। यह बात सदर विधायक व समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण ने कही।

नगर के तिर्वा रोड पर स्थित गेस्ट हाउस में शनिवार की देर रात कान्यकुब्ज पत्रकार समिति प्रेस क्लब गुरसहायगंज का शपथ ग्रहण व सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें राज्यमंत्री के अलावा छिबरामऊ विधायक अर्चना पांडे, पालिकाध्यक्ष मुन्नी देवी गुप्ता, अपर जिला जज एमपी सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता रामकुमार पाठक ने अध्यक्ष राजीव चौहान, महामंत्री अंशु पंडित, कोषाध्यक्ष नितिन शर्मा को शपथ दिलाई। इसके बाद दिवंगत पत्रकारों को श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। इस मौके पर छिबरामऊ विधायक अर्चना पांडे ने चौथे स्तंभ की कार्य प्रणाली पर प्रकाश डाला। अध्यक्षता कर रहे अपर जिला जज एमपी सिंह व संस्था के संस्थापक अध्यक्ष डा. अरुण तिवारी ने सभी पदाधिकारी को बधाई दी। इस दौरान नगर के समाजसेवी, शिक्षकों व चिकित्सकों को प्रेस क्लब की ओर से सम्मानित किया गया। इस मौके पर क्षेत्रीय मंत्री देवेंद्र कुमार देव, विनय वर्मा, रामवीर कठेरिया, राजीव ठाकुर, मुनीर कुरैशी, इशरत खान, डा. आरके कटियार, स्वेतांक तिवारी, डा. गौरव कटियार, शुभेंदु दुबे, संजू गुप्ता, विमलेन्द्र बघेल, राजीव नयन त्रिपाठी, शकील अहमद, अमित श्रीवास्तव, हरीओम गुप्ता, विजय दुबे, अरुण त्रिपाठी, डा. वाईपी सिंह, अतुल गुप्ता, अमित दुबे, विवेक पाठक, नीरज मिश्रा, शमशाद खान, राकेश दुबे, एसएस मिश्रा, सुशील दुबे, वीके मिश्रा, रामविलास शर्मा, मुन्नी देवी शर्मा, डॉ. आरएस तोमर, विजय दुबे, राकेश कौशल, बृजेश कौशल, बलराम त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप



एक्सप्रेसवे से नीचे गिरकर पलटा ट्रक। अमृत विचार

### एक्सप्रेस वे से नीचे गिरा ट्रक, चालक घायल

**कन्नौज।** आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर जा रहा ट्रक अनियंत्रित होकर नीचे गिरकर पलट गया। घटना में चालक घायल हो गया। एक ट्रक राजस्थान से सरसों का तेल लाद कर पटना जा रहा था। रविवार सुबह करीब पांच बजे ट्रक आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के 180 .600 किलोमीटर थाना तालग्राम के विदीपुर्वा गांव के पास पहुंचा। इसी समय किसी तरह से चालक स्टेयरिंग पर नियंत्रण खो बैठा जिससे अनियंत्रित होकर ट्रक नीचे जाकर पलट गया। घटना मंर चालक घायल हो गया।



ऑटो के कागज देखते ट्रैफिक उपनिरीक्षक रवि नंदन माथुर। अमृत विचार

### 46 वाहनों के किए गए चालान

**छिबरामऊ, कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन में दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए रविवार को बिना लाइसेंस, बिना हेलमेट, नो पार्किंग, तीन सवारी बैठाकर चलने वालों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 46 वाहनों के चालान काटे गए। ट्रैफिक उप निरीक्षक रवि नंदन माथुर ने बताया कि बिना हेलमेट एवं नशे में वाहन चलाने और मोटरसाइकिल पर दो से अधिक सवारी बैठाकर चलने वालों तथा रांग साइड चलने वालों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। रविवार को सुबह से ही टीएसआई ने कस्बे के आस पास चल रहे दोपहिया वाहन एवं ई रिक्शा और कार चालकों के खिलाफ अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले लगभग 46 वाहनों के चालान काटे। वहीं कई वाहन स्वामियों को समझाकर और हिदायत देकर छोड़ भी दिया गया। उनका साफ कहना है कि बाइक पर हेलमेट का प्रयोग जरूर करें और दो से अधिक सवारी बैठाकर बिल्कुल न चले, साथ ही नाबालिग बच्चों को वाहन न चलाने को दें। लगातार चेकिंग अभियान चलाकर ऐसे लोगों को पकड़ा जाएगा और चालान के साथ वाहन को सीज भी किया जा सकता है।

## बीमार महिला की मौत परिजन बोले-हत्या हुई

संवाददाता तिर्वा

- कोतवाली क्षेत्र के किनौरा गांव का मामला

**अमृत विचार।** ससुराल में बीमार महिला की मौत हों गई। मायके पक्ष ने हत्या का आरोप लगाया।

कोतवाली क्षेत्र के किनौरा गांव निवासी अनूप कुमार की पत्नी ममता (34) बीमार थी। उसकी शनिवार को मौत हों गई। सूचना पर पहुंचे मायके वालों ने ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाए। सदर कोतवाली क्षेत्र के साहिल्यापुर गांव निवासी मां गमकली ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बेटी ममता की शादी 2016 में किनौरा गांव निवासी अनूप के साथ की थी। शनिवार को बेटी की मौत की सूचना मिली। ससुरालियों पर हत्या करने की आशंका है। कहा कि शव का पोस्टमार्टम कराकर मामले की जांचकर आगे की कार्रवाई करें। पुलिस ने तहरीर के आधार पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# एक जुलाई से फिर चलेगा स्कूल चलो अभियान, आदेश जारी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- परिषदीय विद्यालयों में विद्यार्थियों का नामांकन बढ़ाने को 15 दिन होंगे प्रयास
- महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने जारी किया पत्र, पहले दिन बच्चों को मीठा व्यंजन मिलेगा

**अमृत विचार।** जनपद में फिर से स्कूल चलो अभियान चलेगा। परिषदीय स्कूलों में नामांकन बढ़ाने के लिए सभी अध्यापक, शिक्षामित्र, अनुदेशक सक्रिय एसएमसी सदस्य घरों में जाकर संपर्क करेंगे। महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने 1 से 15 जुलाई तक का आदेश जारी किया है।

बीएसए संदीप कुमार ने बताया कि बच्चों का नामांकन बढ़ाने, ड्रॉपआउट या ऑउट ऑफ स्कूल बच्चों की सूची बनाकर उनके माता, पिता, अभिभावक के साथ काउंसिलिंग कर बच्चों की विद्यालयों में नियमित उपस्थिति बनाएंगे। विद्यालय परिसर की साफ-सफाई पहले करा ली जाए। खरपतवार व झाड़ियां साफ करा दी जाएं। कक्षा-कक्ष, फर्श, ब्लैक-बोर्ड, फर्नीचर, खिड़की-दरवाजे की धुलाई व दीवारों की सफाई कराई जाए। पहले दिन विद्यार्थियों का रोली-चंदन से तिलक कर पुष्प देकर एवं माला पहनाकर स्वागत किया जाए। मिड-डे मील में बच्चों के लिए मीठा रुचिकर व्यंजन जैसे हलवा या खीर आदि परोसा जाए। बीएसए ने बताया कि सभी शिक्षक पूरे स्टॉफ के साथ मिलकर विद्यालयों को सजाएं व संवारें। वहां पढ़ाई के लिए बेहतर वातावरण बनाएं। घरों में जाकर एडमीशन की संख्या बढ़ाएं।

**निर्देश** | जिलाधिकारी ने दिए निर्देश, बिचौलियों से सावधान रहने की हिदायत

# किसानों का शोषण न होने पाए, पारदर्शिता से हो मक्का खरीद

संवाददाता कन्नौज




कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक लेते जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री व विभागीय अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी ने अधीनस्थों को निर्देश दिए हैं कि किसानों का शोषण किसी भी हालत में होने न पाए। उनकी ग्रीष्मकालीन मक्का को पूरी पारदर्शिता से खरीदा जाए। इसके साथ ही किसान भी बिचौलियों से सावधान रहें।

जिलाधिकारी कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में मक्का खरीद, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि, जल जीवन मिशन के संबंध में बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। कहा कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 (रबी) मक्का खरीद का समर्थन मूल्य 2225/- रुपये प्रति क्विंटल है। मक्का खरीद के लिए जनपद में विपणन शाखा के विकास खण्ड कन्नौज में कन्नौज मण्डी, विकास खण्ड जलालाबाद में जसोदा, विकास खण्ड उमर्दा में तिर्वा मण्डी, विकास खण्ड सौरिख में ग्यासपुर, हरिभानपुर, विकास खण्ड तालग्राम में गुरूसहायगंज, विकास खण्ड छिबरामऊ में छिबरामऊ मण्डी अर्थात कुल 07 केन्द्र बनाये गये हैं। उन्होनें कहा कि किसान मक्का बेचने के लिए fcs.up.gov.in जनसेवा केन्द्र अथवा मोबाइल के माध्यम से अपना पंजीकरण अवश्य करा लें। मक्का खरीद की धनराशि किसानों के खाते में भेजी जायेगी। जिम्मेदारों से कहा कि खरीद केन्द्र पर शुद्ध पेयजल, छाया, बैनर आदि की व्यवस्था होनी चाहिए।

फूड सेफ्टी के संबंध में कहा कि बारिश का आगमन हो चुका हैं। खुले में मांस बिक्री नहीं होनी चाहिए। अभियान चलाकर खाद्य पदार्थो के नमूने भरकर जांच कराई जाए। सराय एक्ट के अन्तर्गत जनपद में कितने ओयो व अन्य होटल पंजीकृत हैं, जहां पर खाना दिया जाता हैं, जांच करें। ऐसे होटल, मॉडल शॉप, नवोदय विद्यालय, आदि प्रतिष्ठानों में खाद्य लाईसेंस अनिवार्य रूप से होना चाहिए। बताया गया कि जनपद में 4100 व्यापारियों के लाईसेंस बनें हैं, जिस पर अधिक से अधिक लाअसेंस बनाने के निर्देश दिए। औषधि निरीक्षक को मेडिकल स्टोर आदि पर प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री रोकने को कहा। ऑक्सीटोक्सीन इंजेक्शन एवं कोरैक्स सीरप बेंचने वाले मेडिकल स्टोर को चिन्हित कर कार्रवाई के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन के संबंध हर घर नल योजना के कार्य में मैनपावर बढ़ाकर दिसम्बर 2025 तक कार्य पूर्ण करने को निर्देशित किया। सभी खण्ड विकास अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में जल जीवन मिशन परियोजना की देखें तथा कमियों के विषय में अवगत कराते हुये पूर्ण करायें। बैठक में अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, जिला विकास अधिकारी नरेन्द्र देव द्विवेदी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## न्यायालय के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** कोतवाली पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर भूमि विवाद को लेकर तीन लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

ग्राम जलालाबाद निवासी दिलीप कुमार पुत्र बाबूराम खटीक ने न्यायालय के आदेश पर दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 16 सितंबर 2019 को उसने संतोष कुमार निवासी खुदलापुर से इकरारनामा कराया। इसके बाद संतोष ने 13 जनवरी 2020 को तेज सिंह पुत्र मोर सिंह निवासी ढाकापुरवा थाना सौरिख के सहयोग से उक्त भूमि का चौथा भाग अपनी पत्नी लक्ष्मी के नाम फर्जी तरीके से बैनामा करवा दिया। जब उसे जानकारी हुई तो इस बात की शिकायत की। इस पर आरोपियों ने 03 मई 2025 को उसके साथ अभद्रता करते हुए लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया।

# पति का इलाज कराने गई महिला, राशन कार्ड कटा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- नए राशन कार्ड के लिए भटक रहे लोग, नहीं मिल रहा समाधान
- महीनों बाद भी नहीं बढ़ते यूनिट, अफसरों के पास पहुंच रहीं कई शिकायतें

**अमृत विचार।** जिले में राशन कार्ड बनवाने व यूनिट बढ़वाने के लिए लोगों को जोर लगाना पड़ रहा है। उसके बाद भी लाभ नहीं मिल रहा है। पंजीकरण कराने के कई महीने बाद भी हाथों में नया राशन कार्ड नहीं मिल सका है। इसको लेकर अफसरों के पास शिकायतें पहुंच रहीं हैं।

ब्लॉक सदर क्षेत्र के गांव हैवतपुर निवासी रामसुरेश की पत्नी गीता देवी ने बताया कि उसका राशन कार्ड बना है। पति की तबियत खराब होने के कारण वह 2 महीने के लिए इलाज कराने बाहर चली गई। इसी दौरान उसका राशन कार्ड काट दिया गया। उसने कार्ड शुरू कराने को गुहार लगाई है। ब्लॉक गुगरापुर क्षेत्र के गांव सेंगरमऊ निवासी रामनिवास ने बताया कि उसका राशन कार्ड बना है। इसमें पुत्री दिव्यांशी यादव का नाम बढ़वाना चाहता हैं इसके लिए लॉनलाइन आवेदन भी कर दिया है लेकिन नाम नहीं बढ़ रहा है। विकास खंड जलालाबाद इलो के गांव मतौली निवासी अभिषेक कुमार की पत्नी प्रियांशी ने बताया कि छह महीने से राशन कार्ड के लिए दो बार आवेदन किया है उसके बाद भी राशन कार्ड नहीं बना। जब वह कार्यालय पहुंचती है तो कोई न कोई समस्या बता दी जाती है। कन्नौज सदर क्षेत्र के ग्राम नेरा निवासी अर्जुन सिंह ने बताया कि राशन कार्ड के आवेदन की पावती रसीद है लेकिन लाभ नहीं मिला है।

# नव आचार्य प्रशिक्षण शिविर का हुआ शुभारंभ

## शिक्षा के माध्यम से समाज को सुसंस्कारित कर रही विद्या भारती : सांसद

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद




संबोधित करते सांसद मुकेश राजपूत। अमृत विचार



नव आचार्य प्रशिक्षण शिविर में भावी आचार्यगण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विद्या भारती द्वारा संचालित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज श्यामनगर में विद्या भारती पूर्वी उत्तरप्रदेश के भारतीय शिक्षा समिति कानपुर प्रांत द्वारा आयोजित नवचयनित आचार्य प्रशिक्षण का उद्‌घाटन हुआ।

विद्या भारती के क्षेत्रीय संगठन मंत्री राममनोहर , सांसद मुकेश राजपूत, विद्या भारती कानपुर प्रांत उपाध्यक्ष मीरा वर्मा ,प्रदेश निरीक्षक अयोध्या प्रसाद सिंह, संभाग निरीक्षक अजय ,रामकरन , विद्यालय कोषाध्यक्ष गुरुविंदर सिंह प्रधानाचार्य रामकृष्ण बाजपेई, श्रीनारायण ने मां सरस्वती के पट् पर दीपप्रज्वलन,पुष्पार्चन व मां सरस्वती की वंदना से हुआ। सरस्वती वंदना के उपरांत विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीनारायण मिश्र द्वारा अतिथियों का परिचय एवं स्वागत एवं अभिनन्दन अंगवस्त्र व श्रीफल भेंट करके किया गया ।प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में क्षेत्रीय संगठन मंत्री राममनोहर ने शिक्षा विषय को लेकर प्रशिक्षार्थियों से चर्चा परिचर्चा के साथ उद्बोधन प्रारम्भ किया और कहा संसार की सबसे पवित्रतम वस्तु ज्ञान है ज्ञान से ही मानव महामानव बन सकता है । पृथ्वी पर चार अवस्थाएं हैं जिनमें पदार्थ,प्राण ,जीव एवं ज्ञान अवस्था है। मनुष्य को ज्ञान की आवश्यकता है वह जिज्ञासु प्रवृत्ति का होता है जिसके लिए शिक्षा प्राप्त करता है शिक्षा के द्वारा करुणा, दया,क्षमा उदारता विनम्रता आदि गुणों का विकास होता ,शिक्षा से समर्पण आता है ।पिछले 100वर्षो के आंकड़े इकट्ठे किये जाये तो जानकारी मिलती है कि शिक्षा का स्तर बड़ा है शिक्षित लोगों की संख्या बड़ी है विद्यालय, कालेज, विश्वविद्यालय बड़े हैं फिर भी समाज में आपसी सम्बन्ध बिगड़े,अनाचार अत्याचार बड़ा है क्यों ? इस विषय को लेकर सुधारात्मक समाधान सुझावों से भी अवगत कराया।सांसद ने कहा कि समाज को सुसंस्कारित बनाने का कोई काम कर रहा है वह एक मात्र शिक्षण संस्थान विद्या भारती के विद्यालय एवं आप सब करते हैं एवं प्रशिक्षार्थियों को अभिनंदन एवं शुभकामनाएं भी दी।प्रशिक्षण वर्ग में प्रधानाचार्य आशीष दीक्षित ,बलराम सिंह ,रत्नेश अवस्थी ,गजेन्द्र सिंह , शिवसिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## सड़क दुर्घटनाओं में 9 लोग घायल दो की हालत गंभीर

**कायमगंज ।** कायमगंज क्षेत्र में अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें दो की हालत गंभीर है।

कायमगंज नगर के मोहल्ला गंगा दरवाजा निवासी वर्षा (22) पुत्री अनिल कंम्पिल थाना क्षेत्र के गांव नगला फुलू निवासी अवधपाल का 8 वर्षीय पुत्र कृष्णा नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव पहाड़पुर मिल्किया निवासी भारत सिंह (45) व भारत सिंह की 19 वर्षीय पुत्री रंजना कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव जौरा निवासी आदित्य (19) व अनिकेत (22) पपड़ी मिल्किया निवासी मुन्नी देवी (40) पत्नी जलधारी लाल क्षेत्र के गांव लखनपुर निवासी गुंजन (19) पुत्री जय सिंह व कंम्पिल नगर के मोहल्ला चौधरान निवासी रामेश्वर (50) घायल हो गए। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया गया।

## सार-संक्षेप



रामलीला कमेटी के पदाधिकारी। अमृत विचार

### रामलीला मंच की बैठक में पदाधिकारियों को दी जिम्मेदारी

**फर्रुखाबाद ।** रविवार को आदर्श रामलीला मंडल मानस मंच की वार्षिक आम बैठक का आयोजन भारतीय पाठशाला में संपन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता जयप्रकाश गुप्ता द्वारा की गई। इस वार्षिक बैठक में अध्यक्ष उदाहरण नई कार्यकारिणी एवं पिछली वित्तीय वर्ष की आय व्यय की कार्यवाही की पुष्टि की गई। आदर्श रामलीला मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश गुप्ता द्वारा बताया गया कि सभी सदस्यों की आम सहमति के अनुसार राजेश कसेरे को मंत्री के रूप में चुना गया। पूर्व मंत्री पूर्व सभासद प्रबल त्रिपाठी को उपाध्यक्ष के रूप में कार्यकारिणी में स्थान दिया गया है। संजीव नारायण दीक्षित को कोषाध्यक्ष सूर्य प्रकाश भारद्वाज को संयोजक दीपक मिश्रा को बारात संयोजक एवं श्याम सुंदर गुप्ता को बारात सह संयोजक की जिम्मेदारी दी गई है। बैठक का संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रशांत दीक्षित ने किया। नवनिर्वाचित आदर्श रामलीला मंडल मंत्री राजेश कसेरे ने बताया रामलीला के मंचन को और अधिक आधुनिकीकरण देने के लिए कई विषयों पर चर्चा की गई है।इस दौरान बैठक में पूर्व सभासद रामनिवास गुप्ता नारद कौशल किशोर दुबे किशन कुमार कसेरे लल्ला पांडे कालीचरण मिश्रा अखिलेश बाजपेई सुनील शुक्ला मोहित शुक्ला अनुज शुक्ला सोना वर्मा रवि बाजपेई पीयूष कसेरे आकाश कसेरे मदन मोहन एवं शिवांग रस्तोगी आदि लोग मौजूद रहे।

### मधुमक्खियों के हमले से महिला गंभीर घायल

**कायमगंज।** कोतवाली क्षेत्र में एक महिला पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। कोतवाली क्षेत्र के गांव इनायत नगर निवासी अनीता (25) पत्नी संतोष कुमार पर मधुमक्खियों ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उसके चीखने पर आसपास के लोग व परिजन उधर दौड़कर मौके पर पहुंचे और धुआं आदि कर उसे किसी तरह बचाया और आनन-फानन में परिजनों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज हो रहा है।



स्वर्ग धाम पर निरीक्षण करते पदाधिकारी। अमृत विचार

### स्वर्ग धाम पर अवैध वसूली करने वालों को हटाया गया

**फर्रुखाबाद ।** स्वर्ग धाम सेवा दल के पदाधिकारियो ने पांचाल घाट पर बैठक आयोजित की । इस दौरान पांचाल घाट स्थित स्वर्गधाम को लेकर स्वर्गधाम पर चल रहे कार्यों की समीक्षा हुई एवं आगे के लिए कराये जाने वाले कार्यों पर चर्चा के साथ ही सभी सफाई कर्मियों को कड़ाई से हिदायत दी गई। इस दौरान सेवा दल के पदाधिकारी ने कहा कि कोई भी निर्धारित शुल्क साफ-सफाई का 250 रुपए से अधिक नहीं लेगा, तथा गंगा जी में बिसरा सिराने के लिए सभी नाववालों को भी सख्त हिदायत दी गई 100 रुपए से अधिक कोई नहीं लेगा ,उन्होंने कहा कि कई दिनों से शिकायतों के दोषी एक सफाई कर्मी को वहां काम करने से हटा दिया गया और दो नाववालों को भी अधिक पैसे लेने के कारण घाट से हटाया गया स्वर्गधाम पर किसी भी प्रकार की अवैध वसूली के विरुद्ध कठोर कार्रवाई का भी निर्णय लिया गया। इस दौरान बैठक में जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी से भी स्वर्गधाम से संबंधित कार्यों के लिए मिलने का निर्णय लिया गया आज की बैठक में सम्मिलित होने वाले सभी अपने बड़ों का और भाइयों का बहुत-बहुत हृदय से आभार व्यक्त किया।

### होमगार्ड को धमकाने वाले युवक को किया गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद ।** पुलिस ने होमगार्ड को धमकाने वाले शाहरुख खान को गिरफ्तार कर लिया। न्यायालय ने अदालत में पेश होने वाले आरोपी शाहरुख खान को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। मऊ दरवाजा थानाध्यक्ष बलराज भाटी ने उप निरीक्षक अजय सिंह एवं सिपाही संदीप के सहयोग से शाहरुख खान को हथियापुर तिराहे के निकट गिरफ्तार किया। होमगार्ड को धमकाने से इनकार करते हुए शाहरुख खान ने पुलिस को बताया कि वह जनपद कन्नौज के पीडब्लूडी विभाग में क्लीनर पद पर तैनात है। थानाध्यक्ष बलराज भाटी ने चार्ज लेने के बाद आदर्श थाना मऊदरवाजा की धूमिल छवि को बरकरार रखा उनके चार्ज लेते समय थाने में कई लोग सक्रिय थे और वह अक्सर थाने में ही मौजूद रहते थे, पीड़ित को थाने के बाहर ही उससे बात करने के बाद उसे अंदर लाते थे थानाध्यक्ष ने इस तरह के लोगों को भगा दिया थानाध्यक्ष सभी पीड़ितों की समस्याओं को समझ कर निपटाने से थाने में भीड़ नहीं लगती है। थाना मऊदरवाजा के ग्राम नूरपुर निवासी होमगार्ड अनिल कुमार जाटव पुत्र रामनरेश जाटव ने थाना मऊदरवाजा के ग्राम ढिलावल निवासी शाहरुख खान पुत्र नियामत खान के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

### बीएनएस में वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद।** पुलिस अधीक्षक आरती सिंह के मार्गदर्शन और अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. संजय सिंह व क्षेत्राधिकारी अमृतपुर अजय वर्मा के कुशल नेतृत्व में थाना कमालगंज पर पंजीकृत बीएनएस में वांछित आरोपी हासिम पुत्र साविर निवासी ईशापुर थाना कमालगंज को गिरफ्तार कर कार्यवाही की जा रही है ।थाना कमालगंज पर हासिम व अन्य परिवारीजनों द्वारा बहन के साथ गाली-गलौज व मारपीट कर मानसिक प्रताडित करना जिससे बहन द्वारा विवश होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने के सम्बन्ध में तहरीर प्राप्त हुई। तहरीर के आधार पर थाना कमालगंज पर बीएनएस बनाम हासिम सहित तीन के खिलाफ पंजीकृत कर विवेचना में आरोपी हासिम पुत्र साविर निवासी ईशापुर थाना कमालगंज को गिरफ्तार कर कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त हासिम ने अपने जुर्म से इनकार किया है ।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक बलबीर सिंह सचिन कुमार मौजूद रहे ।

# राशन कोटेदार उड़ा रहे आदेशों की धज्जियां

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** भारत सरकार व प्रदेश सरकार गरीबों को लेकर नए-नए नियम निकाल रही है और गरीब व्यक्तियों के लिए भारत सरकार फ्री में राशन उपलब्ध करवा रही हैं और कोटेदारों को भी उसका कमीशन समय से भेजा जा रहा है। इसके बावजूद कोटेदार कार्ड धारकों से 500 ग्राम से लेकर 1 किलो तक प्रति यूनिट राशन काट कर दे रहे हैं।

ऐसा ही मामला जनपद की सदर तहसील के सदर ब्लॉक और नगरी क्षेत्र में घटतोली का धंधा काफी तेजी से चल रहा है और जब राशन कार्ड धारक कोटेदार से शिकायत करता है तो उसे राशन न देने और राशन कार्ड धारक कार्ड निरस्त कराने की धमकी दे रहे हैं । राशन कार्ड धारक इसके चलते शिकायत नहीं कर पा रहा है और वह प्रत्येक माह मिलने वाले राशन में खुलेआम कटौती कर रहा है। यही नहीं माह में दो बार मिलने वाले राशन को भी कोटेदार जिन राशन कार्ड धारकों को नहीं मालूम है उनका राशन बाजार में बेच रहे हैं जहां कार्ड धारकों ने अपना नाम न रखने के साथ में बताया कि अगर नाम अपना पेपर में छपा देंगे तो कोटेदार कार्ड ही कटवा देगा । जब कोटेदार ई पॉश मशीन पर अंगूठा लगवाता है तो इलेक्ट्रॉनिक कांटे से वजन पूरा कर देता है उसके बाद राशन आधा किलो प्रति यूनिट काट कर देता है। इतना ही नहीं अंत्योदय कार्ड धारकों को भी 31 किलो 32 किलो ही राशन प्राप्त होता है। देखने वाली बात यह है कि कोटेदार प्रति यूनिट आधा से एक किलो राशन कम देता है और प्रशासन इस पर ध्यान नहीं दे रहा है। पॉश मशीन से निकलने वाली पर्ची तक नहीं दे रहे हैं ।

# भारतीय संस्कृति का मूल है नृत्य और संगीतः डॉ. वंदना

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद



कत्थक नृत्य का प्रशिक्षण देती डा .वंदना द्विवेदी,अभ्यास करती छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भारतीय शास्त्रीय नृत्य शैली कथक को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से बिरजू महाराज कथक संस्थान लखनऊ (संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार) के तत्वावधान में जारी ग्रीष्मकालीन कथक नृत्य कार्यशाला (2025-26) का समापन ज्ञानफोर्ड स्कूल, आवास विकास कॉलोनी, फर्रुखाबाद में हुआ ।

सात दिवसीय कार्यशाला का संचालन कथक प्रशिक्षिका अंजलि चौहान के द्वारा किया, जो कथक में विशिष्ट अनुभव रखती हैं एवं हाल ही में उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ के द्वारा बच्चों को सफलतापूर्वक कथक नृत्य कार्यशाला का प्रशिक्षण दिया है। कार्यशाला 14 से 21 जून 2025 तक आयोजित की गई , जिसमें विभिन्न आयु वर्ग के सहभागियों ने कथक की परंपरागत तकनीकियां ताल, भाव, मुद्रा, एवं प्रस्तुति की बारीकियां सीखीं। कार्यशाला के समापन पर बिरजू महाराज कथक संस्थान, लखनऊ और संस्कृति विभाग, उ.प्र. की ओर से प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया जो अत्यंत महत्वपूर्ण है । इस दौरान कार्यशाला के समापन पर मुख्य अतिथि आकांक्षा समिति की अध्यक्ष डॉ वन्दना द्विवेदी ने कहा कि संगीत और नृत्य से आत्मिक शान्ति मिलती है । कत्थक उत्तर प्रदेश का प्रमुख नृत्य है बिरजू महाराज कत्थक संस्थान पूरे राष्ट्र में प्रतिष्ठा का केंद्र है। कार्यशाला में बच्चों की प्रतिभाओं को निखारने का कार्य हुआ है जो आज की प्रस्तुतियों से परिलक्षित हुआ है जिसे निरन्तर अभ्यास और साधना से निखारे जाने की आवश्यकता है ।इस अवसर पर बोलते हुए रश्मि सिंह ने कहा कि किसी भी साधना में गुरु का महत्व है और इस दायित्व को अंजलि चौहान ने अत्यंत सफलता से निभाने का प्रयास किया है । रिवेम्प इंडिया फाउंडेशन के वैभव राठौर ने कहा कि आज कला के क्षेत्र में प्रतिभाओं को बड़ा सम्मान मिल रहा है। ये न सिर्फ आनंद का बल्कि प्रशिक्षण और प्रदर्शन की दृष्टि से रोजगार का भी माध्यम बन रहा है । सभी नृत्य प्रेमी विद्यार्थी एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए अंजलि चौहान ने कहा कि वे इस साधना में सदैव सहयोग करने के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि इस अवसर का लाभ बच्चों को मिला है और अपेक्षा है कि भारतीय शास्त्रीय कला से जोड़ने के लिए ये कार्यक्रम नियमित चलते रहेंगे। इस मौके पर श्री कृष्ण सिंह चौहान ,विमल राठौर ,जसवीर राठौर ,रश्मि सिंह ,शाश्वत सोमवंशी भूपेन्द्र प्रताप सिंह ,निहारिका पटेल ,अन्जू सिंह ,शान्तनु कटियार समेत अनेक प्रतिभागी और अभिभावकों की उपस्थिति रही ।

# सीएमएस पर हमले के प्रयास में नर्स सहित चार पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

- प्रकरण की जानकारी नगर मजिस्ट्रेट, सीएमओ को दे दी
- 18 जून की सायं आवास का घेराव, तोड़-फोड़ का प्रयास

**अमृत विचार।** लोहिया अस्पताल में परिचारिका पद पर तैनात नर्स ने गलत तरीके से आवास आवंटित करने का दबाव बनाते हुए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के सामने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का ड्रामा किया। इसके बाद उसके साथ ही कुछ लोगों न हंगामा किया, इमरजेंसी सेवाएं ठप करने का प्रयास किया बच्चों के चिकितसा अधीक्षक पर हमले का प्रयास किया। जिस पर सी एम एस ने पुलिस को तहरीर दी और वरिष्ठ अधिकारियों को भी अवगत कराया। पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

सीएमएस ने दी गई तहरीर में अवगत कराया कि 17 जून को विदेह कुमारी के साथ समूह में कार्यालय में आये तथा मोबाइल से वीडियो बनाते हुए कार्यालय में आकर दवाब बनाकर पुनः आवास आवंटन कराया, जिसको 18 जून को निरस्त कर दिया गया। आरोपी अस्पताल में उपचारिका के साथ उसके आवास पर रहते हैं। यह लोग ओपीडी के कक्ष सं.-12 में विदेह कुमारी के साथ धमकाने व डराने के उद्देश्य से आये तथा विदेह कुमारी के द्वारा गले में फंदा लगाते हुए आत्महत्या किये जाने की धमकी दी गई। उनके साथ आये समूह ने उनको रोकने या बचाने की जगह उकसाने का काम किया।

इस दौरान अस्पताल परिसर में सीनियर नेत्र परीक्षण अधिकारी के द्वारा मकान का आग्रह किया तो फिर संबंधित आवास को सीनियर नेत्र परीक्षण अधिकारी को एलाट कर दिया गया। जिसके बाद पुनः यह सभी लोग कार्यालय में आकर धमकी दे रहे हैं, लोहिया अस्पताल परिसर में 18 जून की सायं को आवास का घेराव, तोड़-फोड़ एवं मुझ पर हमले का भी प्रयास किया गया। इसके बाद यह लोग इमरजेन्सी गये एवं इमरजेन्सी सेवाओ को बाधित किया, ड्यूटी पर तैनात स्टाफ से अभद्रता की। ।एक दर्जन से अधिक असामाजिक तत्वों को बुलाकर बबाल कराने की कोशिश की और मेरे पद की छवि को धूमिल करने का भी प्रयास किया गया। इस दौरान मेरे द्वारा थानाध्यक्ष आमोद सिंह को तत्काल फोन कर बुलाया गयाइमरजेन्सी सेवाओं को चालू कराया । बीस जून को ये लोग फिर आये और हंगामा किया। इस दौरान समूह के लोगों से नोंक-झोंक भी हुई। पुलिस ने विदेह कुमारी सहित चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी ।

## बारिश से फसलों को फायदा, उमस से मिली राहत

**फर्रुखाबाद ।** चिलचिलाती धूप से जहां लोग बिलबिला रहे थे तभी दोपहर बाद हल्की बारिश से आसपास के गांवों के किसानों को ज्यादा लाभ नहीं फिर भी गर्मी से राहत मिली और फसलों को भी फायदा हुआ है लेकिन हवाएं चल रही थीं।

गर्मी को झेलने के बाद रविवार को बारिश हुई। लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली। बारिश से फसलों को फायदा हुआ है। विगत दिनों से भीषण गर्मी पड़ रही है। रविवार को दोपहर बाद हुई बारिश से लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली। वहीं बारिश के कारण फसलों को फायदा हुआ। गर्मी के कारण किसानों की फसलें सूख रहीं थीं। किसान फसलों को सूखने से बचाने के लिए सिंचाई करते -करते परेशान थे। इस पर बारिश से फसलों को फायदा हुआ।

# पुलिस ने आर्म्स एक्ट में एक को किया गिरफ्तार

कार्यालय समाचार, फर्रुखाबाद

- डबल बैरल 12 बोर बन्दूक ,2 खोखा कारतूस बरामद
- आदर्श कुमार को गिरफ्तार कर कार्यवाही की जा रही है

**अमृत विचार।** थाना मेरापुर पुलिस द्वारा एक आरोपी को एक डबल बैरल 12 बोर लाइसेंसी बन्दक टूटी हुई व 02 खोखा कारतूस 12 बोर सहित गिरफ्तार किया है ।

पुलिस अधीक्षक आरती सिंह के मार्गदर्शन पर अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. संजय सिंह व क्षेत्राधिकारी कायमगंज संजय वर्मा के नेतृत्व में थाना मेरापुर पुलिस बल द्वारा आर्म्स एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त को 01 डबल बैरल 12 बोर लाइसेन्सी बन्दूक टूटी हुई व 02 खोखा कारतूस 12 बोर सहित गिरफ्तार कर कार्यवाही की जा रही है।

आदर्श कुमार मिश्रा पुत्र चन्द्र प्रकाश मिश्रा निवासी ग्राम कुबेरपुर जुन्नारदार थाना मेरापुर को आशुतोष मिश्रा पुत्र देवेन्द्र कुमार मिश्रा (ग्राम प्रधान) ग्राम कुवेरपुर जुन्नारदार थाना मेरापुर द्वारा थाना में तहरीर दी कि आदर्श कुमार मिश्रा द्वारा अपने चाचा की लाइसेंसी बन्दुक से उसके ऊपर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया व अन्य लोगो द्वारा गाली-गलौज कर मारपीट की गयी है। तहरीर के आधार पर थाना मेरापुर पर आर्म्स एक्ट बनाम आदर्श कुमार मिश्रा पुत्र चन्द्र प्रकाश मिश्रा निवासी ग्राम कुबेरपुर जुन्नारदार थाना मेरापुर जनपद फतेहगढ़ आदि 03 नफर पंजीकृत कर अभियुक्त आदर्श कुमार मिश्रा उपरोक्त को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। आरोपी आदर्श कुमार मिश्रा से पूछताछ करने पर अपनी गलती ने मानी। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

इंतजार | 1942 से संचालित रही पुलिस चौकी फिर से आबाद होगी

# पुलिस चौकी का नया भवन तैयार, उद्‌घाटन की आस

संवाददाता अमृतपुर




उद्‌घाटन के इंतजार में नवीन कस्बा चौकी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अमृतपुर कस्बे में अंग्रेजी जमाने में संचालित पुलिस चौकी का विभाग द्वारा जीर्णोद्धार कराया गया। यह नए भवन के साथ पुलिस चौकी का अब तक उद्‌घाटन नहीं हो सका।

अमृतपुर में थाना बनने के बाद यह पुलिस चौकी बंद पड़ी थी। भवन खंडहर मे तब्दील हो चुका था। ग्रामीणों की पहल पर विभाग की नींद खुली और इस पुलिस चौकी के दिन बहुरने लगे। पुलिस विभाग द्वारा चौकी की जमीन की पैमाइश कराकर अपनी जमीन की बाउंड्रीवाल कराकर चौकी का नया भवन बनाकर तैयार कर दिया है। सन् 1942 से संचालित रही यह पुलिस चौकी फिर से आबाद होगी। यहां पर न्याय की उम्मीद लेकर आने वाले फरियादियों को फिर से न्याय मिलेगा। इस समय अमृतपुर पुलिस चौकी तहसील परिसर में बने आवासों में अस्थाई रूप से संचालित है। परंतु उद्‌घाटन की आस में तैयार खड़ा पुलिस चौकी का नया भवन अपनी उपयोगिता को सिद्ध नही कर पा रहा है।

एक बार उद्‌घाटन के लिए सारी तैयारियां होने के बाद भी तत्कालीन एसपी आलोक प्रियदर्शी के न पहुंच पाने से उद्‌घाटन टाल दिया गया था। तब से लेकर आज तक यह तहसील भवन अपने उद्‌घाटन का इंतजार कर रहा है। सन् 1990 में अमृतपुर में थाना अस्तित्व मे आया।

जो अमृतपुर कस्बे से चौकी से 2 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। नव निर्मित पुलिस चौकी का भवन बनकर पूरी तरह तैयार खड़ा है। वहीं स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि तहसील परिसर में बने आवासों मे अस्थाई रूप से चल रही अमृतपुर पुलिस चौकी का जब अपना नया भवन तैयार खड़ा है तो इस नव निर्मित भवन का उद्‌घाटन करने के बाद अमृतपुर पुलिस चौकी को इसी मे स्थापित कर देना चाहिए जिससे अमृतपुर पुलिस चौकी अपने निजी भवन में संचालित हो सके।

## सल्फास खाने से युवक की मौत

**कायमगंज।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र में एक युवक ने संदिग्ध हालत में सल्फास का सेवन कर लिया। जिससे उसकी मौत हो गई।

कोतवाली क्षेत्र के गांव जौरा निवासी ओमकार (35) ने संदिग्ध हालत में सल्फास का सेवन कर लिया। जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई और जब उल्टियां होने पर परिजनों को जानकारी हुई तब गंभीर हालत मे परिजन युवक को व सल्फास की डिब्बी को साथ में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज लाये जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर अमित कुमार ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। लेकिन जब परिजन उसे लोहिया अस्पताल के लिए ले जा रहे थे। तभी रास्ते मे युवक ने दम तोड़ दिया। यह देखकर परिजनों में

# बारिश होते ही अस्पताल में टाइफाइड व मलेरिया के मरीजों की संख्या बढ़ी

संवाददाता अमृतपुर



मरीज को दवा देते डॉक्टर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमृतपुर में रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया।

मेले में आए कुल 184 मरीजों की जांच कर दवा वितरित की गई। मेले में 41 मरीजों की जांच की गई। जिसमे टाइफाइड के 8 , मलेरिया के 10 , हेमोग्लोबिन के 2, डायबिटीज के 16 एवं टीबी के पांच मरीजों के सैंपल लेकर जांच की गई। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर कम से कम 20 से 30 किलोमीटर तक की दूरी के मरीज दवाई लेने आते हैं। डॉक्टर गौरव वर्मा ने बताया है कि प्रत्येक रविवार को जन आरोग्य मेले का आयोजन सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाता है। जिसमें आज 184 मरीजों को दवाई का वितरण किया गया। पुरुष तथा महिलाओं ने रोग के अनुसार औषधि प्राप्त की। सर्वाधिक बच्चे देखे गए जो इंफेक्शन,डायरिया, लूज मोशन सहित अन्य बीमारियों से ग्रसित थे। वहीं आयुर्वेद चिकित्सिका डॉ. शैफाली भदौरिया ने 30 मरीजों को जांच कर उन्हें दवा वितरित की। अधिकतर मरीज उल्टी, दस्त, बुखार, पेटदर्द, से पीड़ित रहे।

# बारिश के बाद किसानों ने शुरू की खेती की तैयारी

## जून की बारिश से धान उत्पादक किसानों में खुशी की लहर, किसानों ने धान की नर्सरी के साथ बाजरा की बुआई की तैयारियां शुरू की

कार्यालय संवाददाता इटावा

- मूंग और मक्का की फसल को हुआ नुकसान
- कुछ किसानों की मूंग की फसल कटकर खेत में पड़ी थी


धान की नर्सरी के लिए खेत को तैयार करते किसान। अमृत विचार


खेतों में पड़ी मूंग की फसल।

**अमृत विचार** । मंगलवार की शाम से रुक रुक कर हो रही बारिश से किसान खुश हैं। यह बारिश धान की खेती के लिए तैयार की जा रही नर्सरी के लिए काफी उपयोगी है, इससे धान उत्पादक किसान काफी खुश नजर आ रहा है। इसके साथ ही इस बारिश को बाजरा, उड़द, मूंग और अरहर की खेती के लिए भी उपयोगी माना जा रहा है। बारिश के बाद किसान खरीफ की फसल के लिए खेत तैयार करने में जुट गए है। किसान चाहते हैं कि अभी कुछ और बारिश हो जाए तो उनकी नर्सरी अच्छी तरह से तैयार हो जाए तथा खेत तैयार करने में भी मदद मिले। लेकिन जायद की फसल में मूंग व मक्का पैदा करने वाले किसान परेशान है। क्योकि काफी किसानों के खेतों में मूंग व मक्का की फसल खडी है। बरसात से मूंग की फसल को नुकसान होने की आशंका पैदा हो गई है।

किसानों का कहना है कि जून की यह बारिश खेती के लिए उपयोगी है। आगे भी अगर मौसम ने साथ दिया तो धान की अच्छी पैदावार इस साल होने की उम्मीद है। जिले में खरीफ की फसल 1 लाख 6000 हेक्टेयर में बोई जाती है और इसमें सबसे ज्यादा लगभग 60000 हेक्टेयर में धान की खेती होती है। जिले में जुलाई के महीने में धान की रोपाई की जाती है और धान की रोपाई से पहले धान की नर्सरी तैयार की जाती है। नर्सरी तैयार करने का काम मई के अंत और जून की शुरुआत में चालू हो जाता हैं। इसके लिए काफी पानी की जरूरत पड़ती है। इन दिनों जून में जब नर्सरी तैयार हो रही है ऐसे में बारिश हो जाने से इस धान की नर्सरी को काफी मदद मिलेगी और किसानों का पानी का खर्चा बच जाएगा। किसानों का कहना है कि अभी कुछ और बारिश हो जाए तो यह फसल के लिए अच्छा है। इसके साथ ही किसानों ने अपने खेतों की जुताई भी शुरू कर दी है ताकि वे फसल बोने के लिए खेतों को तैयार कर सकें। एक सप्ताह पहले भीषण गर्मी से लोग परेशान थे और बारिश की दुआ कर रहे थे। इंद्रदेव ने किसानों की सुन ली और मंगलवार से लेकर रविवार तक रुक-रुक कर जो बारिश हो रही है वह खेती के लिए उपयोगी है। इस सम्बंध में उप निदेशक कृषि आरएन सिंह ने बताया कि यह बारिश धान के लिए अनुकूल है। जिन किसानों की धान की नर्सरी तैयार हो गई है वह अपने खेतों में धान की रोपाई शुरू कर सकते हैं। बाजरा की बुआई के लिए अभी समय है।

**महेवा प्रतिनिधि के अनुसार** पिछले कई दिनों से हो रही बारिश ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। कई गावों के किसानों की मूंग एवं मक्का बारिश में भींग गई जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान हुआ । गांव उझियानी निवासी किसान की 10 बीघा में उगाई गई मूंग की फसल काटकर खेत में पड़ी थी लेकिन शनिवार को तेज बारिश के चलते पूरी फसल भीग गई ग्राम उझियानी के किसान नरेश तिवारी का कहना है मूंग की फसल काटकर सूखने के लिए खेत में डाली गई थी लेकिन मौसम की मार से उसे भारी नुकसान पहुंचा है।

अब फसल का दाना खराब होने की आशंका है खेत में पानी भर गया है जिससे फसल को पलटकर सुखाया भी नहीं जा सकता तथा दाना सड़ने की संभावना बढ़ गई है।

# रात और दोपहर में उमस भरी गर्मी में बिजली ने किया बेहाल

कार्यालय संवाददाता इटावा

- महेवा के एक सैकड़ा गांवों की दस घंटे बिजली रही गुल

**अमृत विचार** । रविवार को सुबह निकली धूप और उमस भरी गर्मी ने लोगों को परेशान किया। शनिवार की रात और रविवार की दोपहर बिजली की आंख मिचौली जारी रही।

रविवार को सुबह से ही धूप निकल आई उमस थी। इसके कारण लोग सड़कों पर भी कम ही निकले। दोपहर में अचानक बादल हुए और 2बजे आधे घंटे की बरसात हो गई, लेकिन उसके बाद फिर उमस लोगों को परेशान करने लगी। शाम को आसमान में बादल तो छाए रहे लेकिन बारिश नहीं हुई और उमस रही । वहीं उमस भरी गर्मी के बीच बिजली भी लोगों की कड़ी परीक्षा लेती रही।

शनिवार की रात में भी बिजली की आवाजाही ने लोगों को परेशान किया। इसके चलते लोगों की नींद पूरी नहीं हो पाई। इसके बाद दोपहर को भी बिजली आती जाती रही। चौगुर्जी व सिविल लाइन की बिजली दोपहर को करीब दो घंटे तक फाल्ट के कारण गायब रही। इस उमस भरी गर्मी में लोगों को बिना बिजली के ही गुजारा करना पड़ा। शहर में स्थित मैनपुरी फाटक, गुरु तेग बहादुर तथा इंजीनियरिंग कॉलेज फीडर में फाल्ट के कारण शनिवार की रात को भी बिजली की सप्लाई बंद रही। मैनपुरी फाटक क्षेत्र में रात करीब 1 घंटे तक बिजली सप्लाई बंद रही, जबकि गुरु तेग बहादुर फीडर में केबल में फाल्ट हो जाने के कारण 2 घंटे तक बिजली की सप्लाई बंद रही। इसी तरह इंजीनियरिंग कॉलेज फीडर के क्षेत्र में फाल्ट के कारण डेढ़ घंटे तक बिजली सप्लाई बंद रही। महेवा प्रतिनिधि के अनुसार विद्युत लाइन फॉल्ट में आ जाने से एक सैकड़ा से अधिक ग्रामों की बिजली आपूर्ति करीब 10 घंटे बाधित रही।

# विवाहिता की मौत के मामले में 7 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता जसवंतनगर इटावा

- दहेज की प्रताड़ना से त्रस्त होकर फांसी लगाकर दी जान

**अमृत विचार** । क्षेत्र के ग्राम भारद्वाजपुरा में शनिवार को एक विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना के बाद मृतका के भाई की तहरीर पर ससुराल पक्ष के सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

मृतका के भाई धर्मेंद्र ने बताया कि उसकी बहन लक्ष्मी की शादी 2 मई 2022 को भारद्वाजपुरा निवासी अजय कुमार से हुई थी। शादी में परिजनों ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दो लाख रुपये नकद तथा सोने-चांदी के आभूषण दिए थे। बावजूद इसके ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज में एसी, टीवी व अन्य सामान की मांग कर रहे थे। जब लक्ष्मी दहेज की मांग का विरोध करती थी, तो उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। धर्मेंद्र ने बताया कि 20 जून को जब लक्ष्मी ने मायके फोन कर शिकायत करनी चाही तो ननद खुशी ने उसका फोन छीन लिया। अगले दिन 21 जून को गांव से सूचना मिली कि लक्ष्मी की मौत हो गई है। जब परिजन मौके पर पहुंचे तो लक्ष्मी का शव के बरामदे में पड़ा मिला। मौके पर पहुंची सीओ आयुषी सिंह ने बताया कि मृतका के भाई धर्मेंद्र की तहरीर पर मृतका के पति अजय कुमार, ससुर नेत्रपाल, सास मिथिलेश, ननद खुशी, देवर विजय, पति के मामा अखिलेश व लोकेश के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

# पत्नी पर लगाया उत्पीड़न का आरोप

**जसवंतनगर।** नगर के मोहल्ला रेलमंडी निवासी एक दिव्यांग युवक ने पत्नी पर उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। युवक का आरोप है कि पत्नी ने नींद में उसके सिर पर हमला कर उसे घायल कर दिया और फरार हो गई। पीड़ित दिव्यांग विपिन ने बताया कि 5 जुलाई 2024 को फिरोजाबाद में एक ट्रक से टक्कर हो जाने के कारण उसका बायां पैर कट गया था, जिससे वह श्रम करने में अक्षम हो गया है। विपिन ने बताया कि उसकी पत्नी मोबाइल फोन पर व्यस्त रहती थी। जब उसने इस पर आपत्ति जताई तो विवाद बढ़ गया।विपिन के अनुसार, 21 जून की रात करीब 10 बजे की है, जब वह सो रहा था। उसी दौरान उसकी पत्नी ने उसके सिर पर वार कर दिया, जिससे वह लहूलुहान हो गया। घटना को अंजाम देने के बाद पत्नी मौके से फरार हो गई।

# आपस में टकराई डबल डेकर बसें, जनहानि नहीं

कार्यालय संवाददाता इटावा

- दुर्घटना होने से यात्रियों में मची अफरा-तफरी, ट्रैवल्स कंपनी ने किराया वापस नहीं किया

**अमृत विचार।** थाना सिविल लाइन के तहत आईटीआई के पास दो निजी डबल डेकर बसें आपस में टकरा गईं। हादसे के वक्त दोनों बसों में करीब सौ से अधिक यात्री सवार थे। हादसे में किसी यात्री के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन घटना के बाद यात्रियों में अफरा तफरी मच गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बसों की रफ्तार काफी तेज थी और संकरी सड़क पर ओवरटेक के प्रयास में दोनों बसें टकरा गईं। टक्कर के बाद यात्रियों को घंटों बसों में ही बैठा रहना पड़ा। सबसे बड़ी चिंता की बात यह रही कि किसी भी ट्रैवल्स कंपनी ने यात्रियों का किराया वापस नहीं किया, जिससे लोग और भी अधिक नाराज नजर आए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों बसों को सिविल लाइन थाने ले जाया गया। पुलिस ने दोनों बस चालकों और ट्रैवल्स कंपनियों के जिम्मेदारों से पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

यात्रियों ने मांग की है कि ट्रैवल्स कंपनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और भविष्य में इस तरह की लापरवाही न हो, इसके लिए प्रशासन को सख्त दिशा-निर्देश जारी करने चाहिए।

# लापता किशोरी का नहीं लगा सुराग परिजन परेशान

**भरथना।** कस्बा के मोहल्ला गिहार नगर कंजड़ बस्ती से गायब हुई किशोरी का कोई सुराग न लगने के कारण उसके परिवार के लोग काफी परेशान हैं।

परिजनों ने बताया कि पुलिस ने शिकायत पर बहला फुसला भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज करली लेकिन उसकी तलाश करने के बजाय हाथ पर हाथ रख कर बैठी हुई है। जबकि उन्हें अपनी नाबालिग बेटी की चिंता सताए जा रही है। वहीं पुलिस का कहना है कि दीपक उर्फ विंदुला पुत्र टिंकू,करीटी पुत्र पिंकू,सूरज पुत्र कृपाल सिंह व टिंकू,शरद पुत्रगण शशी निवासी गण गिहार नगर थाना भरथना समेत पांच नामजदों के विरुद्ध नाबालिग किशोरी को भगा लेजाने का मुकद्दमा दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू करदी है।

## सार-संक्षेप


शपथ ग्रहण में मौजूद अधिकारी, अधिवक्ता व अन्य। अमृत विचार

### जिला कर अभिभाषक संघ का शपथ ग्रहण समारोह संपंन

**इटावा।** जिला कर अभिभाषक संघ इटावा का शपथ ग्रहण समारोह स्थानीय होटल में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता विवेक स्वरूप अग्रवाल ने की। कार्यक्रम का संयोजन ज्ञानेंद्र नाथ चौधरी, निशांत पोरवाल ने किया। कार्यक्रम का सफल संचालन रूपेन्द्र सिंह चौहान ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडिशनल कमिश्नर ग्रेड वन एच. पी. राव दीक्षित विशिष्ट अतिथि के तौर पर एडिशनल कमिश्नर ग्रेड टू अपील राकेश यादव एवं एडिशनल कमिश्नर ग्रेड टू एस आई बी सुरेन्दर मोहन सिंह, आयकर अधिकारी इटावा प्रेम सिंह, डीबीए अध्यक्ष अनिल कुमार गौर, महामंत्री देवेन्द्र सिंह पाल, संयुक्त मंत्री संदीप अग्रवाल, वरिष्ठ सीए संजीव अग्रवाल, सीए शरद अग्रवाल, सीए गोपाल अग्रवाल, फतेहगढ़ से प्रवीण चंद्र माथुर, कन्नौज से जयेश राठौर के साथ इटावा से सुरेश चन्द्र त्रिपाठी, शिवकुमार अग्रवाल, हरिकृष्ण मिश्रा उपाध्यक्ष, संदीप अग्रवाल, गौरव गुप्ता,राजीव शारदा, अजय भदौरिया, रमेश राजपूत, सुशील माहेश्वरी, रोविन भदौरिया ,शिवम पोरवाल, गौरव कांत मिश्रा मौजूद रहे।


अवधेश तिवारी को मनोनयन पत्र सौंपती सदर विधायक सरिता भदौरिया।

### अवधेश तिवारी बने प्रांतीय उपाध्यक्ष

**इटावा।** नगर पालिका परिषद के पूर्व लेखाकार अवधेश तिवारी को कर्मचारी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश का प्रांतीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उनके मनोनयन पर लोगों ने उन्हें बधाई दी है। बधाई देने वालों में कर्मचारी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष राजीव यादव, प्रांतीय महामंत्री अरविन्द धनगर, प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता, प्रांतीय उपाध्यक्ष राकेश सक्सेना, प्रांतीय उपाध्यक्ष प्रमोद राजपूत, प्रांतीय उपाध्यक्ष राम विलास यादव, प्रांतीय संगठन मंत्री राम बाबू यादव , प्रांतीय संगठन मंत्री डॉ. धर्मेन्द्र यादव, सदस्य प्रांतीय कार्यकारिणी डॉ. वीरेन्द्र शास्त्री, गिरेन्द्र सिंह बघेल सदस्य प्रांतीय कार्यकारिणी,विशिष्ट सदस्य प्रांतीय कार्यकारिणी शशांक होल्कर, प्रांतीय कोषाध्यक्ष अरुण कुमार, प्रांतीय कार्यालय मंत्री आनन्द शुक्ला शामिल है।

### मामा की सूचना पर नाबालिग की शादी रुकवाई

**भरथना।** थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग बालिका की शादी कराए जाने की सूचना पर प्रशासन हरकत में आ गया। शादी में शामिल होने आए डेरापुर, कानपुर देहात निवासी मामा ने जब 16 वर्षीय भांजी की शादी होते देखी तो मामला जिलाधिकारी तक पहुंचाया। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल के निर्देश पर एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की टीम और थाना भरथना पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए शादी रुकवा दी, और बालिका को सखी सेंटर, इटावा भेजा गया। बताया गया है कि एक व्यक्ति ने अपनी नाबालिग पुत्री का विवाह कस्बा भरथना निवासी 22 वर्षीय युवक से तय की थी । 22 जून रविवार को तैयारियां अंतिम चरण में थीं। तभी सूचना पर पहुंची प्रशासनिक टीम ने किशोरी को सुरक्षा में लिया। मामा की शिकायत पर एंटी ह्यूमन ट्रफिकिंग यूनिट प्रभारी अलमा अहिरवार, चाइल्ड लाइन वर्क्स से बिलाल, महिला कांस्टेबल प्रीती देवी और भरथना थाना उपनिरीक्षक सुरेश कुमार, के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शादी को रुकवाया। किशोरी को चिकित्सक परीक्षण करा सखी सेंटर, इटावा भेज दिया।

# घूरा डालने गई महिला के साथ की मारपीट

**इकदिल।** गांव नगला प्रेमी की रहने वाली सरिता ने बताया कि 18 जून को सुबह वह खेत पर घूरा डालने के लिए गई थी, घूरा डालने के बाद वापस लौटते समय घर के पास लगे नल पर गोबर का तसला व हाथ पैर धोने लगी तो उसका जेठ अजय भी गोबर डाल कर आया और उसी नल पर जबरन हाथ पैरधोनेलगा। इसका महिला ने विरोध किया तो उसके जेठ ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया, पत्नी को पिटते देख पति उसे बचाने आया तो उसे भी पीट दिया।

# दीवार तोड़ने से रोका तो महिला को पीटा

**बकेवर।** कस्बा के आजाद नगर की रहने वाली महरूम ने थाने में शिकायती पत्र देते हुए बताया है कि पड़ोस के ही नामजद लोग उसके घर की पक्की दीवार तोड़ रहे थे। जब महिला ने विरोध किया तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने घायल महिला को इलाज के लिए अस्पताल भेजने के बाद एहसान, मौसिम के अलावा शोहिल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# उद्यमी तक नहीं पहुंच पा रहा सरकारी योजनाओं का लाभ

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित ने कहा इटावा के उद्योग एंव उद्यमिता विकास केन्द्र की लापरवाही के चलते जिले के छोटे उद्यमियों तक सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं पहुंच पा रहा है। उद्योग विभाग कोई कार्यशाला का आयोजन नहीं करता, कुछ चुनिन्दा लोगों के साथ आकड़ों की बाजीगरी की जा रही है। इसी का कारण इन्वेस्टर्स समिट में जिले में निवेश के आंकड़े तो बहुत दिखाये गये परंतु जमीन पर कोई नया उद्योग नहीं लगा।

उन्होंने कहा जो उद्योग जिले में पहले से स्थापित थे या जो नये माल बन रहे हैं उन्हे ही जिले में उद्योग का निवेश दिखा दिया गया, जो उद्यमी और व्यापारी वास्तव में जिले के नये उद्योग में निवेश करना चाहते हैं उन्हें किसी प्रकार का सहयोग व सुविधा नहीं दी गयी,जबकि सिंगल विंडो एप्लीकेशन की बात प्रदेश सरकार द्वारा की जाती है, विभाग के इसी रवैये का परिणाम है कि नोएडा में लगे इन्टरनेशनल ट्रेड शो में पिछली बार की उपेक्षा आधे भी व्यापारी और उद्यमी नहीं गये हैं,जिले के वरिष्ठ अधिकारियों सहित प्रदेश सरकार से उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल मांग करता है कि आकड़ों की बाजीगरी बंद की जाये,जिससे आम उद्यमियों और व्यापारियों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे, जिससे लगभग उद्योग शून्य इटावा जिले के निवासियों को रोजगार मिल सके।

# वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जसवंतनगर।** प्रभारी निरीक्षक रामसहाय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि ईश्वरीपुरा के रहने वाले अनवर सिंह को उसके गांव के पास से गिरफ्तार किया गया। उसको 2021 में चाकू रखने के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। हालांकि बाद में वह कोर्ट में समय पर उपस्थित नहीं हो रहा था, कोर्ट से वारंट जारी किया गया था।

# बिजली कटौती एवं जलभराव से जनता त्रस्त : माकपा

**जसवंतनगर।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की शहर कमेटी ने शहर में अघोषित बिजली कटौती और वर्षात होते ही शहर में चहुंओर जलभराव से जन-जीवन त्रस्त होने पर गहरी चिन्ता और रोष प्रकट करते हुये नगर पालिका परिषद, बिजली विभाग और जिला प्रशासन को जनहित में प्रभावी कदम उठाने की मांग करते हुये आन्दोलन की चेतावनी दी है।

माकपा शहर कमेटी ने बिजली निजीकरण, बिजली दामों में तीन गुना वृद्वि का प्रस्ताव स्मार्ट-मीटर योजना को जनता के लिये बड़ी मुसीबत बताते हुये उ.प्र. सरकार से उक्त फैसलों को जनहित में वापस लेने की मांग की है। मांग करने वालों में माकपा जिला मंत्रिपरिषद सदस्यगण प्रेम शंकर यादव, डॉ. शौकीन सिंह यादव, जिला कमेटी सदस्यगण ओपी सिंह, नरेन्द्र शाक्य, मोनू यादव एवं लाइन पार ब्रान्च के मंत्री मनोज राठौर शामिल हैं।

# कथा श्रवण से दूर होता है मृत्यु का भय


कथा का श्रवण करते श्रद्धालु। अमृत विचार

संवाददाता महेवा इटावा

**अमृत विचार।** क्षेत्र अंतर्गत बम्होरा में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में कथावाचक जानकी दास महाराज एवं उनके शिष्य दीप कृष्ण जी महाराज ने श्रीकृष्ण-रुक्मणी के विवाह, सुदामा चरित्र एवं परीक्षित मोक्ष की कथा का वर्णन किया।

कथा में पहुंचकर ग्राम प्रधान बम्होरा हरगोविंद पाल ,समाज सेवी एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रतिनिधि सोहित दिवाकर ने साथियों सहित पहुंचकर कथावाचक का अंग वस्त्र भेंटकर एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया । कथावाचक ने कहा कि कथा का श्रवण करने से मन से मृत्यु का भय निकल जाता है। सोमवार को हवन,कलश विसर्जन एवं भंडारे के साथ कथा सम्पन्न हो जाएगा ,कथा में समस्त ग्राम एवं क्षेत्र वासियों का सहयोग मिल रहा है। वहीं कथा सुनने के लिये सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

योग से रहें निरोग | केके कालेज और इंजीनियरिंग कालेज में लोगों ने किया योगाभ्यास

# एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य की थीम पर किया योगाभ्यास

कार्यालय संवाददाता इटावा


केके कालेज में योग करते प्राचार्य व अन्य स्टाफ। अमृत विचार


इंजीनियरिंग कालेज में योग करते अधिष्ठाता व कालेज के छात्र-छात्राएं।

**अमृत विचार।** के. के. कॉलेज में एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य की थीम पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम एवं सूर्य नमस्कार योग मुद्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में प्रबंध समिति अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार वर्मा मौजूद रहे।

इस अवसर पर उन्होंने प्राचार्य प्रो. महेंद्र सिंह एवं महाविद्यालय परिवार को इतने वृहद एवं व्यवस्थित कार्यक्रम के आयोजन हेतु बधाई दी। योगाभ्यास कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो. महेन्द्र सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की इस वर्ष की थीम एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य है जिसे हम सब लोग आत्मसात करें। योग कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों, बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं के अतिरिक्त आम नागरिकों ने भी प्रतिभाग किया। योगाभ्यास एवं सूर्य नमस्कार कार्यक्रम प्रो. उदयवीर सिंह एवं पुस्तकालय अध्यक्ष रतन कुमारी की देख देख में हुआ।

इसके अलावा कृषि इंजीनियरिंग कॉलेज में पी डी राही, मुख्य योग प्रशिक्षक, पतंजलि योग समिति, डॉक्टर ज्ञानेंद्र सिंह, ध्यान गुरु, हार्टफुलनेस संस्था और डॉक्टर आशीष त्रिपाठी योगगुरु की उपस्थिति में शासन की थीम एक साथ योग संकल्प और सामूहिकता का प्रतीक के अंतर्गत भव्य योग प्रदर्शन एवं योगाभ्यास का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें तीनों महाविद्यालय कृषि इंजीनियरिंग कॉलेज, दुग्ध प्रौद्योगिकी महाविद्यालय एवं मत्स्य महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थियों, अधिकारियों शिक्षकों और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ एन के शर्मा, अधिष्ठाता द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का स्वागत बुके और शाल ओढ़ाकर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा उनको बुलाये जाने पर आभार व्यक्त किया।

# मानक के अनुरूप ही हो ताजिए की ऊंचाई, नई परंपरा नहीं चलेगी

संवाददाता जसवंतनगर इटावा


शांति कमेटी में बैठक में मौजूद कोतवाल व कस्बा के गणमान्य लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार** । रविवार को थाना में मोहर्रम त्योहार को लेकर शांति कमेटी की बैठक आयोजित की गई। प्रभारी निरीक्षक रामसहाय सिंह की अध्यक्षता में बैठक में ताजियादारों, पीस कमेटी के सदस्यों, जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया।

इंस्पेक्टर रामसहाय सिंह ने स्पष्ट किया कि शासन के निर्देशानुसार ताजियों की ऊंचाई मानक के अनुरूप होनी चाहिए। हर बार की तरह इस बार भी मुहर्रम त्योहार शांतिपूर्ण और सौहार्द तरीके मनायें। जुलूस केवल निर्धारित रूट से ही निकाले जाएं नई परंपरा किसी भी तरह बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उल्लंघन करने पर सख्त कानूनी कार्रवाई होगी। उपस्थित अधिकारियों ने सभी से अनुरोध किया कि अफवाहों से बचें और सोशल मीडिया पर कोई भी भ्रामक जानकारी साझा न करें। इस दौरान नगर पालिका सभासद सुधीर यादव, शेष कुमार, कमल प्रकाश, सतीश चंद्र, फैजान, सदान, फारुख, मोहित, सुमित गिहार, प्रमोद, सत्यवीर, संजीव, दिलीप, जावेद, मुख्तयार, राशिद, हासिम और निजामुद्दीन आदि के अलावा क्राइम निरीक्षक नरेन्द्र मिश्रा, सिटी इंचार्ज मनीष कुमार, उपनिरीक्षक ललित चतुर्वेदी आदि लोग बैठक में शामिल रहे।

# होटल में बीएससी की छात्रा से दुष्कर्म

संवाददाता, बिधूना, औरैया

- गंभीर हालात में अस्पताल के गेट पर युवती को छोड़कर चले गए आरोपी
- पिता की रिपोर्ट पर पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार
- पुलिस ने होटल कर्मियों को भी हिरासत में लिया



**अमृत विचार।** बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा के साथ होटल में दुष्कर्म का मामला सामने आया है। शनिवार को आरोपी युवक अपने साथी के साथ छात्रा को गंभीर हालत में अस्पताल के बाहर छोड़कर फरार हो गया। युवती को अत्यधिक रक्तस्राव हो रहा था और उसकी नब्ज भी काफी धीमी थी।

शनिवार दोपहर दो युवक एक युवती को बाइक पर बैठाकर बिधूना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए थे। युवती की हालत नाजुक थी और बहुत ज्यादा रक्तस्राव हो रहा था। अस्पताल के गेट पर पहुंचकर दोनों युवक युवती को वहीं छोड़कर भाग निकले। अस्पताल स्टाफ ने तत्काल युवती को भर्ती कर इलाज शुरू किया, लेकिन हालत गंभीर होने के चलते उसे पहले जिला अस्पताल और वहां से रिम्स सैफई रेफर कर दिया गया। घटना के बाद अस्पताल परिसर में लोगों की भीड़ जुट गई और चर्चाएं तेज हो गईं। पिता की तहरीर पर भरथना निवासी श्याम शाक्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। पीड़िता के पिता ने बिधूना थाने में तहरीर देकर बताया कि 20 वर्षीय बेटी बिधूना के एक कॉलेज में बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा है। शनिवार सुबह वह योगा कार्यक्रम के लिए कॉलेज गई थी, लेकिन दोपहर को उन्हें सूचना मिली कि उनकी बेटी घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती है। पीड़िता के पिता का आरोप है कि भरथना निवासी श्याम शाक्य उर्फ नेम सिंह, जो हरचंदपुर पुलिया के पास दुकान करता है, उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर होटल ले गया।

वहां उसके साथ दुष्कर्म किया, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद आरोपी ने एक अन्य साथी के साथ मिलकर उसे अस्पताल में छोड़ दिया और फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस हरकत में आई और आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। पुलिस ने होटल के एक कर्मी सहित तीन-चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। फॉरेंसिक टीम के साथ पुलिस ने होटल पहुंचकर सीसीटीवी फुटेज खंगाले।

पुलिस ने होटल से कुछ अन्य साक्ष्य भी एकत्र किए हैं। होटल के एक कर्मचारी को थाने लाकर पूछताछ की जा रही है। फिलहाल पीड़िता का इलाज रिम्स सैफई में जारी है।

बिधूना पुलिस ने दोनों आरोपियों को हरचंदपुर पुलिया स्थित श्री खाटूश्याम क्लिनिक से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल की गई बाइक भी बरामद की है। गिरफ्तारी में थाना प्रभारी मुकेश बाबू चौहान के नेतृत्व में कांस्टेबल विजय पाल और कांस्टेबल भूपेंद्र सिंह की टीम शामिल रही। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है।

## किशोरी ने जहरीला पदार्थ खाया, भर्ती

**अछल्दा, औरैया।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत घरेलू कलह के चलते किशोरी ने सल्फास की दवाई खा ली। परिजनों को जानकारी होते ही आनन-फानन में सीएचसी लेकर पहुंचे। यहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल और जिला अस्पताल से उसे सैफई के लिए रेफर किया गया।

गुनौली के गांव जखा निवासी मुलायम सिंह की 13 वर्षीय पुत्री नंदनी ने घर में रखी सल्फास की गोलियां खा लीं। घटना से परिवार में हड़कंप मच गया। परिजनों ने आनन-फानन में उसे नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। डॉक्टर अमरदीप चौधरी के अनुसार बच्ची ने सल्फास खाया है। जिला अस्पताल में उपचार के बाद उसे सैफई के लिए रेफर कर दिया गया।

# मूंग की फसल पर बारिश ने फेरा पानी

संवाददाता, अछल्दा, औरैया



बर्बाद फसल दिखाता किसान। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विकास खण्ड क्षेत्र में हो रही चार दिन से लगातार बारिश से मूंग की फसल पर बुरा असर पड़ा है। बारिश की वजह से कटी हुई फसल भीग गई है। किसानों को भारी नुकसान हुआ है।

गुनौली क्षेत्र में इस समय मूंग व उर्द की फसल तैयार खड़ी है। किसान एक-दो दिन में घर लाने की तैयारी में हैं। इसी माह में एक सप्ताह पहले रात के बारिश ने किसानों की मूंग की फसल उजड़ गई थी। इसके साथ ही कुछ खेत में पानी भरने से खराब हो गई थी। शुक्रवार को दोपहर दो बजे मौसम अचानक बदला और बारिश होने लगी। इसके चलते किसानों की खेत पर कटी पड़ी मूंग फसल की बर्बाद हो गई। इससे बची हुई फसल भीग गई।

किसान राजाराम राठौर की 11 बीघा, श्याम सिंह राठौर की 2 बीघा, पप्पू 3 बीघा, मुन्ना 3 बीघा, प्रेमचन्द्र 20 बीघा, श्रीनारायण 3 बीघा, अमर सिंह की 5 बीघा गांव में किसानों की फसल बर्बाद हो गई है। किसानों का कहना है कि शुक्रवार से हुई लगातार बारिश ने उन्हें पूरी तरह से बर्बाद कर दिया है। बारिश से खेत में पड़ी फसल भीग रही है। अब रकम निकालना भी मुश्किल लग रहा है। बताया कि पांच बीघा में बीज खाद पानी, दवा, बुआई आदि में 30 हजार का खर्चा आया था। अब मुनाफा तो दूर खर्चा निकलना मुश्किल है।

## एक नजर

### जमीन के विवाद में मारपीट का वीडियो वायरल, रिपोर्ट

**फफूंद।** फफूंद थाना क्षेत्र के एक गांव में खेतों में मेड़ बना रहे किसानों का पास के ही मकान की महिलाओं से विवाद हो गया और मारपीट होने लगी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही पुलिस ने सक्रिय हो गई। थाना क्षेत्र के गांव भूरेपुर में सड़क के किनारे नजदीकी गांव कंचन पुरवा निवासी गजेन्द्र सिंह, रामकुमार, लक्ष्मी प्रसाद और लोकन सिंह का खेत है। यह सभी लोग बाहर रहकर मजदूरी करते हैं। कुछ दिन पूर्व भूरेपुर निवासी एक व्यक्ति ने वहां अपना मकान बना लिया जिसकी जानकारी पर खेत मालिकों ने जमीन कम होने का अंदेशा जताते हुए अधिकारियों से नाप कराने की गुहार लगाई थी। 15 दिन पहले राजस्व टीम ने नापजोख कर उसका सीमांकन किया। रविवार को खेत मालिक अपनी मेडबंदी कर रहे थे तभी पड़ोसी मकान से आई महिलाओं से विवाद होने लगा और मारपीट शुरू हो गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिसके बाद पुलिस ने आनन फानन में कार्रवाई करते हुए पिंकी पुत्री महेशचंद्र की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया। प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश पाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

# तीन तस्कर चढ़े पुलिस के हत्थे 50 लाख का गांजा बरामद

## डीसीएम में गांजा लादकर उड़ीसा से आगरा जा रहे थे तस्कर, 8 बोरियों में था मादक पदार्थ

कार्यालय संवाददाता, औरैया



बरामद गांजा व पुलिस की गिरफ्त में तस्कर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अवैध रूप से मादक पदार्थों की बिक्री रोकने के उद्देश्य से अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर आलोक सिंह द्वारा अभियान चलाये जाने के निर्देश दिए गए थे। रविवार को कोतवाली पुलिस एवं स्वाट टीम द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए 96 किलो 870 ग्राम गांजा बरामद करते हुए तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। बरामद गांजा की कीमत करीब 50 लाख रुपये बताई गई है।

सदर कोतवाली में वार्ता के दौरान पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर ने बताया कि टीम को मुखबिर द्वारा सूचना मिली की अवैध रूप से गांजा इटावा की ओर ले जाया जा रहा है। इस पर पुलिस ने घेराबंदी कर दी। इस दौरान एक डीसीएम संदिग्ध आती हुई दिखाई दी। जिस पर पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया परन्तु डीसीएम चालक ने स्पीड बढ़ा दी। संयुक्त पुलिस डीसीएम का पीछाकर घेर कर पकड़ लिया। पुलिस ने जब चालक से भागने का कारण पूछा तो उसने बताया डीसीएम में गांजा भरा हुआ है।

मामले की जानकारी क्षेत्राधिकारी नगर को दी गई। इस पर क्षेत्राधिकारी नगर अशोक कुमार मौके पर पहुंचे। जिनके निर्देशन में डीसीएम की तलाशी ली गयी तो उसमें 8 प्लास्टिक की बोरियों में लगभग 96.870 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जब पकड़े गए आरोपितों से जानकारी की गई तो उन्होंने बताया कि वह लोग एक स्थान से दूसरे पर माल पहुंचाते हैं। सस्ते दामों पर उड़ीसा व अन्य जगहों से गांजा लाकर ऊंची कीमत पर आगरा व अन्य शहरों में बेच देते हैं और उनसे मिले रुपये आपस में बांट लेते हैं। बताया कि उड़ीसा से कारबन पाउडर लोड कराने के साथ मुनाफा कमाने के लिए उड़ीसा से गांजे की यह आठ बोरियां भी बेचने के लिए लेकर जा रहे थे।

एसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में वेद सिंह पुत्र विपत्तिराम निवासी नगला परमाल अकोला थाना कागारोल जिला आगरा, मिसपेन्द्र पुत्र अर्जुन सिंह निवासी ग्राम लालोनी थाना कंचनपुर जिला धौलपुर राजस्थान व शिवदत्त पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम लालोनी है। बताया जिनमें अपराधी इतिहास की भी जानकारी हासिल की जा रही है। इसके अलावा उन्होंने गिरफ्तार करने वाली टीम को 25 हजार रुपये इनाम की घोषणा भी की है।

## सिग्नल फेल होने से एक्सप्रेस ट्रेनों के पहिए 'जाम'

**अछल्दा (औरैया)।** दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर घसारा स्टेशन के पास शनिवार देर रात रेलवे सिग्नल में तकनीकी खराबी के चलते कई एक्सप्रेस ट्रेनें जहां की तहां खड़ी हो गईं। इसके बाद पुरानी पद्धति से सिग्नल देकर ट्रेनों को धीमी गति से गुजारा गया। इससे करीब दो घंटे से अधिक दिल्ली हावड़ा रेलवे ट्रेक बाधित रहा।

इधर, अछल्दा क्रासिंग बंद रहने से जाम लग गया। 13 बी फाटक डेढ़ घंटे से नहीं खुला। इससे दोनों ओर लंबा जाम लग गया और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोग और वाहन चालक काफी समय से फाटक खुलने का इंतजार करते रहे। रेलवे विभाग की तकनीकी टीम सिग्नल फेलियर को दुरुस्त करने में जुटी रही। वहीं ट्रेनों को धीमी गति से निकाला गया अजमेर सियालदाह एक्सप्रेस, तेजस एक्सप्रेस, पुर्वा एक्सप्रेस, जोधुपर वाराणसी को धीमी गति से डाउन लाइन से निकाला गया।



मां आरके देवी महाविद्यालय में योग करते लोग। अमृत विचार

# योग दिवस पर विद्यार्थियों ने किया सूर्य नमस्कार

संवाददाता, फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पूर्व निर्धारित समयानुसार मां आर. के.देवी महाविद्यालय में वृहद योग शिविर संपन्न हुआ। योग प्रोटोकॉल को पूर्ण करते हुए ठीक प्रातः 8 बजे सूर्य नमस्कार योग प्रारंभ हुआ, जो कि 8:15 बजे तक विधिपूर्वक संपन्न कराया गया।

कार्यक्रम में मुख्य पर्यवेक्षक के रूप में विश्वविद्यालय से आये डॉ. पी.के मिश्रा व सहायक पर्यवेक्षक डॉ. पी.एन पाठक एवं अजय कुमार की देखरेख में योगाचार्य स्वाती मिश्रा द्वारा संपन्न कराया गया। डॉ. पीके मिश्रा ने विश्व कीर्तिमान बनने जा रहे संपन्न हुए कार्यक्रम में मौजूद समस्त योगाभ्यासियों को विश्व कीर्तिमान का साक्षी बताते हुए नियमित योगाभ्यास करते हुए स्वयं को स्वस्थ रहने की अनेकानेक स्थितियों पर प्रकाश डाला। इस मौके पर प्रबंधक डॉ.जय गोपाल पांडेय के अलावा विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

# 6 जोड़ों के विवाद समाप्त फिर साथ रहने को राजी

कार्यालय संवाददाता, औरैया



महिला थाना में मौजूद जोड़ा।

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर.शंकर के निर्देशानुसार महिला थाना ककोर प्रभारी उप निरीक्षक पूजा राठौर की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट नई किरण का आयोजन किया गया। जिसमें महिला थाना ककोर में 25 फाइलें दायर की गईं, 06 परिवार जो आपसी वैचारिक मतभेद की वजह से कुछ दिनों से अलग रह रहे थे। एक-दूसरे के साथ रहने को राजी नहीं थे, जिसके कारण परिवार टूटने की कगार पर था, उन्हें समझा बुझाकर पति-पत्नी के मध्य मन मुटाव कलह को दूर कर एक साथ रहने को राजी कर परिवार से मिलाया गया। परिवार को हंसी खुशी विदा किया गया। नई किरण प्रोजेक्ट के अन्तर्गत बिखरे परिवारों को एक सूत्र में बांधने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान प्रोजेक्ट नई किरण के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

## घायल किसान की इलाज के दौरान चली गई जान

**बेला, औरैया।** सहार थाना क्षेत्र के बेला दिबियापुर मार्ग स्थित गांव पटना में 19 जून को तेज रफ्तार कार ने बेला की तरफ जा रही बाइक सवार दो किसानों को टक्कर मार दी थी। जिसमें बेला थाना क्षेत्र के गांव बेला बस्ती निवासी किसान चंद्र प्रकाश पुत्र प्रसादी लाल की मौके पर मौत हो गयी थी। दूसरे किसान मानसिंह पुत्र सोने लाल को पुलिस ने घायल अवस्था में एम्बुलेंस से सहार सीएचसी भेजा था जहां चिकित्सक ने उसकी हालत नाजुक देखते हुए तिर्वा स्थित रामजी अम्बेडकर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहां से उसे परिजन कानपुर के एक निजी अस्पताल ले गयें, जहां रविवार सुबह उसकी मौत हो गयी।

# पौधरोपण कर मोहल्ले के लोगों को सौंपी रक्षा की जिम्मेदारी

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- एक विचित्र पहल सेवा समिति ने आंबेडकर पार्क में जीवनधारा अभियान के तहत लगाए पौधे



पौधरोपण करते विचित्र पहल संस्था के पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** समाजसेवी संगठन एक विचित्र पहल सेवा समिति द्वारा पर्यावरण संरक्षण को दृष्टिगत रखते हुए गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी सार्वजनिक स्थानों व धार्मिक स्थलों को क्लीन व ग्रीन रखने के उद्देश्य से शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में विगत 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस से जीवनधारा पौधारोपण अभियान लक्ष्य-5100 पौधों के पौधारोपण के लिए पौधारोपण अभियान निरंतर चलाया जा रहा है।

रविवार को प्रातः 8 बजे समिति द्वारा आवास विकास कॉलोनी स्थित आंबेडकर पार्क में साफ-सफाई के उपरांत पौधारोपण अभियान चलाया। जिसके अंतर्गत समिति के सदस्यों ने अशोक, आंवला, पकड़िया, गुड़हल, चितवन आदि के पौधों का पौधारोपण किया, पौधों की सुरक्षा व देखभाल की जिम्मेदारी मोहल्ले के लोगों को सौंपी गई। उसके बाद पर्यावरण गोष्ठी का आयोजन किया गया। समिति के अध्यक्ष राजीव पोरवाल (रानू) ने कहा कि प्राकृतिक धरोहर से अनावश्यक छेड़छाड़ करने पर तमाम प्राकृतिक आपदाओं के कहर का संकेत पर्यावरण असंतुलन के रूप में हम लोगों को देखने को मिल रहा हैं। प्रधानाचार्य नवीन पोरवाल ने कहा कि फिर भी हम लोग पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजग नहीं है। हम लोगों को प्राकृतिक धरोहरों को सुरक्षित रखते हुए अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए। समिति के संस्थापक आनन्द नाथ गुप्ता ने कहा कि पेड़ पौधों से हमें प्राण वायु, फल, फूल, ईंधन व दुर्लभ औषधियां आदि बहुमूल्य वस्तुएं प्राप्त होती है। पर्यावरण संरक्षण के अंतर्गत जीवनधारा पौधारोपण अभियान में यमुना तट, मंगला काली व देवकली मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, सार्वजनिक पार्कों-मार्गों, स्कूलों महाविद्यालयों व सार्वजनिक स्थानों, मार्गों व मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, स्कूल, कॉलेजों, महाविद्यालयों आदि स्थानों पर देखभाल के साथ लक्ष्य-5100 पौधारोपण के सापेक्ष निःशुल्क पौधारोपण व लोगों के मनपसंद के पौधों का निःशुल्क वितरण समिति द्वारा किया जा रहा हैं। आयोजन के समापन पर प्रदीप कठेरिया व सोनू यादव ने समिति की वार्षिक सदस्यता ग्रहण की जबकि भगवान ने स्मृतिशेष अपने सुपुत्र मुकुल पोरवाल की स्मृति में समिति को 11 पौधे प्रदान किये। पौधारोपण अभियान व पर्यावरण गोष्ठी में प्रमुख से श्रीगोपाल सेवा संस्थान के प्रांतीय अध्यक्ष रमन पोरवाल, समिति के संरक्षक श्री भगवान पोरवाल, राम आसरे गुप्ता, बैंक से सेवानिवृत योगेश कुमार गुप्ता, प्रधानाचार्य नवीन पोरवाल, सौरभ यादव, आनन्द गुप्ता (डाबर), अभिषेक वर्मा ओम प्रकाश गुप्ता, विवेक सिंह हरिओम वर्मा राजमंगल, हिमांशु दुबे व सतीश पोरवाल आदि पर्यावरण प्रेमी मौजूद रहे।

**अव्यवस्था** | विकास खंड ऐरवाकटरा की ग्राम पंचायत रठगांव के मजरा नगला पियरा का मामला

# जलभराव की समस्या से ग्रामीण परेशान

संवाददाता बिधूना, औरैया



गांव नगला पियरा में भरा पानी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विकास खंड ऐरवाकटरा की ग्राम पंचायत रठगांव के मजरा नगला पियरा में जलभराव की समस्या को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जलभराव की समस्या से निजात दिलाए जाने की मांग की है। उपजिलाधिकारी गरिमा सोनकिया ने ग्रामीणों को समस्या का निराकरण कराए जाने का आश्वासन दिया है।

समाजवादी पार्टी के युवजन सभा के प्रदेश सचिव एवं समाज सेवी सुखवीर सिंह यादव ने कहा कि रठगांव पंचायत के मजरा पियरा नगला में दलित बस्ती में जल निकासी की व्यवस्था न होने के चलते जलभराव की समस्या बनी हुई है। इसके चलते गांव के लोग परेशान हैं। गांव के लोग मुख्य सड़क तक पहुंचने के लिए गंदे पानी में घुसकर निकलते हैं। उन्होंने कहा कि जलभराव की समस्या के चलते गांव में गंदगी और मच्छर आदि पनप रहे हैं जिससे संक्रामक रोगों के फैलने की आशंका बनी हुई है। उन्होंने कहा कि अभी बरसात के शुरू होते ही यह हाल है तो आगे समस्या और बढ़ने की उम्मीद है। उन्होंने समस्या के निराकरण में प्रधान को यथासंभव सहयोग देने का भी भरोसा दिलाया है। क्षेत्रपाल सिंह राहुल, विक्रम वर्मा, रामवीर, आदर्श, अर्जुन, कुंवर सिंह, विपिन वर्मा, महेश सिंह आदि ग्रामीणों ने प्रशासन से जलभराव की समस्या से मुक्ति दिलाये जाने की मांग की है। उप जिलाधिकारी गरिमा सोनकिया ने ग्रामीणों को समस्या का निराकरण कराये जाने का आश्वासन दिया है।

### पहली बारिश में पंचायत प्रशासन की खुली पोल

**औरैया।** रविवार को अजीतमल तहसील क्षेत्र में हुई बारिश ने नगर पंचायत की जल निकासी व्यवस्था की कमियों को उजागर कर दिया। दोपहर में हुई बारिश से कई वार्डों की गलियों में पानी भर गया। तहसील गेट के फुटपाथ, कोतवाली गेट और डायट परिसर के बाहर जलभराव की स्थिति बन गई। बस्ती के अंदर रहने वाले लोगों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ा। जलभराव के कारण वे अपने घरों से बाहर नहीं निकल पाए। यह स्थिति तब सामने आई जब नगर पंचायत बाबरपुर अजीतमल के अधिकारी बारिश से पहले जल निकासी की बेहतर व्यवस्था का दावा कर रहे थे। लेकिन पहली ही बारिश में उनके दावे खोखले साबित हुए। हालांकि बारिश ने मौसम को खुशनुमा बना दिया और लोगों को गर्मी से राहत मिली।



कथा सुनते श्रद्धालु। अमृत विचार

# नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैयालाल की...

संवाददाता, अटसू

**अमृत विचार।** कस्बा के मेला ग्राउंड में चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन कथा वाचक पं. अभिषेक द्विवेदी ने कृष्ण जन्म की कथा सुनाई। भागवत में आचार्य द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की कथा के समय सभी श्रोता झूमने और नाचने लगे। सुमधुर भजनों के साथ कथा श्रवण करने वाले भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। इसके साथ ही वामन अवतार की कथा में आचार्य जी ने बताया कि भगवान ने राजा बलि से दान में तीन ही पग मांगा। प्रभु ने पहले पग में राजा बलि मन नापा, तो दूसरे में पूरी सृष्टि यानी धन नाप लिया। जबकि तीसरे पग की बारी आई तो राजा बलि भी मूक हो गयें और राजा बलि ने तन, मन, धन भगवान के चरणों में अर्पित कर दिया। श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव बड़े धूम धाम से मनाया गया। आचार्य द्वारा भगवान के कृष्ण रूप में जा लेने का उद्देश्य बताया। इस अवसर पर परीक्षित मालती गुप्ता एवं सत्य प्रकाश गुप्ता सहित तमाम श्रोता मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### दो पक्षों के विवाद में दो पुलिसकर्मी निलंबित, एक लाइन हाजिर

**अजीतमल।** कोतवाली क्षेत्र के गौहानी कला में 13 जून को हुए दो पक्षों के बीच विवाद मामले में पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने कार्रवाई करते हुए गौहानी कला चौकी प्रभारी राजेश कुमार और आरक्षी लालू प्रसाद को निलंबित कर दिया है। मुख्य आरक्षी विनोद कुमार को लाइन हाजिर किया गया है। विवाद में गांव के प्रधान ने 11 लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया था। वहीं दूसरे पक्ष ने गांव के प्रधान और उनके पुत्र पर छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज कराया था। दोनों पक्षों की ओर से भाजपा नेता पैरवी कर रहे थे। यह मामला मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक पहुंचा। शुक्रवार को राज्यसभा सांसद गीता शाक्य ने दोनों पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। निलंबित पुलिस कर्मियों के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए गए हैं। बताया कि विवाद के दौरान पुलिस की लापरवाही सामने आई है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, हत्या का आरोप

**अजीतमल, औरैया।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत अलीपुर में शनिवार की रात लगभग आठ बजे एक महिला की मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने हत्या कर लटकाने का आरोप लगाया है। वहीं पुलिस मृतका के शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अजीतमल ले गई। और शव का पंचायतनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार इटावा जनपद के लवेदी थाना क्षेत्र के गांव धोरखा निवासी रतन ज्योति (20) पुत्री गिरजेश कुमार की शादी पिछले वर्ष 9 नवम्बर 2024 को अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के गांव अलीपुर निवासी अंशू पुत्र बृज किशोर के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही पति पत्नी के बाद अक्सर विवाद होता रहता था। दो दिन पहले रतन ज्योति अपने मायके चली गई थी। कल अंशु का परिवार उसे मायके से लेकर आए थे और मायके पक्ष को आगे कोई विवाद न होने का आश्वासन दिया था। शनिवार की रात लगभग आठ बजे रतन ज्योति का शव फांसी पर लटका मिला। जिसके बाद उसको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अजीतमल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया है। वहीं घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और हंगामा कर लोगों को समझाते हुए शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# सबको मिलेगा न्याय : मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- जनता दर्शन में योगी ने सुनीं 200 लोगों की समस्याएं



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह जनता दर्शन में पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। आश्वस्त किया कि सबको न्याय मिलेगा। अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर पीड़ित की समस्या पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए। इसमें हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

गोरखनाथ मंदिर परिसर में जनता दर्शन के दौरान करीब 200 लोगों से प्रार्थना पत्रों को लेकर मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। सबको न्याय मिलेगा और सबकी पीड़ा दूर की जाएगी। जनता दर्शन में आईं जमीन कब्जा संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गरीबों की जमीन कब्जामुक्त कराएं और अवैध कब्जा करने वाले दबंगों को कानूनी सबक सिखाएं। उन्होंने कहा कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले भूमाफिया और कमजोरों को उजाड़ने वाले दबंग किसी भी दशा में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति का अनुसरण करते हुए कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी।

# शिक्षित, अशिक्षित युवाओं के लिए फुलप्रूफ योजना तैयार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- स्वव्यवसाय और नौकरी दोनों क्षेत्रों के लिए तैयार किया ट्रेनिंग मॉड्यूल
- पहले ट्रेनिंग देकर बनाएंगे प्रोफेशनल फिर नौकरी भी देगी सरकार

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने शिक्षित और अशिक्षित दोनों तरह के युवाओं का ध्यान रखते हुए उनके स्वावलंबन की फुलप्रूफ योजना तैयार की है। इस क्रम में स्वव्यवसाय और नौकरी दोनों क्षेत्रों के लिए ट्रेनिंग मॉड्यूल तैयार किया गया है। ऐसे युवाओं को उनकी योग्यता व दिलचस्पी के मद्देनजर पहले ट्रेनिंग देकर प्रोफेशनल बनाया जाएगा, फिर नौकरी भी सरकार ही देगी या दिलवाने में मददगार बनेगी।

दरअसल, योजना के मुताबिक अब उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन से प्रशिक्षित 75 प्रतिशत युवाओं को प्रदेश में ही नौकरी दिलाई जाएगी। अभी तक ट्रेनिंग पार्टनर दूसरे राज्यों में इन युवाओं को नौकरी दिलाते हैं। ऐसे में रोजगार पाने वाले युवा विभिन्न कंपनियों में नौकरी कर रहे हैं या नहीं उसका सत्यापन करना कठिन होता है। इतना ही नहीं, ऐसे युवाओं को बाहर रहने और खाने का अलग से खर्च करना पड़ता है। वह अपना खर्च ही मुश्किल से चला पाते हैं।

नयी रणनीति के अनुसार, राज्य में ज्यादातर युवाओं को नौकरी दिलाकर जिलाधिकारियों के माध्यम से सत्यापन कराया जाएगा। यही नहीं अभी तक न्यूनतम नौ हजार रुपये मानदेय दिया जाता है और अब इन कुशल कर्मियों को 12 हजार रुपये न्यूनतम मानदेय मिलेगा।

वहीं, दूसरी ओर दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना में अब रोजगार दिलाने के साथ ही युवाओं को स्वरोजगार स्थापित करने में भी मदद की जाएगी। उन्हें बैंक लोन दिलाने के साथ ही अन्य सेवाएं भी दिलाई जाएंगी। स्वरोजगार की ओर युवा कदम बढ़ाएं इसके लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उनकी सहायता की जाएगी। बाजार की मांग के अनुरूप नए ट्रेनिंग प्रोग्राम भी शुरू किए जाएंगे।

### जर्मनी और जापान में भी रोजगार के अवसर

प्रदेश सरकार की ओर से इजराइल में युवाओं को नौकरी दिलाने के बाद अब जर्मनी व जापान में भी रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। यूपी के युवाओं को रोजगार के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराने पर जोर दिया जा रहा है। देश के साथ ही अब विदेश में भी युवाओं को रोजगार मिले इसके लिए यह मिशन गठित किया जा रहा है।

> इस साल उप्र. कौशल विकास मिशन को युवाओं के हितों के लिए नए कलेवर में लाया जा रहा है। युवा जब अपने राज्य में ही नौकरी करेंगे तो वह यहां की अर्थव्यवस्था को भी मजबूत बनाने में अपना योगदान करेंगे।
>
> – डॉ. हरिओम प्रमुख सचिव कौशल विकास विभाग

## एक नजर

### चार जिलों के अल्पज्ञात धार्मिक स्थलों का होगा विकास

**अमृत विचार, लखनऊ :** पर्यटन विभाग द्वारा करीब छह करोड़ 46 लाख रुपये की धनराशि से बदायूं, बरेली, बिजनौर और शाहजहांपुर में स्थित ऐतिहासिक एवं पौराणिक स्थलों का विकास कराया जाएगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि बदायूं के उसावा रोड स्थित बोधिसत्व अम्बेडकर बुद्ध विहार में 56.86 लाख रुपये से पर्यटकों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई जा सकेंगी। बरेली के अहिक्षेत्र पार्श्वनाथ अतिशय तीर्थ क्षेत्र दिगंबर जैन मंदिर एवं रामनगर किले के पर्यटन विकास के लिए कुल 1.39 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। बरेली के ही भोजीपुरा स्थित सेमीखेड़ा दाऊजी प्राचीन शिव मंदिर के लिए 1.39 लाख रुपये से अधिक की धनराशि स्वीकृत की गई है। शाहजहांपुर के पुवायां के ग्राम गुढ़िया स्थित 52 दरवाजा ठाकुर जी मंदिर का 45.39 लाख रुपए से पर्यटन विकास कार्य कराया जा रहा है।

### डॉ. मुखर्जी के बलिदान दिवस पर आज होंगी संगोष्ठियां

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर सोमवार को भाजपा जिला स्तर पर संगोष्ठियां आयोजित करेगी। पार्टी के वरिष्ठ नेता, प्रदेश पदाधिकारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष, सांसद, विधायक संगोष्ठियों के माध्यम से डॉ. मुखर्जी के प्रेरक जीवन पर संवाद करते हुए जनमानस को राष्ट्रीय और सामाजिक सरोकार से जोड़ेंगे।

### गन्ने की 243 सर्वोत्तम किस्में किसानों को दे रहीं लाभ

**अमृत विचार, लखनऊ :** गन्ने की 243 सर्वोत्तम किस्में प्रदेश के किसानों को ज्यादा लाभ दे रही हैं। इस बीच, राज्य सरकार ने गन्ना किसानों को समुचित सुविधाएं देने के निर्देश दिये हैं। अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में 10 वर्षों के भीतर गन्ने की जलवायु आधारित किस्मों का विकास किया गया है। प्रदेश में 59 प्रमुख किस्में उगाई जा रही हैं। इनमें 28 अगेती और 31 मध्य पछेती वर्तमान में काफी सफलतापूर्वक प्रयोग की जा रही हैं।

# निजीकरण का टेंडर होते ही शुरू होगा सामूहिक जेल भरो अभियान

## बिजली महापंचायत में लिया गया फैसला, सभी किसान संगठनों का खुला समर्थन




लखनऊ में आशियाना स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर प्रेक्षागृह में आयोजित बिजली महापंचायत में शामिल कर्मचारी नेता। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बिजली कर्मियों के साथ रेल कर्मचारी, राज्य कर्मचारी, किसान और उपभोक्ता भी होंगे शामिल

**अमृत विचार :** ऊर्जा निगमों के निजीकरण का टेंडर होते ही बिजली कर्मी सामूहिक जेल भरो अभियान शुरू करेंगे। बिजली कर्मियों के साथ रेल कर्मचारी, राज्य कर्मचारी, किसान और उपभोक्ता भी अभियान में शामिल होंगे। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में रविवार को आशियाना में हुई बिजली महापंचायत में यह फैसला लिया।

महापंचायत में संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे, ऑल इंडिया रेलवे मेन्स फेडरेशन के राष्ट्रीय महामंत्री शिव गोपाल मिश्र, संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दर्शन पाल, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा, ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल इंडिया के कार्यकारी निदेशक रमानाथ झा, नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इम्प्लॉइज एंड इंजीनियर्स के संयोजक सुदीप दत्त, ऑल इंडिया पॉवर डिप्लोमा इंजीनियर्स फेडरेशन के अध्यक्ष आरके त्रिवेदी, ऑल इंडिया पॉवर इंजीनियर्स फेडरेशन के एके जैन और राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद व राज्य कर्मचारी महासंघ के सभी नेताओं ने लामबंद होकर निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मियों के साथ आंदोलन चलाने की घोषणा की। महापंचायत में राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर्स संगठन के संरक्षक सतनाम सिंह, अध्यक्ष अजय कुमार, महासचिव बलबीर यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अवधेश कुमार यादव, जीबी पटेल व जय प्रकाश ने संघर्ष के प्रस्ताव का समर्थन किया। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के प्रमुख पदाधिकारी संजय सिंह चौहान, जितेन्द्र सिंह गुर्जर, छोटे लाल दीक्षित आदि शामिल हुए।

### कई संगठनों ने की आंदोलन के समर्थन की घोषणा

संयुक्त किसान मोर्चा के नेता डॉ. दर्शन पाल और ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल के कार्यकारी निदेशक रमानाथ झा ने बिजली महापंचायत को ऑनलाइन संबोधित किया। साथ ही प्रदेश के बिजली कर्मचारियों को सभी किसान संगठनों की ओर से खुले समर्थन की घोषणा की। राज्य कर्मचारियों की ओर से सतीश पांडेय, शशि कुमार मिश्रा, एसपी तिवारी, हरिशरण मिश्र, मनोज पांडेय, अमरनाथ यादव, सुरजीत सिंह निरंजन, अटेवा के विजय बंधु व शिक्षक नेता रीना त्रिपाठी ने निजीकरण के विरोध में सामूहिक संघर्ष की घोषणा की। इसी तरह, उप्र पॉवर ऑफिसर्स एसोसियेशन के अध्यक्ष आरपी केन ने निजीकरण के विरोध में विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उप्र को समर्थन देने की घोषणा की।

### 9 जुलाई को होगी सांकेतिक हड़ताल

प्रदेश में किये जा रहे बिजली के निजीकरण के विरोध में 9 जुलाई को देश के 27 लाख बिजली कर्मी एक दिन की राष्ट्रव्यापी सांकेतिक हड़ताल करेंगे। हड़ताल की तैयारी में 2 जुलाई को देशभर में व्यापक विरोध किया जाएगा। बिजली महापंचायत में प्रस्ताव पारित कर यह फैसला लिया गया। प्रस्ताव में कहा गया है कि राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से बिजली सार्वजनिक क्षेत्र में रहना आवश्यक है। निजीकरण के बाद बहुराष्ट्रीय निजी कंपनियों के आने से देश की बिजली ग्रिड सुरक्षा प्रभावित हो सकती है।

# यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में दर्ज हुआ सोनभद्र का फॉसिल्स पार्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- मुख्यमंत्री योगी के इको टूरिज्म प्रयासों का असर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जीवाश्म पार्क को मिली ख्याति
- 1.4 अरब वर्ष पुराना पार्क प्राचीन बलुआ पत्थर में संरक्षित सबसे पुरानी सर्वश्रेष्ठ स्ट्रॉमैटोलाइट्स

**अमृत विचार :** योगी सरकार ने दुनिया के सबसे प्राचीन जीवाश्म पार्क में शुमार सोनभद्र के सलखन फॉसिल्स पार्क को विश्व धरोहर के लिए बनी सूची में शामिल करने में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। सलखन फॉसिल पार्क का विवरण अब यूनेस्को की वेबसाइट https://whc.unesco.org/en/tentativelists/6842/ पर देखा जा सकता है। इससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पर्यटन को नई उड़ान मिलेगी।

फॉसिल्स पार्क को यूनेस्को की सूची में दर्ज कराने के लिए 26 जून 2024 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उप्र इको पर्यटन विकास बोर्ड और राजधानी स्थित बीरबल साहनी पुरावनस्पति विज्ञान संस्थान के बीच एमओयू हुआ था। इसके तहत संस्थान की ओर से फॉसिल्स पार्क पत्थरों पर मौजूद जीवाश्म का अध्ययन किया गया, जिसमें 1.4 अरब वर्ष पुराने शैवाल और स्ट्रॉमैटोलाइट्स के जीवाश्म पाए गए। यह धरती पर प्राचीन जीवन के प्रमाण देते हैं। इन साक्ष्यों के आधार पर यूनेस्को की सूची में पार्क को शामिल करने के लिए आवेदन किया गया। जबकि विश्व की सूची में पहले से सम्मिलित अमेरिका के येलो स्टोन पार्क के जीवाश्म लगभग 50 करोड़ वर्ष पुराने, कनाडा के मिस्टेकन प्वाइंट के जीवाश्म लगभग 55 करोड़ वर्ष पुराने व कनाडा के जॉगिंस फॉसिल क्लिफ के जीवाश्म 31 करोड़ वर्ष पुराने हैं।

फिलहाल, सलखन फॉसिल्स पार्क को यूनेस्को की वर्ल्ड हेरिटेज की टेंटेटिव लिस्ट में शामिल किया गया है। राज्य के पर्यटन निदेशक प्रखर मिश्र ने बताया कि यूनेस्को की स्थाई सूची में दर्ज कराने के लिए डोजियर तैयार किया जा रहा है, जिसे जल्द ही भारत सरकार को सौंप दिया जाएगा। इसके बाद इसे यूनेस्को को भेजा जाएगा। उन्होंने उम्मीद जतायी है कि आगामी 2 वर्षों में फॉसिल्स पार्क को यूनेस्को की स्थायी सूची में स्थान मिल सकता है। इससे जहां अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश को ख्याति प्राप्त होगी, वहीं वैश्विक स्तर पर पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

### 25 हेक्टेयर में फैला है फॉसिल्स पार्क

पृथ्वी की प्राचीन धरोहर में बढ़ती राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रुचि के बीच सलखन फॉसिल पार्क कैमूर वन्यजीव अभयारण्य और विंध्य पर्वत श्रृंखला के बीच एक सुंदर भू-भाग में स्थित है। 25 हेक्टेयर में फैला यह स्थल प्राचीन बलुआ पत्थर में संरक्षित कुछ सबसे पुरानी और सर्वश्रेष्ठ स्ट्रॉमैटोलाइट्स (प्राचीन, परतदार, सूक्ष्मजीवों से बने चट्टान के गठन) का घर है, जो लगभग 1.4 अरब वर्ष पुरानी हैं। ये जीवाश्म सूक्ष्मजीव संरचनाएं पृथ्वी पर जीवन के सबसे प्रारंभिक रूपों का प्रतिनिधित्व करती हैं और ग्रह के जैविक अतीत में महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि प्रदान करती हैं।

### दो दिवसीय दौरे पर आज काशी पहुंचेंगे शाह और योगी

**अमृत विचार, लखनऊ :** काशी मंगलवार को ऐतिहासिक मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक की मेजबानी करने जा रहा है। इसकी अध्यक्षता के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचेंगे। बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी रहेंगे। सभी मुख्यमंत्री सोमवार शाम लाल बहादुर शास्त्री एयरपोर्ट पर अमित शाह का स्वागत करेंगे। सभी अतिथि काशी कोतवाल काल भैरव और बाबा विश्वनाथ का दर्शन करने के बाद मुख्यमंत्री योगी द्वारा आयोजित रात्रिभोज में शामिल होंगे। मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक मंगलवार को करीब सुबह 11 बजे से 2 बजे तक ताज होटल में प्रस्तावित है। बैठक को लेकर प्रशासन तैयारियों को अंतिम रूप दे रहा है। सुरक्षा की भी चाक चौबंद व्यवस्था की गई है। बैठक में चारों राज्यों के मुख्य सचिव समेत कई विशिष्टजन और नीति आयोग के साथ अंतरराज्यीय परिषद के प्रतिनिधि भी भाग लेंगे। वहीं गृह मंत्री अमित शाह के वाराणसी आगमन पर भाजपा ने परंपरा के अनुरूप 11 स्थानों पर स्वागत की तैयारी की है। गृह मंत्री काशी के विश्व प्रसिद्ध हस्तशिल्प जीआई टैग उत्पादों की प्रदर्शनी में भी हिस्सा लेंगे। इसमें काशी के 10 विशिष्ट जीआई-टैग वाले उत्पाद प्रदर्शित होंगे।

# ऑनलाइन व डिजिटल कार्य में बिहार से पीछे यूपी की टीम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- यूपी के मुकाबले बिहार के करीब नौ गुना अफसर-कर्मियों ने ली ट्रेनिंग
- भारत सरकार के मिशन कर्मयोगी योजना के आंकड़ों से हुआ खुलासा

**अमृत विचार :** ऑनलाइन और डिजिटल काम करने में यूपी के अफसर-कर्मचारी बिहार से भी पीछे है। यह खुलासा ऑनलाइन कार्मिक प्रशिक्षण देने वाली भारत सरकार की मिशन कर्मयोगी योजना के आंकड़ों से हुआ है। हाल यह है कि यूपी के मुकाबले बिहार के करीब नौ गुना अधिक अफसर-कर्मियों ने ट्रेनिंग ली है। यहां ट्रेनिंग के लिए पंजीकरण कराने से भी लोग कतरा रहे हैं। अब मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्मिक विभाग ने सख्त निर्देश जारी किए हैं।

डिजिटल और ऑनलाइन कार्य करने की दक्षता व प्रशिक्षण हासिल में बिहार ने पूरे देश में झंडे गाड़े हैं। जबकि उत्तर प्रदेश दूसरे और आंध्र प्रदेश तीसरे स्थान पर है। रिपोर्ट के अनुसार बिहार में इस योजना के तहत 28 मई तक कुल 13,71,134 कर्मियों को प्रशिक्षण के लिए चिन्हित किया गया। इनमें से 9,67,886 कर्मियों का डिजिटल प्रशिक्षण व कोर्स पूरा करने के लिए नामांकन हुआ है, जिसमें बिहार के 6,43,784 कर्मचारियों ने ट्रेनिंग पूरी कर ली है। काम काज भी शुरू कर दिया है। इसके मुकाबले उत्तर प्रदेश में स्थिति चिंताजनक है। यहां 28 मई तक कुल 9,14,845 अधिकारी व कर्मचारी पंजीकृत हुए। इनमें से सिर्फ 1,30,936 कर्मियों का कोर्स के लिए पंजीकरण हुआ हैं। इसमें से भी महज 74,096 की ही ट्रेनिंग पूरी हुई। यानी बिहार की तुलना में यूपी के कर्मचारी अभी मिशन कर्मयोगी के तहत डिजिटल कौशल प्रशिक्षण में काफी पीछे हैं। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी 24 मई को दिल्ली में मिशन कर्मयोगी के बारे में बैठक की थी।

मिशन कर्मयोगी का मुख्य उद्देश्य अधिकारियों कर्मचारियों को पारंपरिक कार्य प्रणाली से आगे ले जाकर डिजिटल माध्यमों पर दक्ष बनाना है। इसके अंतर्गत उन्हें ई-ऑफिस, ई-गवर्नेस, ऑनलाइन फाइल निपटान, डिजिटल डाटा मैनेजमेंट, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सुरक्षा जैसे विषयों पर ऑनलाइन पाठ्यक्रमों के जरिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### यूपी में सिर्फ 14 फीसदी नामांकन

मिशन कर्मयोगी के आंकड़ों पर नजर डालें तो बिहार में लगभग 70 प्रतिशत कर्मियों का नामांकन पूरा हो चुका है, जबकि उत्तर प्रदेश में यह प्रतिशत महज 14 के आसपास है। यूपी में डिजिटल दक्षता के मामले में अभी बहुत काम होना बाकी है। प्रमुख सचिव कार्मिक एम देवराज ने यूपी की खराब स्थिति की समीक्षा की है। उन्होंने कार्मिकों का नामांकन बढ़ाए जाने के साथ प्रशिक्षण पूरा करने पर जोर दिया है।

## वर्ग पहेली-10

**बाएं से दाएं**

3. चीन देश की भाषा।
4. नदी, सरिता।
7. तपन, उष्णता, गरमी।
8. 1. कंपकपी 2. कांपना।
9. 1. पृथक, अलग, किसी स्थान विशेष से हट कर, फासले पर 2. देशकाल के विचार से बहुत अंतर पर।
10. किसी चीज़ को ख़ूब दलना और मलना, अच्छी तरह कुचलना

**ऊपर से नीचे**

1. बहुत बड़ी नदी।
2. 1. खुरचना, खोदना 2. लकीर खींचना 3. कंघी करना, बाल झाड़ना।
5. 1. किसी को उतरने में मदद करना 2. प्रतिलिपि करवाना, नकल करवाना।
6. 1. अस्पृश्यता, अस्पृश्य मानने की प्रथा, एक सामाजिक बुराई 2. हिंदुओं में जन्म के आधार पर ऊंच-नीच का भेद करने का विचार 3. एक प्रकार का रोग।
7. 1. चार वेदों से ग्रहण की गई लौकिक कलाओं या विद्याओं का सामूहिक नाम




### वर्ग पहेली -9 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 कु | | | 2 अ | घी |
| | 3 बे | सु | रा | | मि | |
| | | म | | | य | |
| 4 अ | ति | श | यी | 5 क | र | ण |
| ग | | र | | 6 री | स | |
| वा | | | | म | | 7 गि |
| 8 न | जू | ल | | | 9 लौ | नी |

## सुडोकू-17

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | | | | 5 | | 2 |
| | | | 8 | | | | 1 | |
| | 9 | 2 | | | 7 | | 3 | |
| 2 | 4 | | | 5 | | 7 | 9 | |
| | | 9 | | | | 8 | | |
| | 7 | 3 | | 1 | | | 5 | 4 |
| | 5 | | 6 | | | 2 | 8 | |
| | 2 | | | | 3 | | | |
| 6 | | 1 | | | | | 4 | 9 |

### सुडोकू - 16 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 7 | 8 | 9 | 6 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 4 | 5 | 7 | 2 | 6 | 9 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 2 | 8 | 7 | 5 |
| 9 | 3 | 5 | 6 | 2 | 4 | 7 | 8 | 1 |
| 8 | 4 | 1 | 3 | 7 | 9 | 5 | 2 | 6 |
| 7 | 6 | 2 | 5 | 1 | 8 | 3 | 9 | 4 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 5 | 7 |
| 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 |
| 1 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 | 3 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 23 जून, सोमवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी-22.09 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पूर्व ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-कृतिका 15.16 तक तत्पश्चात रोहिणी।

**मेष :** आज आपके ऊपर काम का काफी दबाव रहेगा लेकिन उसे आप जिम्मेदारी पूर्वक निभा ले जायेंगे। व्यापार की स्थिति सामान्य रहेगी। ग्लैमर क्षेत्र से जुड़े लोगों को मेहनत का शानदार लाभ मिलेगा। परिवार के साथ अच्छा समय बितायेंगे। वैवाहिक जीवन रोमान्टिक रहेगा।

**वृष :** आज आप परिजनों का विशेष ध्यान रखेंगे। युवा प्रेमी परिवार में विवाह को लेकर चर्चा कर सकते हैं। विद्यार्थी उच्च शिक्षा संस्थानों में प्रवेश ले सकते हैं। कार्यक्षेत्र का वातावरण आपके अनुकूल रहेगा। इसके कारण आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन :** आज प्रेमी जोड़े किसी पर्यटन स्थल की ओर घूमने जा सकते हैं। मित्रों से आपको पर्याप्त सहायता प्राप्त होगी। अपने दिल की बात प्रेमीजन से कर सकते हैं। आर्थिक स्थिति काफी संतोषजनक रहेगी। तनाव आपके पाचन पर कुप्रभाव उत्पन्न करा सकता है।

**कर्क :** आज कार्यस्थल पर आपका प्रदर्शन बेहतरीन रहेगा। कानूनी मामलों में आपको विजय प्राप्त होगी। अटके हुए कार्यों में सुधार आने की संभावना है। परिवार के लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। पिता से आपको उत्तम सहयोग प्राप्त होगा।

**सिंह :** आज आप हर स्थिति में अपनी पूरी क्षमता और दक्षता के साथ काम करते रहेंगे। लोग आपकी ओर खिंचते चले आयेंगे। सही समय पर उचित निर्णय लेने के कारण लोग आपकी प्रशंसा करेंगे। प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिलने के आसार हैं।

**कन्या :** आज जीवनसाथी के साथ एकांत के पल बितायेंगे। जिसके कारण तनावमुक्त और ऊर्जावान महसूस करेंगे। आप लोगों के लिए प्रेरणा बन सकते हैं। पुराने कर्जों को उतारने के पूरे अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में अधिकारी वर्ग की शिकायत दूर कर देंगे।

**तुला :** आज विद्यार्थियों के लिए समय बहुत ही अच्छा रहने वाला है। भूमि संबंधी खरीदारी की योजना बनेगी। सभी कार्य सोच-समझकर ही करें। रिश्तेदारों से लाभ प्राप्त होगा। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में कामयाब रहेंगे। मौसमी बीमारियों को लेकर सावधान रहें।

**वृश्चिक :** आज जीवनसाथी के साथ आप पर्यटन के लिए जा सकते हैं। सरकारी योजनाओं का आपको लाभ मिलेगा। अविवाहित लोगों का विवाह तय होने के योग बन रहे हैं। सभी काम निरंतर गति से पूर्ण होते रहेंगे। परिजनों के साथ आपको समय बिताना चाहिए।

**धनु :** आज ऑनलाइन करोबार से आपको जबरदस्त लाभ मिल सकता है। कमीशन से जुड़े मामलों के लिए बेहद शुभ है। होटल इण्डस्ट्री से जुड़े लोगों की आय बढ़ सकती है। लोग आपकी कार्यप्रणाली की प्रशंसा करेंगे। घरवालों के साथ वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**मकर :** आज सामाजिक कार्यों में आप जुड़ सकते हैं। आप अपने लक्ष्यों के प्रति दृढ़ प्रतिज्ञ रहेंगे। कारोबारी यात्रा होने की प्रबल संभावना है। दांपत्य संबंधों में परस्पर समर्पण की भावना का विकास होगा। प्रेमी जन की भावनाओं का सम्मान करें।

**कुंभ :** आज समाजसेवी संस्थाओं से आप जुड़ने का प्रयास कर सकते हैं। पुराने मित्रों से आपकी मुलाकात हो सकती है। प्रेमी जन से अपने दिल की बात कर सकते हैं। वकालत के पेशे से जुड़े लोगों को बड़े केस मिल सकते हैं।

**मीन :** आज धन से जुड़ी समस्याओं का निदान होने की संभावना है। साझेदारी के व्यापार में आपको लाभ मिलेगा। आप अपने विरोधियों पर भारी पड़ेंगे। जमीन और संपत्ति से आपको धन लाभ होगा। युवाओं को अपनी योग्यता का प्रदर्शन करने के अवसर मिलेंगे।

क्षिप्रं विजानाति चिरं शृणोति विज्ञाय चार्थं भते न कामात्।
नासम्पृष्टो व्युपयुङ्क्ते परार्थे तत् प्रज्ञानं प्रथमं पण्डितस्य ॥

ज्ञानी लोग किसी भी विषय को शीघ्र समझ लेते हैं, लेकिन उसे धैर्यपूर्वक देर तक सुनते रहते हैं। किसी भी कार्य को कर्तव्य समझकर करते है, कामना समझकर नहीं और व्यर्थ किसी के विषय में बात नहीं करते।

## संपादकीय

# अमेरिकी हमलों के बाद

इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध में अमेरिका भी कूद पड़ा है। अमेरिका ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोकने के मकसद से इजराइल की ओर से शुरू किए गए हमलों में शामिल होते हुए रविवार तड़के तीन ईरानी परमाणु केंद्रों पर हमले किए। बमबारी से क्षेत्रीय तनाव और बढ़ गया। चिंता की बात है कि वर्तमान भू-राजनीतिक तनाव बड़े पैमाने पर संघर्ष को जन्म दे सकते हैं। ईरान को कमजोर करने के लिहाज से अमेरिका का यह एक जोखिम भरा कदम है, जिससे बड़े पैमाने क्षेत्रीय संघर्ष छिड़ने की आशंका है। विशेषज्ञों के मुताबिक दुनिया के तीसरे विश्व युद्ध के कगार पर होने की बात एक जटिल और चिंताजनक स्थिति है। क्योंकि मध्य पूर्व में सैन्य हस्तक्षेप अक्सर अनपेक्षित परिणाम और क्षेत्रीय अस्थिरता का कारण बनते हैं। इसलिए मध्य पूर्व में शांति और स्थिरता न केवल क्षेत्र के लिए बल्कि वैश्विक स्तर पर भी महत्वपूर्ण है। ऐसे में विभिन्न देशों ने कूटनीतिक समाधान तलाशने और संयम बरतने की अपील की। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने कहा है कि वह ईरान के परमाणु केंद्रों पर अमेरिका के बम हमलों से चिंतित हैं। इस बात का जोखिम है कि यह संघर्ष तेजी से नियंत्रण से बाहर जा सकता है जिसके नागरिकों, क्षेत्र और दुनिया के लिए विनाशकारी परिणाम हो सकते हैं। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बढ़ते तनाव पर ईरान के राष्ट्रपति पेजेशकियान से बात करके चिंता जताई। यह अब तक का सबसे गंभीर संकट है और इसे आगे बढ़ने से रोका जा सकता है। मध्य पूर्व में शांति और सुरक्षा स्थापित करने के लिए कूटनीति ही एकमात्र रास्ता है, यह एक व्यापक रूप से स्वीकृत विचार है। कूटनीति, जो आपसी समझ और सहयोग पर आधारित है, स्थायी शांति और स्थिरता लाने में अधिक प्रभावी साबित हो सकती है। सैन्य हस्तक्षेपों के बजाय, बातचीत और राजनयिक प्रयासों के माध्यम से संघर्षों को सुलझाने पर जोर दिया जाता है। यह आवश्यक है कि दुनिया के देश कूटनीति और बातचीत के माध्यम से इन तनावों को कम करने के लिए मिलकर काम करें और यह सुनिश्चित करें कि परमाणु हथियारों का उपयोग न किया जाए। कूटनीति के माध्यम से ही शांति और सुरक्षा के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। जरूरी है कि सहयोग और विश्वास-निर्माण के प्रयासों को बढ़ावा देकर बहुपक्षीय कूटनीति का उपयोग हो। निःसंदेह मध्य पूर्व में शांति और सुरक्षा स्थापित करने के लिए। कूटनीति को एक महत्वपूर्ण और प्रभावी साधन के रूप में अपनाया जाना चाहिए।

# दुनिया जल रही है, मगर पहरेदार मौन है



वीरेंद्र कुमार
स्वतंत्र लेखक

> उधर भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से चला आ रहा विवाद- विशेष रूप से जम्मू-कश्मीर को लेकर-संयुक्त राष्ट्र के लिए एक चुनौतीपूर्ण परीक्षण रहा है। लेकिन यह स्पष्ट रूप से कहा जाना चाहिए कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है, और रहेगा।

बीते कुछ वर्षों में अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर जिस गति से युद्ध, टकराव और राजनयिक असंतुलन की घटनाएं बढ़ी हैं, उसने पूरी दुनिया को एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र की भूमिका पर सोचने को मजबूर कर दिया है। विशेष रूप से 24 फरवरी 2022 को शुरू हुआ रूस-यूक्रेन युद्ध अब तीसरे वर्ष में प्रवेश कर चुका है, और इसके प्रभाव केवल पूर्वी यूरोप तक सीमित नहीं हैं। लाखों नागरिक विस्थापित हुए, हजारों मारे गए, और यूक्रेन का बुनियादी ढांचा - स्कूल, अस्पताल, जल और बिजली संयंत्र -बर्बाद हो चुका है। वैश्विक खाद्य संकट गहराया है क्योंकि रूस और यूक्रेन, दोनों गेहूं और तेल बीजों के बड़े निर्यातक रहे हैं। इस भयावहता के बावजूद संयुक्त राष्ट्र की भूमिका बेहद सीमित और प्रतीकात्मक रही है। रूस, जो सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य है, हर निर्णायक प्रस्ताव पर वीटो का प्रयोग करता है। यूएन महासभा ने युद्ध की निंदा करते हुए कई प्रस्ताव पारित किए, लेकिन वे केवल 'अनुशंसा' हैं, बाध्यकारी नहीं। संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अध्याय VI के अंतर्गत शांतिपूर्ण समाधान की अपील और अध्याय VII के अंतर्गत दबावयुक्त कार्रवाई -दोनों ही कानूनी रूप से संभव हैं, लेकिन स्थायी सदस्य देशों की राजनीतिक सहमति के अभाव में कभी प्रभावी रूप से लागू नहीं हो पाते। यह स्थिति संयुक्त राष्ट्र की सबसे गंभीर विफलताओं में गिनी जा सकती है।

उधर भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से चला आ रहा विवाद - विशेष रूप से जम्मू-कश्मीर को लेकर-संयुक्त राष्ट्र के लिए एक चुनौतीपूर्ण परीक्षण रहा है। लेकिन यह स्पष्ट रूप से कहा जाना चाहिए कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है, और रहेगा। यह कोई विवादित क्षेत्र नहीं, बल्कि भारतीय गणराज्य की एक संवैधानिक और ऐतिहासिक इकाई है, जिसे पाकिस्तान बार-बार आतंकवाद के माध्यम से अस्थिर करने की कोशिश करता रहा है। वास्तव में, पाकिस्तान दशकों से आतंकवाद को राज्य नीति के रूप में इस्तेमाल करता आया है- वह लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद, हिजबुल

> 2024 में जब ईरान और इज़रायल के बीच अप्रत्यक्ष युद्ध खुलकर सामने आया - जिसमें इज़रायल ने दमिश्क में ईरान के कांसुलेट पर हमला किया, और ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड के वरिष्ठ कमांडर मारे गए -तब यह स्पष्ट था कि प्रतिक्रिया गंभीर होगी।

मुजाहिदीन जैसे संगठनों को पनाह और प्रशिक्षण देता है, जो भारत में निर्दोष नागरिकों की हत्याएं करते हैं। 26/11 से लेकर पुलवामा तक और उरी से लेकर पठानकोट तक, हर हमले की जड़ें पाकिस्तान में पाई गई हैं। और यह सब तब है जब पूरी दुनिया जानती है कि ओसामा बिन लादेन जैसे वैश्विक आतंकी को भी पाकिस्तान ने अपने सैन्य अड्डों के पास वर्षों तक छिपा रखा था। फिर भी संयुक्त राष्ट्र, जो आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई का दावा करता है, इन गंभीर तथ्यों पर खामोश रहता है। पहलगाम में हुए हमले, जिसमें यात्रियों को धर्म पूछकर मारा गया, यह दिखाता है कि यह लड़ाई सीमा की नहीं, सभ्यता और बर्बरता की है। मगर एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र ने वही ढुलमुल बयान दिया -'दोनों पक्ष संयम बरतें'। क्या अब भी यह स्वीकार किया जाएगा कि आतंकवाद के शिकार और पोषक को एक ही तराजू में तौला जाए? इसी प्रकार, इज़राइल और हमास के बीच का संघर्ष भी संयुक्त राष्ट्र की 'सामर्थ्यहीनता' को उजागर करता है। अक्टूबर 2023 में जब हमास ने इज़राइल पर रॉकेट हमले किए और इज़राइल ने जवाबी हमले में गाज़ा पट्टी को लगभग खंडहर बना दिया, तब भी संयुक्त राष्ट्र केवल 'गंभीर चिंता' और 'संयम बरतने' की अपीलों तक सीमित रहा। गाज़ा में संयुक्त राष्ट्र राहत एवं कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) के स्कूलों और शरणार्थी शिविरों पर हमले हुए, जिनमें महिलाओं और बच्चों की जान गई। फिर भी सुरक्षा परिषद कोई निर्णायक प्रस्ताव पारित नहीं कर सकी क्योंकि अमेरिका ने इज़राइल के खिलाफ किसी भी प्रस्ताव पर वीटो का प्रयोग किया। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या मानवाधिकारों का उल्लंघन भी अब राजनीतिक संबद्धता के आधार पर मापा जाएगा? यूएन चार्टर के अनुच्छेद 1(3) में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि "मानवाधिकारों और मूल स्वतंत्रताओं के लिए सम्मान को प्रोत्साहित और बढ़ावा देना" संयुक्त राष्ट्र के प्रमुख उद्देश्यों में शामिल है। लेकिन जब फिलिस्तीनी बच्चे मलबों में दफन हो जाएं और विश्व संस्था केवल 'चिंता व्यक्त' करे, तो यह लक्ष्य एक खोखला आदर्श बन जाता है। यही नहीं, कई स्वतंत्र मानवाधिकार समूहों ने संयुक्त राष्ट्र की निष्क्रियता पर गंभीर सवाल उठाए और इसे 'नैतिक दिवालियापन' तक कहा।

2024 में जब ईरान और इज़रायल के बीच अप्रत्यक्ष युद्ध खुलकर सामने आया - जिसमें इज़रायल ने दमिश्क में ईरान के कांसुलेट पर हमला किया, और ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड के वरिष्ठ कमांडर मारे गए -तब यह स्पष्ट था कि प्रतिक्रिया गंभीर होगी। अप्रैल 2024 में, पहली बार ईरान ने सीधे मिसाइल और ड्रोन हमलों के माध्यम से इज़राइल की ओर जवाबी कार्रवाई की, जिससे दोनों देशों के बीच दशकों पुरानी छाया-लड़ाई एक खुले युद्ध में बदल गई। यह स्थिति जून 2025 तक और गहराती गई, जब तीन दिनों तक मिसाइलें, ड्रोन, साइबर अटैक और वायुसेना हमले दोनों ओर से चलते रहे। इस पूरे घटनाक्रम के दौरान संयुक्त राष्ट्र केवल आपात बैठकें बुलाता रहा और "क्षेत्रीय स्थिरता बनाए रखने" जैसी सामान्य अपीलें जारी करता रहा। अमेरिका और रूस की भिन्न रणनीतियों के चलते कोई भी ठोस प्रस्ताव पारित नहीं हुआ। यह प्रतिक्रियाएं तब और भी निराशाजनक लगती हैं जब यह संघर्ष पूरी मध्य-पूर्व की स्थिरता और वैश्विक तेल आपूर्ति को संकट में डाल चुका था। क्या यह वह स्थिति नहीं थी जब संयुक्त राष्ट्र को ठोस, निष्पक्ष और साहसिक निर्णय लेना चाहिए था? संयुक्त राष्ट्र के पास ताक़त की कमी नहीं है, लेकिन उसके अंदर निर्णय लेने की संरचना ही सबसे बड़ी बाधा है। यूएन चार्टर का अध्याय VII स्पष्ट रूप से कहता है कि अगर कोई देश अंतर्राष्ट्रीय शांति को खतरे में डालता है, तो उसके खिलाफ आर्थिक प्रतिबंध से लेकर सैन्य हस्तक्षेप तक की कार्रवाई की जा सकती है। मगर व्यवहार में, सुरक्षा परिषद के पाँच स्थायी सदस्य -अमेरिका, रूस, चीन, फ्रांस और ब्रिटेन -अपने-अपने राजनीतिक और आर्थिक हितों के आधार पर वीटो का प्रयोग करते हैं। यह वीटो किसी प्रस्ताव को पारित होने से रोक सकता है, भले ही वह प्रस्ताव बाकी सभी देशों द्वारा समर्थित हो। यही कारण है कि चाहे रूस का यूक्रेन पर हमला हो, या इज़राइल का गाजा में सैन्य अभियान, या फिर चीन का दक्षिण चीन सागर में सैन्य विस्तार -यदि कोई स्थायी सदस्य उस देश का मित्र है, तो संयुक्त राष्ट्र केवल बयान तक सीमित रह जाता है। यह ढांचा अब न्याय की बजाय सत्ता के समीकरणों को प्राथमिकता देता है। यहीं से संयुक्त राष्ट्र की नैतिकता पर प्रश्नचिह्न लगने लगते हैं, और वैश्विक जनमत में इसकी साख गिरती चली जाती है।

आज जब दुनिया जल रही है- कहीं युद्ध, कहीं दमन, कहीं मानवाधिकारों का संहार -तब सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिस संस्था को द्वितीय विश्व युद्ध के बाद शांति स्थापना के उद्देश्य से बनाया गया था, वह अपने मौलिक कर्तव्यों से विमुख क्यों हो गई है। संयुक्त राष्ट्र की सबसे बड़ी विफलता यह है कि वह निष्पक्ष न्याय के बजाए कूटनीतिक संतुलन के पीछे छिप गया है। क्या अब समय नहीं आ गया कि इसके ढांचे में आमूलचूल बदलाव हो? क्या यह जरूरी नहीं कि वीटो की व्यवस्था पर पुनर्विचार हो, और अंतर्राष्ट्रीय न्याय को सदस्य देशों की मर्जी पर न छोड़ा जाए? वरना आज जो चुप्पी हम देख रहे हैं, वही कल किसी और देश की तबाही की गूंज में बदल सकती है- और तब शायद कोई भी संस्था इतनी विश्वसनीय न रह पाए कि उस पर भरोसा किया जा सके। अगर संयुक्त राष्ट्र को प्रासंगिक बनाना है, तो उसे मौन दर्शक की भूमिका से बाहर आना ही होगा।

## प्रसंगवश

# विधवाओं को आर्थिक सुरक्षा की जरुरत

दिवस विशेष



अरविंद जयतिलक
वरिष्ठ पत्रकार

आज अंतर्राष्ट्रीय विधवा दिवस है। यह दिन विधवाओं के लिए पूर्ण अधिकार और मान्यता प्राप्त करने के लिए कार्यवाही का अवसर का भी दिन है। गत वर्ष पहले सर्वोच्च न्यायालय ने वृंदावन सहित देश के अन्य शहरों में रह रही विधवाओं के मसले पर सुनवाई करते हुए गंभीर टिप्पणी की थी। उसने कम उम्र की विधवाओं के आश्रमों में रहने पर चिंता जताते हुए सरकार से जानना चाहा था कि विधवा विवाह को कल्याणकारी योजनाओं का हिस्सा क्यों नहीं होना चाहिए। न्यायमूर्ति मदन बी लोकुर व न्यायमूर्ति दीपक गुप्ता की पीठ ने कहा था कि विधवाओं के पुनर्वास की बात तो की जाती है लेकिन उनके विवाह के बारे में कोई बात नहीं करता। सर्वोच्च अदालत ने दो टूक कहा था कि सामाजिक बंधनों से मुक्त होकर विधवाओं के पुनर्वास से पहले उनके विवाह को प्रोत्साहन देने की जरुरत है। सर्वोच्च न्यायालय ने सरकार के सॉलिसिटर जनरल के इस आश्वासन पर कि विधवाओं के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना है और विधवा गृहों में रहने वाली महिलाओं के लिए वोकेशनल ट्रेनिंग की योजना है पर नाराजगी जताते हुए कहा था कि आपकी योजनाएं सिर्फ कागजों पर दिखती हैं। जबकि जमीनी हकीकत कुछ और ही है। तब न्यायालय ने सुझाव दिया था कि विधवा गृहों में रह रही महिलाओं को पास के बाल सुधार गृह और वृद्धा आश्रमों में मौका दिया जाना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि देश में सर्वाधिक विधवाएं राधा-कृष्ण की नगरी वृंदावन में रहती हैं। उन्हें अपनी जीविकोपार्जन के लिए मंदिरों में भजन-कीर्तन करने के अलावा अन्य कई कार्य करने पड़ते हैं। ध्यान दें तो भजन-कीर्तन के एवज में उन्हें महज पांच रुपए से पचास रुपए तक मिलते हैं और वे इन पैसों से बमुश्किल अपनी जरुरतें पूरी कर पाती हैं। कई स्वयंसेवी संगठनों ने अपने सर्वेक्षण में पाया है कि विधवाएं अपनी भूख मिटाने के लिए न सिर्फ भीख मांगती हैं बल्कि कुछ विधवाएं तो अपनी जरुरत पूरा करने के लिए कई घरों में चौका-बर्तन भी करती हैं। भरपेट भोजन न मिलने से वे एक जिंदा लाश के रुप में तब्दील होती जा रही हैं। इसी का कुपरिणाम है कि उन्हें कई तरह की गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है।

फोग्सी फेडरेशन ऑफ ओब्स्टेट्रिक एंड गायनकोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इंडिया द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में पाया गया कि वृंदावन में वास कर रही विधवा माताओं में तकरीबन 25 प्रतिशत महिलाओं में कैल्सियम की भारी कमी है और उनकी हड्डियां खोखली हैं। 10 प्रतिशत विधवाएं डायबिटिज और 60 प्रतिशत एनेमिक की शिकार हैं। 98 प्रतिशत विधवाएं रक्तचाप से पीड़ित हैं और 60 प्रतिशत विधवाएं पेट संबंधी गंभीर बीमारियों की चपेट में हैं। वृंदावन धार्मिक नगरी है और मंदिरों के लिए प्रसिद्ध है। वृंदावन का शाब्दिक अर्थ है तुलसी का वन। यहां आश्रमों में हजारों की तादाद में विधवाएं रहती हैं। यहां के प्रसिद्ध बांके बिहारी मंदिर का इलाका हो अथवा इस्कॉन मंदिर का इलाका, माथे पर तिलक और गले में कंठी धारण किए कम उम्र व उम्रदराज विधवाएं देखी जा सकती हैं। आमतौर पर माना जाता है कि यहां रह रही विधवाएं कृष्ण भक्त हैं और मोक्ष के लिए आई हैं। लेकिन एक सच यह भी है कि इनमें से कई विधवाएं ऐसी भी हैं जो स्वयं से यहां नहीं आई हैं। अधिकांश परित्यक्ताएं हैं जो या तो अकेले होने के कारण या घरवालों के खराब व्यवहार के कारण परेशान होकर यहां आकर बस गई हैं। ज्यादतर विधवाओं के परिवार में या तो कोई सदस्य नहीं बचा है या उनके परिवार वाले उनकी देखभाल को तैयार नहीं हैं। समाज के रिश्ते-नातों और दुनिया के रंगों से अलग कर दी गयी ये विधवाएं बदलते वक्त के साथ समाज की मुख्य धारा में लौटना चाहती हैं। इन विधवाओं में कई के मन में विवाह बंधन में बंधने की लालसा भी है। लेकिन समाज की दकियानुसी बेड़ियों के कैद से मुक्त हो पाना इनके लिए पहाड़ लांघने जैसा है। आज जरूरत इस बात की है कि सरकार के साथ-साथ समाज भी विधवाओं के प्रति मानवीय और उदार बने। विधवाओं के जीवन को सुगम बनाने की जिम्मेदारी सिर्फ सरकार के कंधे पर ठेलकर निश्चिंत नहीं हुआ जा सकता।

# कबाड़ और विरासत में भेद करने का विवेक



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> भारतीय समाज में एक विशेष प्रवृत्ति देखी जाती है - अतीत का व्यामोह।

हर जीवन प्रणाली-जैविक हो या सांस्कृतिक-स्वयं के भीतर एक अपशिष्ट-निर्माण तंत्र रखती है। यह एक्सक्रीटा केवल शारीरिक नहीं, बौद्धिक और सांस्कृतिक भी होता है। कोई भी प्रणाली यदि अपने ही उत्पादित एक्सक्रीटा को न पहचान सके, न अलग कर सके, न निष्कासित कर सके-तो वह जड़, अस्वस्थ और अंततः आत्म-घाती हो जाती है।

भारत की मौजूदा सभ्यता इस रोग से ग्रस्त है। हम पुरातन के मोह और पश्चिम के परजीवित्व के द्वंद्व में फंसे हुए हैं, जहां हम न तो अपना कबाड़ फेंक पा रहे हैं, न बाहर का कबाड़ पहचान पा रहे हैं। हमारी सोच में अपशिष्ट-बोध का अभाव है। इस पूरे ढांचे में हमारी संस्कृति, हमारी तकनीकी नीति, और हमारी बौद्धिकता-सब एक सांस्कृतिक जंकयार्ड में बदल गई हैं।

भारतीय समाज में एक विशेष प्रवृत्ति देखी जाती है - अतीत का व्यामोह। यह उस स्मृति-विन्यास का हिस्सा नहीं है जो परंपरा को जीवित रखता है, बल्कि वह अंधा मोह है जो कबाड़ को विरासत समझ बैठता है। सांस्कृतिक संस्थाएं-संग्रहालय, अकादमियां, विश्वविद्यालय-इन सबमें यह व्यामोह व्याप्त है। वे विचारों और प्रतीकों के कूड़े को 'स्मृति' और 'गौरव' के नाम पर सहेजते हैं। कबाड़ और एंटीक के बीच का अंतर ग़ायब हो चुका है। फलस्वरूप, हमारी संस्कृति गतिशील परंपरा के बजाय एक स्थिर, दुर्गंधयुक्त संस्कृति-वस्त्रालय बन गई है - जहां वस्त्र नहीं, उनके चिथड़े हैं।

भारतीय विकास की एक मूलभूत समस्या है -टेक्नोलॉजी का जुगाड़ आयात। जब कोई तकनीक पश्चिम में पुरानी हो जाती है, जब वहां उसका मूल्यह्रास हो चुका होता है, तब हम उसे 'नई' मानकर भारत में अपनाते हैं। यह स्पिलओवर इफेक्ट भारत के लिए 'आयातित विकास' का आधार बन चुका है।

लेकिन मशीनें अपने आप नहीं चलतीं। उन्हें प्रशिक्षित मानव चाहिए। तकनीकी साक्षरता, कार्य संस्कृति, रखरखाव की नीतियां, और प्रयोग में उद्देश्यबोध। परंतु भारत इस दिशा में बेहद खोखला है। हमारे पास तकनीकें तो हैं, पर आदमी नहीं हैं। जुगाड़ से केवल कुछ मशीनें चलती हैं, सभी नहीं और समाज तो कतई नहीं। नतीजा यह होता है कि भारत जंक टेक्नोलॉजी का कब्रिस्तान बन जाता है - उन मशीनों का संग्रहालय जो चली नहीं, और उन तकनीकों का स्मारक जो समझी नहीं गईं।

हमारे विश्वविद्यालयों और पाठ्यक्रमों में वही यूरो-अमेरिकन विचार पढ़ाए जाते हैं, जिन्हें वहां के समाजों ने 30-40 साल पहले त्याग दिया था। पोस्टमॉडर्निज़्म, डेरीदा, फ्रायड, मार्क्स, हबर्मास, कींस, सैमुएल्सन-इन सबका अध्ययन वहां आलोचनात्मक ढंग से हो चुका है, पर यहां उन्हें धर्मग्रंथों की तरह पढ़ाया जाता है।

वहीं भारतीय ज्ञान परंपरा-न्याय, सांख्य, योग, मीमांसा, लोक-कथाएं, दार्शनिक आख्यान-या तो गायब हैं या उन्हें रूढ़िवादी कैदी के रूप में दिखाया जाता है। आधुनिक भारतीय शिक्षा नीति में न तो पश्चिम की आधुनिकता का विवेक है, न भारत की परंपरा की आत्मा।

आज के सोशल मीडिया-प्रेरित बौद्धिक वर्ग में विचारों की गहराई नहीं, ट्रेंड की सतही व्याकुलता है। एक विचार वायरल होता है, फिर सड़ जाता है। बिना संदर्भ, बिना समीक्षा, बिना परिपक्वता-केवल बौद्धिक टिक-टॉक बनकर रह जाता है।

ट्विटर थ्रेड्स, इंस्टाग्राम रील्स, यूट्यूब शॉर्ट्स- इन माध्यमों ने सोचने के समय और स्थान को छीन लिया है। वे विचारों को उपभोक्ता-सामग्री बनाते हैं, न कि बौद्धिक अनुशासन का साधन। और इसी कचरे से हमारा नव-बौद्धिक वर्ग पनप रहा है-ज्ञान नहीं, राय का साम्राज्य।

एक स्वस्थ सभ्यता वही होती है जो यह जानती हो कि कब क्या छोड़ना है। आत्म-शुद्धि, आत्म-आलोचना, और परंपरा की समयोचित संधियों के बिना कोई भी संस्कृति जीवित नहीं रहती। इसके लिए जरूरी है-कबाड़ और विरासत में भेद करने का विवेक। पुरातनता के मोह से बाहर निकलने की ईमानदारी। विदेशी विचारों को आत्मसात करने की बजाए उनकी जांच-परख मूल्यहीन हो चुकी टेक्नोलॉजी को केवल 'नई' मानने की प्रवृत्ति का त्याग शिक्षा को बौद्धिक स्वराज की दिशा में मोड़ना

हमें सांस्कृतिक अपशिष्ट-बोध की आवश्यकता है-ऐसा विवेक जो कबाड़ को कबाड़ समझ सके, और असली चीज़ को संरक्षित कर सके। बिना इसके हम केवल कबाड़ संग्रहकर्ता रहेंगे, निर्माता नहीं।

## सोशल फोरम

# डरा हुआ मध्यम वर्ग



डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

द ग्रेट इंडियन मिडिल क्लास आजकल थोड़ा हिला हुआ है। थोड़ा डरा हुआ भी है। एयर इंडिया के प्लेन क्रैश ने उसे अंदर से हिला दिया है। उसका भरोसा दरका है इस सिस्टम से... कि कहीं न कहीं कुछ प्रॉब्लम तो है। और, अब वह डर गया है युद्ध से। दुनिया अचानक से अशांत हो उठी है और भारत का मिडिल क्लास भविष्य की डरावनी संभावनाओं से आशंकित है। वह युद्ध से इसलिए डर गया है कि तमाम विशेषज्ञ आशंकाएं जता रहे हैं कि युद्धों के इस सिलसिले और अंतर्राष्ट्रीय तनावों के गहराते जाने से वैश्विक जीडीपी के लुढ़कने का खतरा सामने आ गया है, भारत भी इस लपेटे में आएगा ही आएगा और...इन सबके कारण पहले से ही आर्थिक चुनौतियों से जूझते भारतीय मिडिल क्लास की परेशानियां और अधिक बढ़ेंगी।

ईरान इजरायल युद्ध और मध्यपूर्व में बढ़ते तनावों ने तेल की कीमतों के बढ़ने की आशंकाएं पैदा कर दी हैं, इधर महंगाई भी कुलांचें भरने को तैयार ही है। निवेश की प्राथमिकताएं तय करने में अब सरकारें नए सिरे से सोच रही हैं। भारत भी सोच विचार की मुद्रा में है। भारतीय वायुसेनाध्यक्ष ने वायुसेना के आधुनिकीकरण की प्रक्रिया के मंद रहने को लेकर क्षोभ व्यक्त किया है और रक्षा विशेषज्ञों का समूह भी चेतावनी दे रहा है कि भारत को अपनी रक्षा प्रणाली को चाक चौबंद करने के लिए बड़े पूंजी निवेश के बारे में गंभीरता से सोचना ही होगा। युद्ध और मध्य वर्ग की आर्थिक आकांक्षाओं के बीच भारी अंतर्विरोध हैं। हाल में युद्धों के बढ़ते सिलसिलों ने उसके मन में इस अंतर्विरोध को अधिक स्पष्ट रूप से रेखांकित किया है। वह चाहता है कि अब यह सब खत्म हो और नेता लोग उसकी बेहतरी के लिए अपने दिमाग और देश के संसाधनों को लगाएं। लेकिन, मुश्किल यह है कि नवउदारवाद के हिलोर में भारतीय ही नहीं, दुनिया के अनेक हिस्सों में मध्य वर्ग के जिस मानस का विकास हुआ है, उसने जिन और जैसे नेताओं को राजनीति के रंगमंच पर प्रतिष्ठापित किया है, उनमें "कंस्ट्रक्टिव थिंकिंग" का अभाव है। उनकी डोर लोकतांत्रिक आकांक्षाओं से अधिक कॉरपोरेट के हितों से संचालित होती है।

**-फेसबुक वॉल से**

# कूनो में चीता पुनर्वास पर वैज्ञानिक अध्ययन



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

> दक्षिणी अफ्रीका में चीतों के अवलोकन से दर्ज किए गए अनुभवों से पता चलता है कि नए परिवेश में अनुकूलन की प्रक्रिया चीता के व्यक्तिगत व्यवहार पर निर्भर करती है।

प्रकृति और जीवों के विकास क्रम में मॉलिक्यूलर और जेनेटिक स्तर पर क्या घटित होता है और किस प्रकार से जीव अपने परिवेश के प्रति एक समयावधि में अनुकूलन कर लेते हैं यह बात भारत में मध्यप्रदेश के कूनो अभयारण्य में चीते की पुनर्स्थापना से साबित होती है। अफ्रीका के नामीबिया और साउथ अफ्रीका से लाए गए चीतों को कूनो में स्थापित करने से पहले वहां के चीतों के बारे में दो किस्म का डाटा जुटाया गया था- परिवेश और चीतों का आनुवंशिक विकास। कूनो में चीतों के पुनर्वास की दो वर्ष की अवधि में जीव विज्ञानियों ने बारीकी से किए गए अवलोकन से मिली जानकारी के आधार पर कुछ खास पहलुओं को ध्यान में रखते हुए तीन स्टडीज को डिजाईन किया और कूनों में छोड़े गए चीतों के बारे में नया डाटा जुटाया। ये तीनों अध्ययन फ्रंटियर्स इन कंज़र्वेशन साइंस जर्नल के 9 जून 2025 के अंक में प्रकाशित हुए हैं जो एनवायरनमेंटल और जूलॉजिकल साइंस में अभी तक किए गए अध्ययनों में जानकारी के हिसाब से आश्वस्त करने वाले अधिक हैं।

1952 में भारत से चीता विलुप्त घोषित किया गया। 75 वर्ष बाद नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से भारत में 20 चीतों का स्थानांतरण और पुनर्वास एक समग्र पारिस्थितिकीय पहल है जिसका उद्देश्य देश में चरागाहों और खुले वन पारिस्थितिकी तंत्रों में शिकार प्रजातियों की सुरक्षा और अन्य लुप्तप्राय जीवों की रक्षा करते हुए चीता की आबादी को पुनर्जीवित करना है। सन 2022 और 2023 में भारत में नामीबिया से आठ और साउथ अफ्रीका से 12 चीते लाए गए थे। प्रारंभ में चीतों के लिए कूनो अभ्यारण्य के परिवेश में खुद को ढालना चुनौती रहा।

नामीबिया से लाए गए बीस चीतों में से मरने वाले दस की ऑटोप्सी रिपोर्ट में मौत का कारण कार्डियोवैस्कुलर फैल्योर, मादा से हुई झड़प में घायल होना, अंतरंगों की कमजोरी, मैगॉट्स के पर्याक्रमण से उत्पन्न माइयासिस रोग बताया गया। फ्रंटियर्स जर्नल में प्रकाशित तीन पेपर्स में चीता पुनर्वास से संबंधित विस्तृत जानकारी के विश्लेषण से निकाले गए निष्कर्षों में लिखा है कि प्रोजेक्ट चीता की आलोचनाएं वैचारिक पूर्वाग्रहों, अति सरलीकृत अनुमानों और सनसनीखेज कथाओं पर आधारित थीं न कि विज्ञानविधि के अनुसार गहन अवलोकन और निरीक्षण पर आधारित की गईं। दो शोधपत्रों में इशेंदु जोशी, स्टेफ़नी क्लारमैन, लुई वाल, जेम्स डिमेल्बी, बोगडान क्रिस्टेस्कु, कथम बंद्योपाध्याय, निकोला जेन रूनी और लॉटरी मार्कर शामिल रहे। शनाह मुलिया, वैभव माथुर, हेमंत सिंह, अभिषेक, संजयन कुमार और गोबिंद भारद्वाज और अन्य आठ द्वारा प्रस्तुत शोध एवं समीक्षा पत्रों में दिए गए निष्कर्षों से पता चलता है कि कूनो अभ्यारण्य की पारिस्थितिकी में चीतों द्वारा अनुकूलन करने की क्षमता है। भारत में चीतों के लिए कूनो की सीमाओं के भीतर की पारिस्थितिकी और चीतों द्वारा विस्तृत भू-भाग में विचरण करते समय उपयोग में लाए जाने वाले तौर-तरीकों के पारिस्थितिकीय प्रभाव को वैज्ञानिक बारीकियों के रूप से परिभाषित करना अभी जल्दबाजी होगी, ऐसा भी कहा गया।

दक्षिणी अफ्रीका में चीतों के अवलोकन से दर्ज किए गए अनुभवों से पता चलता है कि नए परिवेश में अनुकूलन की प्रक्रिया चीता के व्यक्तिगत व्यवहार पर निर्भर करती है। कूनो के स्थानीय संदर्भ यथा, भू-दृश्य, जलकुंड और प्रवाहित जल-धाराएं, वर्षाकाल की आर्द्रता, वर्षभर के तापमान में उतार-चढ़ाव, शिकारी जंतुओं और चीता के लिए शिकार की उपलब्धता, छाया और सूखा, जंगल में वृक्षों, घास और झाड़ियों का घनत्व, मनुष्य आबादी की निकटता, सूर्य रश्मियों और अल्ट्रावायलेट किरणों की प्रखरता जोकि चीता के चमड़ी और बालों में रंग परिवर्तन कर सकती है, आदि के बारे में डाटा जुटाया गया। अनुभवजन्य पिछला डाटा और इस नए डाटा से उन्नत और सूक्ष्म समझ पैदा हुई जिससे परियोजना का अध्ययन करने वालों द्वारा चीतों के पुनर्वास और संरक्षण प्रयास का मूल्यांकन किया गया। परियोजना अभी प्रारंभिक चरण में है और, निश्चित निष्कर्ष तब निकलेंगे जब कूनों में चीतों की पांच-छः पीढ़ियां विकसित हो जाएंगी और इनकी संख्या बढ़ेगी। कूनो नेशनल पार्क के मुख्य क्षेत्र से परे पड़ोसी संरक्षित क्षेत्रों को शामिल करते हुए एक भूदृश्य-स्तरीय विस्तार रणनीति लागू की जा रही है जिसके लिए गुजरात में बन्नी घास के मैदान और मध्य प्रदेश में गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य में चीतों के अतिरिक्त विचरण एवं प्रजनन क्षेत्र तैयार किए जा रहे हैं। इस प्रकार भारत में तीन स्थलों से चीतों के संरक्षण सम्बन्धी डाटा जुटा कर इनके पुनर्वास की कारगरता की परीक्षा इंसानी पहल किए जाने से कुदरत ही एक बार पुनः तय करेगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# 24 घंटे गुल रही शहर की बिजली विधायक ने एसडीओ को फटकारा

## कभी फाल्ट तो कभी इनकमिंग फुंकी, परेशान हो गए उपभोक्ता


पावर हाउस में प्रदर्शन करते लोग। अमृत विचार


एसडीओ को फटकार लगाते सदर विधायक डॉ .मनोज प्रजापति। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** बिजली को लेकर शहर में हाहाकार मचा है। शनिवार रात लोग सो नहीं सके और बिजली का इंतजार करते रहे। रविवार को पावर हाउस की इनकमिंग खराब होने की बात कह विभागीय अधिकारी उपभोक्ताओं को बरगलाते रहे। बमुश्किल 20 मिनट सप्लाई दी गई। इसके बाद से शहर की सप्लाई फिर ठप कर दी। ऐसे में लोग सिर्फ बिजली कहां से गई, कब आएगी। यही पता लगाते रहे। इधर पावर हाउस पहुंचे सदर विधायक डॉ. मनोज प्रजापति एसडीओ को जमकर फटकारा।

शहर में बिजली की अघोषित कटौती पिछले पांच दिनों से जारी है। हल्की हवा के साथ बूंदाबांदी होते ही पावर हाउस से बिजली बंद कर दी जाती है। जैसे ही मौसम साफ होता है तो फाल्ट आने की बात कह कुछ देर में बिजली आने का हवाला दिया जाता है, लेकिन कुछ देर का मतलब एक आधा घंटा नहीं बल्कि सात से आठ घंटे लग जाते हैं। शनिवार शाम करीब छह बजे बारिश होते ही शहर अंधेरे में डूब गया। रात भर रोशनी पाने को तरस गया। उपभोक्ता गर्मी से परेशान छतों पर टहलते नजर आए। किसी तरह अंधेरे का सामना कर चुके लोगों ने सोचा चलो सुबह तो बिजली मिल ही जाएगी, लेकिन सुबह छह बजे सप्लाई मिलते ही गुल कर दी गई। फिर कहा जाने लगा कि पावर हाउस की इनकमिंग मशीन फुंक गई है।

सुबह से शुरू हुआ काम शाम तीन बजे खत्म हुआ तो बिजली के दर्शन हुए। लेकिन इसके चंद मिनटों बाद बारिश होते ही बिजली बंद कर दी गई। अब कहा जा रहा है कि सुमेरपुर से आई लाइन में बारिश की वजह से फाल्ट आ गया है। बिजली विभाग के सारे अधिकारी फाल्ट ढूंढने निकल पड़े । लगातार 24 घंटे बिजली न मिल पाने से लोगों का धैर्य टूटता चला गया। इसको लेकर लोग कहते हैं कि यहां जिला मुख्यालय पर सारे वरिष्ठ अधिकारी रहते हैं उनके बंगलें जनरेटर से गुलजार हैं। उन्हें बिजली आने न आने से कोई फर्क नहीं पड़ता है। जब यहां बिजली अधिकारी यह हाल किए हैं तो ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोक्ताओं की जिंदगी कितनी बदतर होगी। खबर लिखे जाने तक बिजली आपूर्ति बाधित थी।

**05** दिनों से जारी है शहर में बिजली की अघोषित कटौती

### विधायक बोले, सरकार की छवि खराब कर रहे अधिकारी

- शहर में पिछले पांच दिनों से बिजली संकट है। बिजली संकट के बीच सदर विधायक डॉ. मनोज प्रजापति पावर हाउस पहुंचे। उन्होंने एसडीओ शहवाज खान को आड़े हाथों लिया। कहा पांच दिनों से बिजली नहीं दे रहे हो। ऐसा करने से सरकार की छवि धूमिल हो रही है।

### सब स्टेशन पहुंचे तहसीलदार फोटो खिंचवाकर लौटे

- विधायक के पावर हाउस पहुंचने की सूचना पर तहसीलदार भी पहुंचे। इनकमिंग मशीन की खराबी की जानकारी ली और उपस्थिति दर्ज कराने को लेकर फोटो भी खिंचवाया और खिसक लिए।

### 25 घंटों में मात्र 15 मिनट सप्लाई, किया घेराव

- करीब 25 घंटे से बाधित विद्युत आपूर्ति को लेकर जनाक्रोश बढ़ता जा रहा है। रविवार को 15 मिनट बिजली दी गई। इससे नाराज अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष भगवानदास दीक्षित लोगों के साथ पहुंचे। अधिशासी अभियंता के खिलाफ नारे लगाए। जनाक्रोश बढ़ता देख सदर एसडीएम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

# विद्युत उपकेंद्र का घेराव कर प्रदर्शन

संवाददाता, मुस्करा (हमीरपुर)



जेई के खिलाफ नारेबाजी करते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** एक हफ्ते से अधिक समय से विद्युत व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। परेशान कस्बावासियों सहित उपकेंद्र से जुड़े 20 से अधिक गांवों के लोगों ने विद्युत उपकेंद्र पहुंच अवर अभियंता के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

कस्बा निवासी सुमित सोनी ने बताया कि पिछले एक हफ्ते से विद्युत व्यवस्था पूरी तरह से धड़ाम है। भीषण गर्मी में लोग पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं। 24 घंटे में महज 5 से 6 घंटे ही विद्युत आपूर्ति बमुश्किल मिल पा रही है। बताया जरा सी बारिश पर बिजली गुल हो जाती है। रात-रात भर गायब रहती है। बीते दो दिन से विद्युत आपूर्ति 48 घंटे में से मात्र 6 घंटे ही मिली है। आसपास लगे हुए हैंडपंप खराब पड़े हैं। ऐसे में लोग दूर-दूर से पीने का पानी लाने को मजबूर हैं। लोगों ने विद्युत उपकेंद्र का घेराव कर अवर अभियंता चंद्रप्रकाश के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कहा यदि विद्युत आपूर्ति व्यवस्था का यही हाल रहा तो सड़कों पर उतरकर अनशन प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। इस मामले में अवर अभियंता चंद्रप्रकाश से संपर्क करने की कोशिश की तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। उधर लोगों ने विद्युत उपकेंद्र के अभियंता को बदलने की बात कहते हुए एसडीओ और एक्सईएन विद्युत विभाग राठ को लिखित सूचना देने की बात कही है।

**बंडा मवईजार को दो दिन से नहीं मिली बिजली:** सुमेरपुर संवाददाता के अनुसार पिछले दो दिनों से विदोखर सब स्टेशन से जुड़े बंडा, मवईजार की बिजली गुल होने से ग्रामीण परेशान हैं। अधिकारी सिर्फ आपूर्ति बहाल करने का आश्वासन दे रहे हैं। पिछले तीन दिनों से हो रही बारिश ने बिजली आपूर्ति में जबरदस्त व्यवधान डाला है। विदोखर सब स्टेशन से जुड़े बंडा, मवईजार में पिछले दो दिनों से आपूर्ति ठप है। बंडा के पूर्व प्रधान संजय सिंह, मवईजार के पूर्व प्रधान महेश कुमार शिवहरे ने बताया कि 2 दिन से आपूर्ति बाधित रहने के कारण बच्चे, बूढ़े, महिलाएं परेशान हैं। जलापूर्ति भी बाधित है। अधिकारियों ने रविवार से आपूर्ति बहाल करने का आश्वासन दिया है।अवर अभियंता महेश चंद्र तिवारी ने बताया बारिश के साथ होने वाली गर्जना से इंसुलेटर ध्वस्त हो रहे हैं। इससे आपूर्ति में बाधा उत्पन्न हो रही है। तार टूटने की घटनाएं भी बढ़ी हैं। लाइन की मरम्मत करा दी गई है।

### बिजली ट्रिपिंग से उपभोक्ता परेशान

- **कुरारा।** कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति के दौरान कटौती होने से लोग उमस भरी गर्मी से परेशान हैं। इससे पेयजल आपूर्ति में भी अवरोध हो रहा है। अघोषित कटौती से लोग परेशान हैं। लोगों ने बताया कि विद्युत आपूर्ति लगातार एक घंटे भी नहीं मिल पा रही है। कई बार विद्युत की ट्रिपिंग होती रहती है।

## एक नजर

### युवती को भगा ले जाने की तहरीर दी

**बिवांर (हमीरपुर)।** मध्य प्रदेश के जनपद छतरपुर के खड्डी गांव की युवती अपने परिजनों के साथ ईट भट्ठा में मजदूरी करती थी। उसी भट्ठा में थानाक्षेत्र के छानी गांव निवासी अभिषेक कुशवाहा मजदूरी करता था। जहां से युवती को प्रेम के जाल में फंसा कर तीन दिन पहले अपने साथ भगा ले गया। युवती के माता पिता ने युवक के खिलाफ पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने की थाना में तहरीर दी है। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि मां की तहरीर मिली है। युवती के परिजनों को घाटमपुर के थाने में तहरीर दिए जाने की सलाह दी गई है।

### फोन से गाली-गलौज व धमकी देने पर रिपोर्ट दर्ज

**बिवांर (हमीरपुर)।** थानाक्षेत्र के महेरा गांव निवासी चंद्रपाल पुत्र मुन्नीलाल राजपूत ने थाने में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि नागपुर में रहकर पेंटिंग का कार्य करता है। उसके साथ रह रहे गांव निवासी कपिल विश्वकर्मा से शत्रुघ्न पुत्र दिव्या राजपूत ने जानकारी ली तो फोन से उसे बुरी बुरी गाली दे नाले में काटकर फेंकने की धमकी देने लगा। जिसकी रिकॉर्डिंग फोन पर है। उसकी धमकी से भयभीत वह नागपुर से घर आ गया है। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### संदिग्ध हालात में वृद्ध ने जहरीले पदार्थ का सेवन किया, भर्ती

**राठ।** कोतवाली क्षेत्र के धमना गांव में 60 वर्षीय एक वृद्ध ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया है। धमना निवासी ग्यासी पुत्र दलसिंह ने शनिवार रात करीब साढ़े 8 बजे जहरीले पदार्थ का सेवन कर जान देने का प्रयास किया। ग्यासी की हालत बिगड़ने पर मौजूद परिजनों ने सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है।



पुस्तक विमोचन करते आयोजक। अमृत विचार

# 'जख्मों की काश्त' का किया गया विमोचन

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** कस्बा सहित क्षेत्र के विख्यात शायर मास्टर मसरूर अहमद मसरूर के सम्मान में अंतरराष्ट्रीय पटल पर आयोजित मुशायरे में उनकी किताब का विमोचन हुआ। बीते 19 जून को कतर की राजधानी दोहा में एएमयू एलुमनी एसोसिएशन कतर ने उर्दू साहित्य के शायर की साहित्यिक विरासत के सम्मान में एक भावनात्मक अंतरराष्ट्रीय किताब का विमोचन एवं मुशायरा आयोजित किया। कार्यक्रम में उनकी मरणोपरांत प्रकाशित कविता-संग्रह "ज़ख्मों की काश्त" का औपचारिक विमोचन किया गया। हालांकि बीते साल कस्बे में आयोजित मुशायरे में भी उनकी किताब का विमोचन किया गया था। मुशायरा और विमोचन कार्यक्रम में दुनिया के प्रतिष्ठित साहित्यकारों, साहित्य प्रेमियों और समुदाय के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जामिया मिल्लिया इस्लामियां के प्रसिद्ध कहानीकार एवं शायर प्रो. गजनफर अली ने की, जिन्हें उर्दू साहित्य में उनके योगदान के लिए सम्मानित भी किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रख्यात शायर आलोक कुमार श्रीवास्तव (शाज़ जहानी) और विशिष्ट अतिथि प्रसिद्ध साहित्यिक मुजफ़्फर नायाब ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। तीनों को एएमयूएएक्यू के अध्यक्ष जावेद अहमद, उपाध्यक्ष फैसल नसीम और महासचिव मो फरमान ख़ान ने शॉल और प्रमाणपत्र भेंट कर सम्मानित किया। संचालन अध्यक्ष डॉ. नदीम जफर जिलानी ने किया। आसिफ शफी और डॉ. हसन रिजवी द्वारा लिखे गए आलोचनात्मक लेखों ने पुस्तक को साहित्यिक गहराई प्रदान की। प्रो. गजनफर अली ने अपने विशिष्ट शैली में मसरूर साहब को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान प्रो. गजनफर अली, शाज जहानी, मुजफ्फर नायाब, डॉ. नदीम दानिश, अजीज नबील, आसिफ़ शफी, अनवर मकसूद, रकीम आजमी और ममनून अहमद बंगश आदि शायरों ने सुंदर कलाम पेश किए।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

# दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

**बिवांर (हमीरपुर)।** बलात्कार व पास्को एक्ट के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। थानाक्षेत्र के एक गांव की 16 वर्षीय किशोरी को तीन माह पहले कांशीराम कॉलोनी निवासी विकास सोनी बहला फुसलाकर भगा ले गया था। किशोरी की मां ने अज्ञात युवक के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस दोनों की तलाश में लगी रही। युवक किशोरी को अहमदाबाद ले जाकर शारीरिक शोषण करता रहा है। तीन दिन पहले किशोरी को युवक बांधुर तिराहा के पास छोड़कर फरार हो गया था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने किशोरी को बरामद कर लिया। पुलिस ने किशोरी के अदालत में बयान दर्ज कराकर डाक्टरी परीक्षण कराया। जिसमें युवक के किशोरी के साथ बलात्कार किए जाने की पुष्टि हुई थी। रविवार सुबह राठ रोड में नहर पुलिया के पास युवक के खड़े होने की सूचना पर एसआई रविंद्र कुमार ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

# ससुरालीजनों ने विवाहिता को घर से निकाला, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, राठ

**अमृत विचार।** कस्बे के सिकंदरपुरा निवासी महिला ने पति सहित सास, ससुर पर अतिरिक्त दहेज में 50 हजार रुपये व बाइक की मांग पूरी न करने पर आक्रोशित होकर उसके साथ गाली गलौज व मारपीट की। रात में उसे प्रताड़ित कर धक्के मारकर घर से बाहर निकलने का आरोप लगाया है। पीड़ित महिला ने रविवार को राठ कोतवाली में घटना की तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई।

राठ कस्बे के सिकंदरपुर इलाके की निवासी महिला हेमा पुत्री संतोष ने रविवार को राठ कोतवाली में मामले की लिखित तहरीर देकर बताया कि उसका विवाह 3 जुलाई वर्ष 2020 को महोबा जनपद के चरखारी थाना क्षेत्र के इमिलिया डांग गांव के निवासी हर नारायण पुत्र प्रकाश के साथ हिंदू रीति रिवाज से संपन्न हुआ था। बताया कि उसके पिता ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान दहेज देकर रुपए विदा किया था। बताएं कि विवाह के कुछ समय के बाद उसका पति हरनारायण के अलावा ससुर प्रकाश और सास सुखिया कम दहेज मिलने का ताना देकर उसे प्रताड़ित करते हुए उसके साथ गाली गलौज और मारपीट करने लगे। अतिरिक्त दहेज में मायके से बाइक और 50 हजार रुपये लाने का दबाव बनाने लगे। पिता की गरीबी का हवाला देकर असमर्थता जताई तो पति सहित ससुरालियों ने 28 मई को जेवरात छीन कर उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। पति के संसर्ग से वह दो बच्चों की मां भी है। बताया उसके एक बच्चे को छीन धक्के मारकर घर से बाहर निकाल दिया। उसने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। कोतवाल ने बताया कि प्रकरण की जांच कराकर कार्रवाई कराई जाएगी।

# रुक-रुककर बारिश, गर्मी से मिली निजात

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** रविवार को दिन भर मुख्यालय में रुक-रुककर बारिश हुई। कभी रिमझिम तो कहीं झमाझम बारिश से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। हालांकि बारिश के बाद भी तापमान में बहुत अधिक बदलाव नहीं आया। न्यूनतम तापमान एक डिग्री सेल्सियस कम होकर 27 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। वहीं अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस पर बना रहा। बारिश की वजह कई मोहल्लो में पानी भर गया। जिससे लोगों को कीचड़ भरे रास्ते से परेशान होकर गुजरना पड़ा।


बारिश से भीगते लोग। अमृत विचार

जिले में मानसून सक्रिय हो गया है। शनिवार की शाम हुई लगभग आधे की बारिश के बाद रविवार को दिन भर रुक रुककर बारिश होती रही। दिन भर आसमान में बादल छाए रहने से मौसम सुहाना बना रहा।बारिश के बाद से वातावरण में उमस कम हो गई, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली।बारिश के बावजूद तापमान में कमी नहीं आई। हालांकि मौसम में उमस बनी रही। मौसम विभाग की मानें तो जिले में मानसून आ गया है। और अब तेज बारिश होगी। बारिश से मुख्यालय की सड़कों पर जल भराव की स्थिति रही। लोगों को बारिश के बाद कीचड़ भरे रास्ते से हो कर गुजरना पड़ा। वहीं मुख्यालय के कांशीराम कालोनी, आदर्श नगर, पठकाना, चौरादेवी मंदिर, मेरापुर, भिलावा, डिग्गी आदि मुहल्लो में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई।

- बारिश के चलते अधिकतम और न्यूनतम पारा गिरा

## सार-संक्षेप


खदान में जांच करते अधिकारी। अमृत विचार

### झांसी के पट्टाधारक ने राठ में खोदी मौरंग

**हमीरपुर ।** मौरंग के अवैध खनन के मामले आए दिन सोशल मीडिया पर चलाए जा रहे हैं। राठ क्षेत्र में ग्राम जिगनी के पास झांसी से संचालित खरवांच खंड- दो में हुए अवैध खनन का मामला आम लोगों द्वारा उछाले जाने के बाद अधिकारियों की नींद टूटी। जिलाधिकारी के निर्देश पर राजस्व और खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने ग्राम जिगनी में मौरंग खंड की जांच की। जिसमें 2244 घन मीटर मौरंग का अवैध खनन किया जाना पाया गया है। जनपद झांसी व जालौन के कुछ मौरंग खंड जिले से होकर संचालित किए जा रहे हैं। यह खंड बेतवा व धसान नदी पर चल रहे हैं। यह पट्टा धारक नदी की जलधारा में अवैध अस्थायी पुल बनाकर जनपद से होकर अपना व्यवसाय कर रहा है। जनपद झांसी के खंड संचालक खरवाच- दो के पट्टा धारक मेसर्स भरोसा सरकार कांट्रेक्टर एंड सप्लायर्स के मौरंग खंड पर अवैध खनन का मामला सोशल मीडिया पर आने के बाद डीएम ने राजस्व और खनिज विभाग के अधिकारियों से जांच को निर्देशित किया। रविवार को राजस्व और खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने ग्राम जिगनी में झांसी के खरवांच खंड- दो की जांच की। अधिकारियों ने पाया कि इस खंड के प्रोपाइटर उनके प्रतिनिधि महेंद्र राजपूत अपने स्वीकृत खनन क्षेत्र के बाहर जिले की सीमा पर गाटा संख्या-1271 ग्राम जिगनी में धसान नदी के नाम दर्ज अभिलेखों में 2244 घन मीटर मौरंग का अवैध खनन किया है। इस मामले में पट्टा धारक पर नोटिस की कार्रवाई की गई है।

### घर में घुसकर मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**मौदहा।** थाना बिवांर क्षेत्र के ग्राम छानी खुर्द निवासी एक ड्राइवर को नशे में नाले में पड़े होने पर गांव के युवक को बाहर निकालना उस वक्त महंगा पड़ गया जब वह उसी के ऊपर आक्रामक हो गया और गाली गलौज कर मारपीट कर दी। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। मनोज कुमार पुत्र बच्चीलाल नामदेव ने पुलिस को बताया कि वह गांव के नरायनदास की लोडर गाड़ी चलाता है। 20 जून को सुबह करीब 10 बजे वह अपने गाड़ी मालिक से पैसे लेकर लौट रहा था। रास्ते में तलइया के पास रिंकू यादव शराब के नशे में मिला, जो नाले में गिर गया। उसने तत्काल गांव के ही रोहित को बुलाकर रिंकू को नाले से बाहर निकाला। उसके बाद रिंकू ने उसे अपशब्द कहे, जिसका विरोध करते हुए वह वहां से अपने घर लौट गया। थोड़ी देर बाद रिंकू लाठी लेकर उसके घर पहुंचा और उस पर हमला कर दिया। साथ ही गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### चादरपोशी के साथ दाता गरीब शाह का उर्स शुरू

**मौदहा।** कस्बे के मोहल्ला कुम्हरौड़ा स्थित हजरत दाता गरीब शाह का उर्स रविवार शाम चादरपोशी के साथ शुरू हो गया जबकि सोमवार को फातहा और लंगर के साथ उर्स का समापन होगा। कस्बे के मोहल्ला कुम्हरौडा स्थित सूफी संत हजरत दाता गरीब शाह का सालाना उर्स रविवार शाम चादरपोशी के साथ शुरू हो गया, चादरपोशी में अकीदत मंदों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। जबकि अगले दिन सोमवार को फातिहा और लंगर के साथ उर्स का समापन होगा। उर्स कमेटी ने अधिक से अधिक लोगों से उर्स के सभी कार्यक्रमों में हिस्सा लेने की अपील की है।

**निर्माण कार्य** लोगों की आवाजाही के बीच चलता रहा बैरिंग बदलने का नाम

# बारिश के बीच यमुना पुल की मरम्मत का हुआ काम

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** कानपुर सागर नेशनल हाईवे 34 स्थित यमुना नदी के पुल की दूसरे दिन रविवार को बारिश के बीच भी मरम्मत चलती रही। शनिवार सुबह से बंद यमुना पुल सोमवार की सुबह फिर से चालू कर दिया जाएगा। इन 48 घंटों में बारिश के दौरान कार्यदायी संस्था की टीम ने पुल की कोठी नंबर 15 की बैरिंग बदलने का काम किया है। रविवार को भी लोग वैसे ही पैदल पुल से आवाजाही करते रहे।


यमुना पुल पर मरम्मत करते कर्मचारी। अमृत विचार

इस दौरान सभी तरह के वाहनों की निकासी पर रोक थी। हाईवे का रखरखाव करने वाली कार्यदाई संस्था पीएनसी के चार इंजीनियर और करीब 15 एक्सपर्ट वर्करों ने शनिवार सुबह से पुल की मरम्मत का कार्य प्रारम्भ कर कोठी नंबर 17 की बैरिंग बदल दी थी। इसके बाद रविवार को दिन भर रुक रुककर हुई बारिश के बीच पुल की कोठी नंबर 15 की बेयरिंग बदलने का काम किया है। इस दौरान लोगों की पैदल आवाजाही भी बनी रही। छोटे बड़े. वाहनों को रूट डायवर्ड होने लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस दौरान लोगों ने 35 किमी का अतिरिक्त सफर न करना पड़े.। जिसको लेकर लगभग 5 किमी पैदल सफर करना ही मुनासिब समझा।

पीएनसी के प्रोजेक्ट मैनेजर एमपी वर्मा ने बताया कि शनिवार को कोठी नंबर 17 की दोनों बैरिंग को बदलकर उनके स्थान पर नई लगाईं थीं।रविवार को टीम ने कोठी नंबर 15 की बैरिंग बदलने का काम किया है जो बैरिंग लोहे की लगीं थी, उन्हें भी रिसेट करने का काम किया है। बैरिंग में ग्रीसिंग, आयलिंग के साथ साथ अन्य काम भी किए गए। सारा दिन टीम कोठी को दुरुस्त करने में लगी रही। सोमवार की सुबह छह बजे से एक बार फिर से पुल से वाहनों का आवागमन शुरू हो जाएगा।

# सड़क किनारे खोदी पाइप लाइन वाहनों के लिए बनी मुसीबत

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** क्षेत्र के कुरारा मनकी मार्ग में शनिवार रात एक ट्रक सड़क किनारे फंस गया। जिससे बड़े वाहनों का आवागमन ठप हो गया। इस पर कुरारा से ही कालपी होकर वाहन निकलते रहे। रविवार सुबह जेसीबी से ट्रक निकाल गया। तब कहीं बड़े वाहनों का आवागमन शुरू हो सका।

हमीरपुर में यमुना नदी के पुल का कार्य शनिवार रविवार को होने से कानपुर जाने वाले वाहन मनकी होकर निकाले जा रहे हैं। शनिवार रात करीब नौ बजे इस मार्ग में मिश्रीपुर गांव के पास कुरारा की तरफ से गया ट्रक क्रॉसिंग के दौरान रोड किनारे डाली गई अंडर ग्राउंड केबल लाइन में फंस गया। जिससे बड़े वाहनों का आवागमन बंद हो गया। मिश्रीपुर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि उमाशंकर ने बताया इस मार्ग पर रात में बड़े वाहन आते जाते नहीं है सिर्फ छोटे वाहनों का आवागमन होता रहा है। सुबह जेसीबी बुलाकर ट्रक को निकाल दिया गया। तब कहीं जाकर बड़े वाहनों का आवागमन शुरू हो सका।



कुरारा मनकी मार्ग पर कीचड़ में धंसा ट्रक। अमृत विचार

उधर हरौलीपुर चौकी पुलिस इंचार्ज राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि सुबह राजाराम इंटर कॉलेज के पास एक ट्रक सड़क किनारे फंसा था। सड़क किनारे नमामि गंगे योजना से डाली गई पाइप लाइन बरसात होने के कारण धंस गई है। इसी में ट्रक फंस जाते हैं। जाम की कोई भी समस्या नहीं है।

- हमीरपुर में यमुना पुल की मरम्मत को लेकर यहां से कानपुर के लिए निकाले जा रहे वाहन

# पहली बारिश में ही अस्पताल व कालोनी बने 'तलैया'

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** जिले में रविवार को हुई तेज बारिश से जगह-जगह जल भराव के चलते जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। बारिश के चलते जिला अस्पताल परिसर और डॉक्टर कॉलोनी में पानी भर जाने से मरीजों को आने जाने में भारी असुविधा हुई। डॉक्टरों और स्टाफ को आवास से बाहर निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ा। चिकित्सकों का कहना है कि हर साल बारिश में जल भराव की समस्या से जूझना पड़ता है। वहीं बारिश के बाद तापमान में गिरावट आने से लोगों ने उमस भरी गर्मी से राहत की सांस ली।



अस्पताल परिसर में भरा पानी। अमृत विचार



गांव की गली में जलभराव। अमृत विचार

- ग्रामीण अंचलों और शहर के कई इलाके जलमग्न

रविवार दोपहर करीब 12 बजे से शुरू हुई तेज बारिश करीब तीन घंटे तक चली, इससे शहर के शुक्रवारी बाजार, काजीपुरा, रोडवेज बस स्टैंड और परमानंद इलाका जलभराव से प्रभावित रहा। जल निकासी न होने से सड़कें नालियों में बदल गईं। वाहन चालकों को ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ा। पैदल चलने वालों को भी भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा। मार्गों में जलभराव के चलते बाइक चालकों को रास्ते बदलकर निकलना पड़ा।

बारिश से ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्थिति दयनीय हो गई। गांव की कच्ची गलियों में जल निकासी की सुविधा न होने से ग्रामीणों को आवागमन में भारी दिक्कतों का समना करना पड़ा। सदर तहसील के चिचारा गांव में कच्चे रास्तों पर पानी भर गया है। कई ग्रामीणों के मकानों में पानी घुस गया है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से गांव में जलनिकासी की उचित व्यवस्था नहीं है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्थिति खराब है। सदर तहसील के चिचारा गांव में कच्चे रास्तों पर पानी भर गया है। कई ग्रामीणों के मकानों में पानी घुस गया है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से गांव में जलनिकासी की उचित व्यवस्था नहीं है। नालियों की नियमित सफाई न होने से बरसात का पानी घरों तक पहुंच रहा है।

## गोवर्धन पूजा, श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं किया वर्णन

**जैतपुर।** जैतपुर नगर के गल्ला मंडी प्रांगण में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस पर धर्म, भक्ति और आध्यात्मिक रस की त्रिवेणी बह उठी। कथा के दौरान संकट मोचन सरकार के पीठाधीश्वर परम पूज्य सोनू महाराज ने गोवर्धन पूजा और भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का अत्यंत सुंदर, हृदयस्पर्शी एवं भावविभोर कर देने वाला वर्णन प्रस्तुत किया। उनकी ओजस्वी वाणी, शास्त्रीय संदर्भों से समृद्ध व्याख्या और भक्तिभाव ने समस्त श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

महाराज ने कथा के दौरान गोवर्धन पूजा का ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व बताया। साथ ही श्री कृष्ण के बाल स्वरूपों का वर्णन किया।

# मुख्यमंत्री आरोग्य मेला में 96 मरीजों की जांच

संवाददाता, जैतपुर महोबा

**अमृत विचार।** मुख्य चिकित्साधिकारी महोबा डॉ. आशाराम के निर्देशन में अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र जैतपुर डॉ. पवन राजपूत की देखरेख में अजनर और खमा गांव में लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के बाद 96 मरीजों की सेहत जांची गई। आरोग्य मेला में सुबह से ही ग्रामीण क्षेत्रों की भीड़ जुटी, जिनका पंजीयन करने के बाद इलाज किया गया।

विकास खंड जैतपुर के ग्राम अजनर में आरोग्य मेले में डॉ. रामकुमार वर्मा, डॉ. बैशाली सोनी, स्टाप नर्स भगवती, अरुण राजपूत, विनोद कुमार की मौजूदगी मे 44 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के बाद उनका उपचार किया गया।



मरीज का चेकअप करते चिकित्सक।

इस दौरान मरीजों को निःशुल्क दवा भी वितरित की गई। मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन ग्राम खमा में भी किया गया, जहां पर एक अन्य डॉक्टरों की टीम ने पहुंच कर 52 मरीजों का चेकअप करने के बाद उनका इलाज किया गया। इस मौके पर डॉ. पीएन शर्मा, डॉ. जेपी पस्तोर, डॉ. शैलेन्द्र सिह, प्रेनारायण, किरन यादव मौजूद रहे। अधीक्षक पवन राजपूत ने खमा मेले का निरीक्षण किया।

# रंजिश के चलते युवक की गोली मारकर हत्या

## श्रीनगर थाना क्षेत्र के मवई गांव का मामला, दो गुटों में हुआ विवाद

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** श्रीनगर थाना क्षेत्र के मवई गांव में दो गुटों में चुनावी रंजिश को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर दोनों गुटों में जमकर लाठी-डंडे चले, बाद में एक पक्ष ने गोली चला दी। जिससे दूसरे पक्ष के शैलेंद्र सिंह के सीने में गोली लगी, परिजन जिला अस्पताल ले गए। वहां से उसे मेडिकल कॉलेज झांसी के लिए रेफर कर दिया। देर रात उसकी उपचार दौरान मौत हो गई। पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।



घायल को अस्पताल ले जाते परिजन। अमृत विचार

मवई गांव निवासी प्रधान प्रतिनिधि पुष्पेंद्र सिंह की गांव के ही शैलेंद्र सिंह से चुनाव को लेकर रंजिश है। शनिवार शाम करीब 7:30 बजे शैलेंद्र गांव की दुकान पर गुटखा लेने गया था, तभी शैलेंद्र सिंह और पुष्पराज सिंह के बीच विवाद हो गया, विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों के लोगों आमने-सामने आ गए और मारपीठ होने लगी। इसी दौरान दूसरे पक्ष ने फायरिंग कर दी, जिससे शैलेंद्र सिंह के सीने में गोली लगी। गोली लगते ही शैलेंद्र सिंह जमीन पर गिर गया। जबकि दूसरे पक्ष के भी तीन लोग घायल हुए।

शैलेंद्र सिंह को गोली लगने के बाद ग्रामीण उसे जिला अस्पताल ले गए, जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत नाजुक देख उसे मेडिकल कॉलेज झांसी के लिए रेफर कर दिया। यहां पर उसकी उपचार के दौरान देर रात मौत हो गई। शैलेंद्र सिंह की मौत के बाद गांव में गमगीन माहौल हो गया है। घटना के बाद तनाव को देखते हुए और सुरक्षा की दृष्टि से गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

मामले में श्रीनगर थाना प्रभारी अवधेश मिश्रा का कहना है कि मृतक के अस्पताल में दिए गए बयान के आधार पर पहले जानलेवा हमला करने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। अब युवक की मौत के बाद हत्या की धाराएं जोड़ दी गई हैं। चार नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि फरार चल रहे दो लोगों की तलाश में दबिश दी जा रही है।



वार्ड का निरीक्षण करते ईओ। अमृत विचार

# सफाई कार्य में लापरवाही बरतने पर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** बारिश के चलते वार्डों में सफाई व्यवस्था का रविवार को नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार ने औचक निरीक्षण कर जायजा लिया। साथ ही उन्होंने अधीनस्थों को दिशा निर्देश देते हुए वार्डवासियों की समस्याओं का अविलम्ब समाधान करने के निर्देश दिये।

रविवार की सुबह नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी ने नगर के रायकोट वार्ड, जारीगंज एवं बंधान वार्ड में रायकोट वार्ड के सभासद राजेश सिंघानिया एवं जारीगंज वार्ड के सभासद अशफाक के साथ पैदल गली-गली घूमकर औचक निरीक्षण किया। वार्डवासियों ने अधिशासी अधिकारी से अपनी समस्याओं से अवगत कराया, जिस पर अधिशासी अधिकारी ने प्रभारी सफाईनायक सीताराम एवं बंधान वार्ड प्रभारी सफाईनायक धनीराम को लोगों की मांग के अनुरूप साफ. सफाई कराने के निर्देश दिये। ईओ ने सफाईनायकों को निर्देशित किया कि दोनों पालियों में उपस्थित रहकर अपने.अपने वार्डो में सफाई कराना सुनिश्चित करें। साथ ही बरसात के दिनों में सफाई नायक इस बात का विशेष ध्यान रखें कि उनके क्षेत्र में कहीं वॉटर लॉगिंग की समस्या उत्पन्न न हो। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि अब आये दिन नगर के वार्डो का औचक निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था को और भी दुरूस्त कराया जायेगा।

# त्योहारों में न शुरू करें नई परम्परा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में मोहर्रम पर्व के मद्देनजर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में डीएम ने आपसी सौहार्द के साथ त्योहार मनाए जाने की अपील की, साथ ही बिजली के जर्जर व लटकते तारों को दुरुस्त कराए जाने के संबन्धित विभाग को निर्देश दिए। उन्होंने पर्व पर कोई नई परम्परा शुरू न करने की भी बात कही।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि शासन द्वारा स्पष्ट निर्देश दिये गए हैं कि त्योहारों में कोई नई परम्परा शुरू नहीं की जाए। पूर्व की भांति आयोजन किया जाएगा, उन्होंने सभी उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारियों को निर्देश दिये कि वे क्षेत्र में जाकर आयोजन के रूट की व्यवस्थाओं का जायजा लें। उन्होंने कहा कि निर्धारित रूट पर ही जुलुस निकाला जाये और ताजियों की ऊंचाई कम रखी जाये, जिससे विद्युत तारों से उनका सम्पर्क न हो और किसी प्रकार की घटना से बचा जा सके। डीएम ने जुलूस के आयोजकों, जुलूस का समय एवं वॉलेटिंयर्स के नम्बर अपने पास उपलब्ध रखें, ताकि कोई भी अव्यवस्था न हो पाए। अधिशासी



बैठक को संबोधित करतीं डीएम गजल भारद्वाज। अमृत विचार

- मोहर्रम पर्व को लेकर आयोजित की गई शांति समिति की बैठक

अभियंता विद्युत एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को त्योहार के दौरान अभियान चलाकर विद्युत एवं सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को त्योहार के दौरान एम्बुलेंस भी सक्रिय रखने के निर्देश दिए, इसके अलावा यातायात व्यवस्था बेहतर तरीके से व्यवस्थित की जाए, वाहनों को एकत्र न हो दें। उन्होंने धर्मगुरुओं से किसी भी प्रकार के धार्मिक आयोजन की सूचना अपने क्षेत्र के थानों में देने की बात कही। किसी भी प्रकार की अफवाह या संदेहास्पद व्यक्ति, अराजक तत्व के बारे में तत्काल प्रशासन को सूचित करें। बैठक में पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह ने कहा कि जिले में सभी त्योहारों के आयोजन में जनपदवासियों का सहयोग प्राप्त होता है और शान्ति व सौहार्द के साथ त्योहार मनाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात रहेगा। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामप्रकाश, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशाराम, समाजसेवी शिवकुमार गोस्वामी, रामजी गुप्ता, शहर काजी आफाक हुसैन एवं सभी धर्मों के धर्मगुरु व गणमान्य नागरिक के अलावा समस्त उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका आदि मौजूद रहे।

# युवती समेत दो लोगों ने खाया जहर, भर्ती

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** जिले में दो अलग-अलग स्थानों पर एक युवती सहित दो लोगों ने जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सकों की टीम द्वारा उनका उपचार किया जा रहा है। जहर खाने के बाद पीड़ितों के परिजनों का बुरा हाल है।

- शहर के मुहल्ला कसौड़ा पुरा व सुभाष नगर का मामला, इमरजेंसी वार्ड में चल रहा उपचार

शहर के मुहल्ला कसौड़ा पुरा निवासी उवैश कुरैशी 24 पुत्र जाकिर कुरैशी ने रविवार को सुबह घर पर जहर खा लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। हालत बिगड़ने पर उसने परिजनों को जहर खाने की बात बताई, इससे परिजनों के होश उड़ गए और आनन-फानन में उसे जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने उसे इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कर उपचार शुरू कर दिया।

दूसरी घटना शहर के मुहल्ला सुभाष नगर की है। मुहल्ला सुभाष नगर निवासी पूजा 21 पुत्री हरप्रसाद ने शनिवार की रात को 9 बजे जहर खा लिया था। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों ने रात में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया, युवती का इमरजेंसी वार्ड में इलाज किया जा रहा है। जहर खाने कारण परिजन नही बता पा रहे है।

# प्रेम जब अनंत हो गया, रोम-रोम संत हो गया

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** संत कबीर अमृत वाणी सत्संग समिति के तत्वावधान में शहर के संत कबीर आश्रम में रविवार को सत्संग कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें वक्ताओं ने कबीरी दोहे के अलावा श्रीमद भागवत गीता के श्लोक के माध्यम से काम क्रोध व लोभ की व्याख्या करते हुए तीनों को नरक का द्वार बताया गया। इस मौके पर साहित्यकारों व रचनाकारों ने भी अपनी अपनी रचना भजन पेश किए।



सत्संग कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार। अमृत विचार

सत्संग की शुरुआत कबीर वंदना जय कबीर जय कबीर जय गुरू कबीरा, तोरे द्वार खड़े उनकी हरो पीरा से की गई। इसके बाद समिति प्रमुख व साईं डिग्री कालेज के के प्राचार्य डॉ. एलसी अनुरागी ने श्रीमद्भागवत गीता के श्लोक की व्याख्या करते हुए कहा कि मनोवैज्ञनिकों के अनुसार क्रोध करने से मनुष्य के शरीर का रक्त दूषित हो जाता है और क्रोधावस्था में किया हुआ भोजन विष के समान हो जाता है। इसलिए मनुष्य को क्रोध नहीं करना चाहिए। बताया कि काम क्रोध और लोभ ये तीनों नरक के द्वार हैं। भजन गायक इंद्रजीत सिंह ने करम गटि टारै न टरै भजन की प्रस्तुति दी तो वहीं पं. जगदीश रिछारिया ने कब भजौ हरि नाम भजन सुनाया।

- सत्संग समिति के तत्वावधान में आयोजित किया सत्संग कार्यक्रम

सत्संग में सुखराम स्नेही ने पुरानी तर्ज में शानदार भक्ति रचना बस्ती बस्ती पर्वत पर्वत गाता जाए बंजारा, लेके दिल का इक तारा सुनाया, जिसे लोगों द्वारा खूब सराहा गया। कामता प्रसाद चौरसिया ने अंखियां हरि दर्शन की प्यासी भजन सुनाकर लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। हरीशंकर नायक ने प्रेम जब अनंत हो गया, रोम रोम संत हो गया की बेहतरीन प्रस्तुति दी। वरिष्ठ कवि हरिश्चंद्र वर्मा ने कबीर पर रचना सुनाई कि तुम्हारा ही निसदिन नाम पुकारूं बना दे बिगरे काम। अधिवक्ता सुनीता अनुरागी ने कबीर का दोहा राम बुलावा भेजियो सुनाया। कार्यक्रम में करताल वादक कमलापत, प्रेमचंद्र चौरसिया, पप्पू सैन, रामदीन अनुरागी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### आज और कल भारी बारिश और आंधी की चेतावनी

**महोबा।** मौसम विज्ञान विभाग ने 23 व 24 जून को भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। प्रशासन ने एडवाइजरी जारी कर बताया कि पशु हानि से बचाव के लिए खराब मौसम के दौरान पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर बांधे, पेड़ व टीन शेड के नीचे न बांधे। पशुओं को चरने के लिए न छोड़ें। पशु भी स्वयं को सुरक्षित रखने के लिए पेड़ों के नीचे छिपते हैं जो सुरक्षित नहीं है। खराब मौसम में कोई भी व्यक्ति घर से बाहर न निकलें, छिपने के लिए सुरक्षित स्थान के रूप में पक्के मकान का ही प्रयोग करें, पेड़ के नीचे न छिपे, जंगली क्षेत्र में छोटे पेड़ के नीचे छिपे, पैर के नीचे सुखी लकड़ी, पत्ते रखें। बारिश के समय बर्तन या कपड़े न धुलें। किसी इलेक्ट्रॉनिक वस्तु टीवी कूलर या अन्य वस्तु को न छुएं। मोबाइल फोन पर बात न करें, जर्जर मकान से दूर रहें। बारिश होने पर जीर्ण-शीर्ण मकान के बाहर से न निकले, सुरक्षित स्थान पर बैठें।

### ऐतिहासिक मीरा तालाब को भू माफियाओं से दिलाएं निजात

**मौदहा।** कस्बे के ऐतिहासिक मीरा तालाब में हो रहे अतिक्रमण से मुक्त कराने के लिए श्रीकृष्ण लीला कंस बध कमेटी ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है। जिसमें कहा कि नगर का गौरव कहे जाने वाले जलाशय मीरा तालाब का आकार एवं क्षेत्रफल लगभग 55 से 60 एकड़ का था। कमेटी अध्यक्ष रमाशंकर गुप्ता ने बताया कि कई बार अतिक्रमण के संबंध में तहसील दिवस व अधिकारियों को अवगत करा चुके हैं, लेकिन परिणाम शून्य रहा है। भूमाफियाओं ने नगर पालिका परिषद एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की मिली भगत से मीरा तालाब की भूमि पर कब्जा कर इसका आकार छोटा कर लगभग दो एकड़ से भी कम कर दिया है। 95 प्रतिशत तालाब की जमीन पर कब्जा करके खरीदा व बेचा गया है। यह प्रकिया बदस्तूर आज भी जारी है। नगर पालिका परिषद द्वारा मीरा तालाब के सुन्दरीकरण के नाम पर इसका आकार अत्यन्त सीमित कर दिया गया है। तालाब की भीट पर पूरी बस्ती बसाई गई है।

**शिकायत** दुकानदारों ने कीचड़ और जलभराव की समस्या से निजात दिलाए जाने की उठाई मांग

# सफाई के बाद कूड़ा उठाना भूल गए सफाई कर्मी

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद महोबा द्वारा सफाई कर्मियों की टीम लगाकर शहर के नालों की सफाई के लिए अभियान चलाया गया, जिससे नगर वासियों को बारिश के मौसम में कीचड़ और जलभराव की समस्या से न जूझना पड़े। नगर पालिका ने सफाई अभियान तो चलाया लेकिन नालों की पूर्ण रूप से सफाई नहीं कराई, जिससे कुछ नालों की दोबारा सफाई कराई गई और उनसे निकलने वाला कीचड़ आज तक नहीं उठाया गया। शहर के शुक्रवारी बाजार के समीप पुराने प्राइवेट बस स्टाफ के समीप नाले की सफाई करने के बाद कीचड़ नहीं उठाया, जिससे बारिश से सड़क किनारे जलभराव और कीचड़ हो जाने से यहां के दुकानदारों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दुकानदारों ने नगर पालिका अधिकारियों से टीम लगाकर कीचड़ उठाए जाने की मांग की है।



दुकानों के बाहर लगा कूड़े का ढेर। अमृत विचार

शुक्रवारी बाजार के दुकानदारों ने बताया कि नगर पालिका सफाई टीम द्वारा एक माह तक अभियान चलाकर बारिश से पूर्व नालों की सफाई कराई गई थी। नाला सफाई दौरान निकले कीचड़ को सड़क किनारे डाल दिया गया, जिस कारण दुकानदारों को कीचड़ बदबू से काफी परेशानी उठानी पड़ी। इतना ही नहीं सफाई करने के लिए नालों में लगे सीसी के ढक्कनों को अलग किया गया, जिन्हें सफाई कर्मियों ने नालों पर नहीं लगाया था।

दुकानदार जानू, राहतरजा, हलीम, दानिश, फैजाद, अजय आदि ने बताया कि इस बावत कई बार शिकायत करने के बाद उक्त कीचड़ को एक सप्ताह बाद टीम लगाकर उठाया गया। दुकानदारों ने बताया कि उक्त नाले की सफाई होने के बाद पांच दिन पूर्व नाले को नगर पालिका ने टीम लगाकर दोबारा सफाई कराते हुए निकलने वाले कीचड़ को सड़क किनारे डाल दिया। बताया कि पिछले कुछ दिन हुई बारिश के चलते कीचड़ का ढेर पानी पड़ने से सड़क किनारे पूरी तरह फैल गया साथ ही पानी की निकासी न होने से जलभराव की स्थिति भी पैदा हो गई। बताया कि ग्राहकों को दुकानों तक आने के लिए कीचड़ से गुजरना पड़ता है, जिससे दुकाने काफी गंदी हो जाती हैए जिसे साफ करने में पानी की खासी बर्बादी होती है।

दुकानदारों ने नगर पालिका के ईओ व अध्यक्ष से सफाई कर्मियों की टीम लगाकर सड़क किनारे पड़े कूड़े को अलग कराए जाने की मांग उठाई है, जिससे बारिश के मौसम में जलभराव और संक्रामक बीमारियों से बचा जा सके।

# मुख्य वन संरक्षक ने वन क्षेत्र का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** मुख्य वन संरक्षक बुन्देखंड मंडल झांसी, एचबी गिरीश ने रविवार को यहां के वन क्षेत्र का निरीक्षण कर वनाधिकारियों को निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विभाग द्वारा रोपित कराए गए पौधों को भी देखा। उन्होंने वनों की रक्षा करने के निर्देश दिए।

घंघौरा वन ब्लाक, बघौरा वन ब्लाक और पसानाबाद वन ब्लाक का निरीक्षण किया। इस दौरान बीज बुआन जल्द कराने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पौधरोपण के बाद वनों की सुरक्षा करना विभाग के कर्मचारियों के अलावा हर इंसान का कर्तव्य है। जिस दिन हर व्यक्ति वनों की सुरक्षा के प्रति जागरूक हो जाएगा, उस दिन समूचा वन क्षेत्र चारों तरफ हरा भरा नजर आएगा।



वन क्षेत्र का जायजा लेते जोनल चीफ। अमृत विचार

मुख्य वन संरक्षक बुन्देलखंड मंडल झांसी के निरीक्षण के दौरान प्रभागीय वनाधिकारी डॉ. नरेन्द्र सिंह, वन दरोगा अशोक कुमार, अमित कुमार, अमित तिवारी, महिला कांस्टेबल अपर्णा देवी, रामखिलावन सहित वन रेन्ज अजनर का समस्त स्टाप मौजूद रहा।

## एक नजर

### मतभेद सुलझाकर परिवार को टूटने से बचाया

**चित्रकूट।** महिला थाना की पुलिस टीम ने परिवारिक झगड़े को समाप्त कराकर परिवार में सुलह कराई। नेहा सिंह पत्नी प्रकाश सिंह निवासी रक्षपालपुर थाना खखरेरू (फतेहपुर) ने महिला थाने में प्रार्थनापत्र देकर आरोप लगाया था कि पति मारपीट व गाली गलौज करता है। थानाध्यक्ष नीलम देवी ने दोनों पक्षों को थाने बुलाकर समझाया। पति-पत्नी सामंजस्य बिठाकर रहने पर राजी हो गए। पुलिस टीम में मुख्य आरक्षी लता त्रिपाठी शामिल रहीं।

### शराब समेत दो गिरफ्तार

**चित्रकूट।** सरधुआ थाने के एसओ अजहर जमाल ने सुमेर सोनकर कल्लू निवासी जालंधर का पुरवा को पांच लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। मऊ थाने के एसआई अनूप कुमार शुक्ला ने लसाई पुत्र भंडारी निवासी मवई कलां को 20 अदद क्वार्टर देशी शराब के साथ पकड़ा। दोनों आरोपियों पर संबंधित थानों में आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किए गए।

### अलग-अलग मामलों में पांच आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट।** सरधुआ थाने के एसआई अजहर जमाल ने वारंटी राजू सिंह पुत्र मुन्नू, बऊआ उर्फ अर्जुन पुत्र नत्थू सिंह निवासीगण ग्राम भदेहदू को गिरफ्तार किया। भरतकूप थाने के एसआई राहुल पांडेय ने वारंटी अवधेश प्रसाद विश्वकर्मा पुत्र स्व. सत्यनारायण निवासी अकबरपुर को पकड़ा। वरिष्ठ उप निरीक्षक मनीष कुमार ने वारंटी धमेंद्र पुत्र प्रह्लाद निवासी ग्राम असोह और बहिलपुरवा के एसआई अरविंद कुमार ने आरोपी शहरुन्निसा पत्नी अब्बास अली निवासी सेमरिया चरणदासी को गिरफ्तार किया।

### साइकिल की चेन से मार कर किया घायल

**मऊ (चित्रकूट)।** आंबेडकरनगर निवासी अरविंद ने गांव के एक युवक पर उसे साइकिल की चेन से मारने का आरोप लगाया है। उसने इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताया कि वह 20 जून की शाम घर जा रहा था कि गांव के बड़का पासवान पुत्र मुन्ना ने पीछे से साइकिल की चेन से मार दिया, जिससे उससे सिर में चोट आई और बेहोश हो गया। उसने उसे जान से मारने की धमकी भी दी।

### लाठी से मारने की रिपोर्ट दर्ज कराई

**मऊ (चित्रकूट)।** थानांतर्गत नेवरा गांव के हसनैन अली ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 20 जून की रात वह काम कर रहा था कि सुरौंधा निवासी सिया पुत्र स्व. रमई ने उसे गाली दी और सिर में लाठी से मारा। वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गया। शोर मचाने पर हत्या करने की धमकी देते हुए चला गया। उसने बताया कि उससे आरोपी की कोई रंजिश नहीं है।

### नदी से मिला अधेड़ का शव

**सीतापुर (चित्रकूट)।** तीर्थक्षेत्र में स्फटिक शिला के समीप एक अधेड़ का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव आरोग्यधाम हेलीपैड की चाहरदीवारी के सामने मंदाकिनी नदी में उतरा रहा था। पुलिस ने शव को पानी से निकलवाया। इसकी शिनाख्त फूलचंद यादव (55) पिता बीरन निवासी बंदरकोल जिला चित्रकूट के रूप में हुई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### 24 जून को दिया जाएगा प्रशिक्षण

**चित्रकूट।** उप जिलाधिकारी पूजा साहू ने बताया कि निर्वाचन आयोग ने सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं बीएलओ सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण कराए जाने के निर्देश दिए हैं। बताया कि 24 जून अपराह्न तीन बजे से तहसील सभागार कर्वी में इको प्रशिक्षण दिया जाएगा, अनुपस्थिति की दशा में संबंधित कार्मिक किसी भी कार्रवाई के प्रति स्वयं उत्तरदायी होंगे।

---

अब मार्ग निर्माण की गुणवत्ता पर लगे सवालिया निशान, जिलाधिकारी ने मामले का संज्ञान लेकर दिए जांच के निर्देश

# पहली ही बारिश में ध्वस्त हो गया जोरवारा-करही मार्ग

संवाददाता, मऊ चित्रकूट


संपर्क मार्ग, जिस पर लग रहे सवालिया निशान। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लगता है कि पूरे कुएं में ही भांग पड़ी है। जम्हौरा पुल का मामला अभी ठंडा भी नहीं पड़ा था कि अब कुछ ही दिनों पहले बने एक संपर्क मार्ग को लेकर भी सवालिया निशान उठने लगे हैं। इस जोरवारा-करही संपर्क मार्ग का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। (हालांकि 'अमृत विचार' इसकी पुष्टि नहीं करता है) इसमें ग्रामीण सड़क की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए दिख रहे हैं। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने इसका संज्ञान लेते हुए जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

बीते दिनों मऊ परदवां संपर्क मार्ग पर जम्हौरा नाले पर लगभग दो करोड़ 41 लाख की लागत से बन रहे लघु सेतु की एक स्लैब गिर जाने से हड़कंप मच गया। मामले ने तूल पकड़ा और यह शासन तक जा पहुंचा। इस पर तीन अवर अभियंताओं को निलंबित कर दिया गया, ठेकेदार पर एफआईआर दर्ज की गई और सहायक अभियंता को नोटिस दी गई। अभी यह मामला शांत भी नहीं हुआ था कि मऊ ब्लाक में एक और अनियमितता सामने आ गई। इस बार जोरवारा-करही संपर्क मार्ग निर्माण में लापरवाही के आरोप लग रहे हैं। ग्रामीण बताते हैं कि यह मार्ग लगभग एक महीने पहले बना और पहली ही बारिश में खराब हो गया है। ग्रामीणों ने सड़क का वीडियो बनाकर वायरल भी कर दिया। इसमें दिख रहा है कि पैर मारने से ही सड़क उखड़ रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ठेकेदार ने सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया है। ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों को इस मामले की शिकायत की है। सड़क की कार्यदायी संस्था भी लोक निर्माण विभाग बताई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि मऊ तहसील क्षेत्र में पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाई गई ज्यादातर सड़कों का यही हाल है। इसका संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने बताया कि मामले में लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को जांच कर नियमानुसार कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। सहायक अभियंता राजधर विश्वकर्मा ने बताया कि 19 जून को ठेकेदार काम पूरा करके चला गया। उन्होंने ठेकेदार से कहा था कि सूखे मौसम में इसे बनाना लेकिन इसी बीच बारिश भी हो गई। उन्होंने निरीक्षण किया है। यह दो किलोमीटर की सड़क है। जहां लोगों ने शिकायत की है वह सड़क का सिर्फ तीस से चालीस मीटर का ही हिस्सा है। इसे सही करा दिया जाएगा।


यह है सुंदरीकरण का हाल। अमृत विचार

# तालाब का सुंदरीकरण भी सवालों के घेरे में

संवाददाता, मानिकपुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** जिम्मेदारों की जिम्मेदारी की पोल खुल रही हैं। मानिकपुर ब्लाक अंतर्गत में आने वाली सरैया ग्रामपंचायत में बीते दिनों तालाब का सुंदरीकरण हुआ था पर अब इस पर भी सवाल उठ रहे हैं। बताया जाता है कि अनियमितता की शिकायत ग्रामीणों ने प्रशासन से की थी, जांच भी कराई जा चुकी है। ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि जांच के दौरान जांच अधिकारी ने कार्य को मानक के अनुरूप बताया था। बारिश के बाद तालाब की दीवारें व इंटरलाकिंग ध्वस्त होती नजर आ रही हैं। ग्रामीण आरोप लगाते हैं कि इसी तरह कई अन्य निर्माण कार्य भी सवालों के घेरे में हैं। सरैंया ग्राम पंचायत के मजरे बाई का कुआं में मेन हाईवे के किनारे बन रही नाली का काम भी मानक विहीन कराया जा रहा है।

लोगों ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि विकास कार्यों की गुणवत्ता की जांच निष्पक्षता से कराई जाए। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी मानिकपुर पवन कुमार सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि वह मौके पर गए थे। जेई एमआई को जांच दे दी गई है। प्रधान के खिलाफ आरोप पत्र बनेगा और रिकवरी की जाएगी।


चेकिंग अभियान में एसडीएम, सीओ के साथ अन्य अधिकारी। अमृत विचार

# अवैध बालू लदे पांच ओवर लोड ट्रकों को किया सीज

संवाददाता, कालपी जालौन

**अमृत विचार।** शासकीय विभागों अधिकारियों की संयुक्त टीम के द्वारा अवैध खनन के खिलाफ अभियान चलाया गया। चैकिंग के दौरान बिना प्रपत्रों के अवैध बालू के ओवरलोड 5 ट्रकों को परिवहन करते हुए पकड़ कर सीज कर दिया।

बीती शाम को एसडीएम सुशील कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह ,कालपी पुलिस, राजस्व कर्मियों ने संयुक्त टीम ने कालपी के यमुना नदी पुल के समीप अवैध खनन के परिवहन तथा ओवरलोड के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बिना खनिज प्रपत्रों के ओवरलोड मौरम लादे 5 ट्रको को परिवहन करते हुए पकड़ लिया। संयुक्त टीम के द्वारा अवैध खनन भरे सभी 5 ट्रकों को सीज करने की कार्यवाही की गई।उपजिलाधिकारी को मुताबिक पकड़े गये सभी 5 वाहनों को पुलिस अभिरक्षा में सीज कर गल्ला मंडी कालपी के परिसर में खड़ा करा दिया गया हैं। चेकिंग अभियान की खबर मिलते ही अवैध खनन चालकों में बेचैनी फैल गई।

# परम्पराओं के तहत जुलूस निकालने की बनी रणनीति

संवाददाता, कालपी जालौन

**अमृत विचार।** आगामी सप्ताह शुरू होने वाले रंज एवं गम के प्रतीक त्योहार मोहर्रम की तैयारियों को लेकर रविवार को ताजियादारों की मौजूदगी में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। इस मौके पर परंपरागत तरीके से ताजिया एवं अलम के जुलूसों निकालने की रणनीति बनाई गई।


शांति समिति की बैठक में ताजियेदारों के साथ मौजूद अधिकारी। अमृत विचार

कोतवाली कालपी के सभागार में दोपहर 3 बजे क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह की मौजूदगी तथा एसडीएम सुशील कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में शामिल ताजियेदारों से कार्यक्रम के सम्बन्ध में जानकारियां हासिल की। उपजिलाधिकारी ने बताया कि पुराने परंपरागत निर्धारित मार्गो से ताजियों का जुलूस निकाला जाए। किसी भी नई परंपरा को क़ायम न करें। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया में आपत्तिजनक पोस्ट न करें। नगर पालिका परिषद कालपी के अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला ने बताया कि त्यौहार के अवसर पर रोशनी तथा सफाई की समुचित व्यवस्था रखी जायेगी। क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह ने बताया कि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये जायेंगे।

- **सोशल मीडिया में आपत्तिजनक कमेंट से दूर रहने की दी नसीहत**

बैठक का संचालन करते हुए इंस्पेक्टर क्राइम मोहम्मद अशरफ ने कहा कि जुलूस के रूट का भ्रमण किया जायेगा। अगर कोई समस्या पैदा होती है तो उसे प्राथमिकता से निपटाया जाएगा। वरिष्ठ उप निरीक्षक राजेश कुमार सिंह, चौकी इंचार्ज विशाल भड़ाना, विद्युत विभाग के अभिषेक धीर सहायक जे ई, रिंकू पोरवाल, नगर पालिका के जूनियर इंजीनियर प्रवीण कुमार मौर्या, भगवताचार्य राम श्याम पाण्डेय ,कमर अहमद,शिव बालक सिंह, सुरेश वर्मा, हाजी हसीब मास्टर, ताजियेदारों हिदायत खान मुन्ना खां, नत्थू खलीफा,जमील खान, इकबाल खान,सलीम अंसारी, पप्पू सभासद, दिनेश श्रीवास, तौहीद राईन, कपिल शुक्ला, निजाम खान आदि ताजियेदारों तथा आयोजको ने विचार व्यक्त किये।

# एमएसएमई आउटरीच में बांटे गए 26 करोड़ के ऋण

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** पंजाब नेशनल बैंक द्वारा एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में विधायक द्वारा सरकार की एमएसएमई विभाग से संचालित विभिन्न योजनाओं के 26 करोड़ रुपये के लोन स्वीकृति प्रमाण पत्र व चैकें वितरित की गईं।


फीता काटकर शुभारंभ करते विधायक गौरीशंकर वर्मा। अमृत विचार

कार्य्रकम का आयोजन नगर के बंशीधर पैलेस में किया गया। जिसमें पीएनबी द्वारा लोन फेस्ट लगाकर विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा एवं पीएनबी के मंडल प्रमुख राजकुमार ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के 12 लाभार्थियों को चेक वितरित की। इसके साथ ही अन्य योजनाओं के लाभार्थियों को भी 26 करोड़ रुपये के लोन स्वीकृति प्रमाणपत्र वितरित किये गए। कार्यक्रम में सदर विधायक ने कहा कि सरकार द्वारा युवा उधमियों को मुद्रा योजना, मुख्यमंत्री युवा उधमी योजना समेत अन्य योजनाओं द्वारा लाभ पहुंचाया जा रहा है।

वहीं पीएनबी मंडल प्रमुख ने जिले में एक नई शाखा खोले जाने व उरई शाखा के कायाकल्प किये जाने की बात कही। वहीं उरई शाखा प्रबंधक विवेक यादव ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके सहायक महाप्रबंधक मनीष राय, मुख्य प्रबंधक भारतेंदु सिंह, कमलेश सरन, शोभित खरे, जितेंद अहिरवार, पुष्पराज पटेल, अनूप पटेल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# पिता की हत्याकर फरार चल रहा युवक गिरफ्तार

**उरई।** सिरसा कलार थाना क्षेत्र के शिकन्ना गांव निवासी संतराम 65 वर्ष की 19 अप्रैल 21 की कुल्हाड़ी से काटकर उसके बेटे अरविंद ने हत्या कर दी थी। मृतक के बड़े पुत्र गोविंद की तहरीर पर पुलिस ने अरविंद के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की थी। पूछताछ में उसने बताया था कि पिता संतराम बनारस में रहकर पानीपूरी का धंधा करते थे और कुछ दिन पहले ही घर लौटे थे। वह भाई गोविंद को पैसे देते थे, लेकिन उससे मतलब नहीं रखते थे। इसी के चलते उसने वारदात को अंजाम दिया था।

**तैयारी** एसडीआरएफ व अधिकारियों का यमुना नदी के तटवर्ती इलाकों में किया निरीक्षण

# बाढ़ से बचाव के लिए किया जायेगा प्रशिक्षित

संवाददाता, कालपी जालौन

**अमृत विचार।** भीषण बारिश तथा नदियों की बाढ़ से बचाव के लिए स्थानीय प्रशासन के द्वारा कवायद तेज कर दी गई है। उच्च अधिकारियों की मौजूदगी में एसडीआरएफ की टीम के जवानों के द्वारा यमुना नदी के तटवर्ती क्षेत्र का निरीक्षण कर माक ड्रिल की योजना बनाई गई।


उच्च अधिकारियों के साथ यमुना नदी के किनारे निरीक्षण करते जवान। अमृत विचार

यमुना नदी की बाढ़ की वजह से पिछले कई सालों से कालपी के कई मोहल्ले तथा गांव जलमग्न हो जाते हैं। नागरिकों को बाढ़ से बचाव के लिए जागरूक करने के लिए प्रशासन के द्वारा का इंतजाम किए जा रहे हैं। रविवार की दोपहर को उप जिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह, तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी, कोतवाली इंस्पेक्टर मुहम्मद अशरफ, नगर पालिका कालपी के अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला आदि अधिकारियों ने लखनऊ से एसडीआरएफ टीम के जवानों के साथ कालपी नगर के यमुना नदी के किनारे किला घाट, पीला घाट, बाई घाट क्षेत्र का निरीक्षण किया। उपजिलाधिकारी ने बताया कि निरीक्षण करने का उद्देश्य एसडीआरएफ टीम के द्वारा निकट भविष्य में नागरिकों को रेक्स्यू आप्रेशन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि यमुना नदी के किनारे बने पीला घाट तथा बाई घाट के बीच एसडीआरएफ की टीम के जवानों के द्वारा मॉक ड्रिल कराकर बरसात तथा बाढ़ से बचाव करने के लिए नागरिकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। यह कार्यक्रम 26 जून को प्रस्तावित है। माक ड्रिल कार्यक्रम में जनपद स्तरीय उच्च प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी भी हिस्सा ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि माक ड्रिल को लेकर तैयारी की जा रही है।

# कच्चे घर में आग लगने से गृहस्थी हुई राख

संवाददाता, राजापुर चित्रकूट

**अमृत विचार।** एक कच्चे घर में आग लगने से गृहस्थी का सामान और नकदी राख हो गई। भुक्तभोगी गृहस्वामिनी ने बताया कि घटना के समय वह घर पर नहीं थी। उसने पड़ोसियों पर घर में आग लगाने की तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नगर पंचायत के वार्ड नंबर एक हनुमानगंज मोहल्ले की निवासी रामा देवी पत्नी छोटकू सोनकर ने बताया कि उसका पति बाहर कमाने गया है। किसी बात को लेकर पड़ोस के पिता-पुत्र उसके साथ मारपीट कर रहे थे। इससे परेशान होकर वह अपने बच्चे के साथ मायके चली गई थी। लोगों की सूचना पर वह मायके से लौटी तो पाया कि उसका घर धू धूकर जल रहा था और घर के अंदर रखे 40 हजार रुपये और गृहस्थी का अन्य सामान राख हो गया। डायल 112 और अग्निशमन विभाग को फोन कर जानकारी दी तो दमकल ने आग पर काबू पाया। रामा देवी ने बताया कि मोहल्ले के तीन लोगों के विरुद्ध घर में आग लगाने की नामजद तहरीर थाने में दी है। उधर थानाध्यक्ष प्रवीण सिंह ने बताया कि इस संबंध में कोई तहरीर नहीं मिली है। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों की रिपोर्ट के आधार पर जांच की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### सर्प के डसने से किशोरी की मौत

**कालपी।** आटा थाना क्षेत्र के ग्राम अकबरपुर इटौरा में सर्प के डसने से किशोरी की मौत हो गई। सूचना पाकर नायब तहसीलदार, राजस्व कर्मचारी सहित पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच कर घटना का निरीक्षण किया। आटा थाना क्षेत्र के ग्राम अकबरपुर इटौरा निवासी रागिनी 17 वर्ष पुत्री अमर सिंह पाल को घर में जहरीले सर्प ने डस लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। पुत्री की हालत बिगड़ते देख परिवार के लोग घबरा गए और जानकारी होते ही उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई। वहीं मामले की सूचना मिलने पर एसडीएम सुशील कुमार सिंह के निर्देश पर नायब तहसीलदार चंद्र मोहन शुक्ला व राजस्व कर्मचारी ग्राम अकबरपुर इटौरा पहुंचे और मौके का जायजा लिया। ग्रामीणों और पारिवारिकजनों ने नायब तहसीलदार को किशोरी की मौत सर्प दंश से होना बताया गया। वहीं पुलिस सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### बिजली गिरने से 8 बकरी व बछिया की मौत

**माधौगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुरपतिपुरा में नीम के पेड़ पर आकाशीय बिजली गिर गई। पेड़ के नीचे बंधी 8 बकरी व बछिया की मौके पर ही मौत हो गई। रविवार दोपहर तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश के दौरान सुरपतिपुरा निवासी शिवरतन कुशवाहा के दरवाजे पर खड़े नीम के पेड़ पर तेज आवाज के साथ आकाशीय बिजली गिर गई। इससे पेड़ के नीचे बंधी 8 बकरी व जर्सी बछिया की मौके पर मौत हो गई है। शोरगुल सुनकर मौके पर ग्रामीण पहुंच गए। पूर्व प्रधान नृपेन्द्र सिंह का कहना है कि पशु डॉक्टर राहुल सिंह को सूचना दे दी गई है। शीघ्र ही पशु डॉक्टर द्वारा पोस्टमार्टम कर दिया जाएगा। प्रभारी तहसीलदार भुवनेन्द्र कुमार का कहना है कि लेखपाल को मौके पर भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद किसान को आपदा दुर्घटना वीमा के तहत मुआवजा दिया जाएगा।


संगठन के नवनियुक्त पदाधिकारी। अमृत विचार

### वीर बहादुर जिला प्रभारी व नरेंद्र बने जिला उपाध्यक्ष

**उरई।** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की बैठक रविवार को प्रदेश महामंत्री संजय गुप्ता के कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में संगठन के रिक्त पदों को भरते हुए दो प्रमुख नियुक्तियां की गईं। इस अवसर पर संगठन को नई दिशा देने और कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संकल्प भी लिया गया। बैठक में वीर बहादुर सिंह निरंजन को जिला प्रभारी और पूर्व जिला मंत्री नरेंद्र सैनी को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया। दोनों नवमनोनीत पदाधिकारियों का माल्यार्पण और व्यापार मंडल की पटिका पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। प्रदेश महामंत्री संजय गुप्ता ने कहा संगठन को मजबूती देने के लिए समर्पित और जमीनी कार्यकर्ताओं को नेतृत्व में लाना हमारी प्राथमिकता है। नवमनोनीत जिला प्रभारी वीर बहादुर सिंह ने कहा कि जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी गई है, उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाऊंगा। वहीं जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र सैनी ने कहा कि व्यापारी हित के कार्यों में सदैव अग्रणी रहा हूँ और अब इस नई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाऊंगा। कार्यक्रम में बुंदेलखंड वरिष्ठ उपाध्यक्ष कंचन कुमार शिवहरे, बुंदेलखंड महामंत्री दीपक श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र राजपूत, जिला उपाध्यक्ष मु. अहमद, जिला मंत्री विवेक कुमार,जिलामंत्री नाजिम अली, जिलामंत्री दीपक निरंजन, वीरेंद्र कुमार, कृष्ण कुमार, निखिल जैन, विनायक द्विवेदी, प्रवीण कुमार, जावेद अख्तर, हुसैन बरकाती, अनिल कुमार, हृदय नारायण, विश्वास कुमार सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### कार की टक्कर से रिटायर शिक्षक की मौत

**उरई।** हाईवे पर तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से बाइक सवार वृद्ध शिक्षक की मौत हो गई। टक्कर मारने के बाद कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंदक में पलट गई। गोहन थाना क्षेत्र के ग्राम जीपुरा निवासी सेवानिवृत्त वृद्ध शिक्षक शम्भू दयाल द्विवेदी 62 वर्ष पुत्र रामेश्वर दयाल बाइक से हदरुख जा रहे थे। तभी मड़ोरी श्रमदान के पास वह बाइक खड़ी करके सड़क किनारे लघुशंका करने लगे। इसी दौरान औरैया की ओर जा रही तेज रफ्तार कार ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गए। उधर टक्कर मारने के बाद तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंदक में जाकर पलट गई। घटना की सूचना मिलते ही भतीजा पवन कुमार द्विवेदी व कृष्ण विहारी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने राहगीरों की मदद से अस्पताल पहुंचाया। जहां पर जांच पड़ताल के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाली प्रभारी अजीत सिंह ने बताया मृतक के भतीजे की शिकायत पर कार व चालक के खिलाफ मामला दर्जकर लिया है और कार्यवाही की जा रही है।

### जन आरोग्य मेले में 49 मरीजों की जांची सेहत

**कालपी जालौन।** शासन की महत्वाकांक्षी योजना के तहत रविवार को कालपी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उदनपुरा में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। यहां पर 49 मरीजों का उपचार किया गया। तथा परिवार नियोजन सम्बंधित सामाग्रियों का वितरण कर लोगों को जागरूक किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उदनपुरा में चीफ फार्मासिस्ट राकेश बघेल चिकित्साधिकारी सोनू गौतम,डॉ रंजना सिंह की अध्यक्षता में आयोजित मेले में मरीजों के उपचार के अलावा परिवार कल्याण कार्यक्रमों तथा स्वास्थ्य के बारे में जानकारियां दी गयी। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित जन आरोग्य मेले में चिकित्सकीय टीम ने मरीजों का उपचार करके बारिश के शुरुआती मौसम में स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए सुझाव दिए गये। स्वास्थ्य कर्मियों ने कहा कि गर्मी की चपेट में आकर के उल्टी,दस्त एवं पेट रोगियों की संख्या बढ़ रही है। इसलिए सभी लोग ताजा भोजन ग्रहण करें। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की बीमारी के लक्षण उत्पन्न होने पर डॉक्टरों की सलाह पर दवाइयों का प्रयोग करें। मेले में 22 पुरुष व 17 महिलाओं तथा 10 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करके इलाज किया गया है। शालिनी सिंह,नीरज पाल ,हिमांशु दीक्षित, शालिनी वाजपेई, आदि स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहे। मेले में कंडोम, टैबलेट तथा अन्य परिवार नियोजन संबंधी सामग्री का वितरण किया गया।

### योग अपने आप में व्यापक शब्द है : जिला जज

**चित्रकूट।** जिला जज राकेश कुमार त्रिपाठी के आवास परिसर में योग दिवस पर कार्यक्रम हुआ। जिला जज ने कहा कि योग अपने आप में व्यापक शब्द है। यह शरीर, आत्मा एवं चित्त को शुद्ध करने के लिए किया जाता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव वर्णिका शुक्ला ने बताया कि योग भारत की प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर है, जो आज पूरी दुनिया के लिए स्वास्थ्य और संतुलन का प्रतीक बन चुका है। इस अवसर पर राकेश कुमार यादव प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, रेनू मिश्रा विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट, नीरज श्रीवास्तव अपर जिला जज, राजेंद्र प्रसाद भारती मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, विदिशाभूषण न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम, अंजलिका प्रियदर्शिनी न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय, रितेश सिंह प्रभारी प्रशासनिक अधिकारी, राजेश यादव सदर नाजिर, कंचन सिंह, अनुराग जयसवाल, अनुराग चंदेल आदि मौजूद रहे।


कांग्रेस की चौपाल में मौजूद ग्रामीण। अमृत विचार

### स्कूलों के मर्जर के खिलाफ कांग्रेस चला रही अभियान : पंकज

**चित्रकूट।** कम छात्रों वाले प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूलों को आसपास के बड़े स्कूलों में मर्ज (विलय) करने के प्रदेश सरकार के फैसले को लेकर कांग्रेस के पिछड़ा वर्ग विभाग ने गांव-गांव सरकारी स्कूल बचाओ चौपाल लगानी शुरू की है। कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष पंकज मिश्रा ने बताया कि पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश चेयरमैन मनोज यादव के निर्देश पर 22 जून से 30 जून तक सरकार के निर्णय के विरोध में यह अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के पूर्व अध्यक्ष राजनारायण यादव के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने पहाड़ी ब्लॉक के ओरा गांव में चौपाल लगाई। यादव ने कहा कि कांग्रेस की सरकारों ने पूरे देश में प्राइमरी स्कूलों की स्थापना की। इन्हीं स्कूलों में पढ़ लिखकर देश विदेश में लाखों लोगों ने देश का नाम रोशन किया। सरकार उन स्कूलों को बंद या विलय कर गरीबों, दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों के शिक्षा के मूल अधिकारों पर डाका डालने का काम कर रही है। इस दौरान सुरेंद्र यादव, प्रमोद यादव, शिवनरेश राजपूत, चुनकी देवी यादव, माया राजपूत आदि मौजूद रहे।

# मानसून में भी चलेगा नक्सल विरोधी अभियान

## शाह ने छत्तीसगढ़ में एनएफएसयू परिसर और केंद्रीय न्यायालयिक प्रयोगशाला की रखी आधारशिला

रायपुर, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को दोहराया कि देश को मार्च 2026 तक नक्सलवाद से मुक्ति मिल जाएगी, और इसको खत्म करने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए मानसून में भी नक्सल विरोधी अभियान जारी रखा जाएगा। शाह ने नक्सलियों से हिंसा छोड़ने और मुख्यधारा में शामिल होने का अनुरोध करते हुए कहा कि बातचीत की कोई जरूरत नहीं है, बस हथियार छोड़ दें, विकास की यात्रा में शामिल हों और आकर्षक आत्मसमर्पण नीति का लाभ उठाएं।

गृह मंत्री छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर अटल नगर में राष्ट्रीय न्यायालयिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एनएफएसयू) परिसर और केंद्रीय न्यायालयिक प्रयोगशाला की आधारशिला के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। शाह ने कहा कि डेढ़ वर्ष में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ ने तेजी से प्रगति की है, लेकिन साय की सरकार और छत्तीसगढ़ के गृह मंत्री विजय शर्मा की उपलब्धि यह है कि उन्होंने रुके हुए नक्सल विरोधी अभियान को तेज गति से शुरू किया है और छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त बनाने की दिशा में आगे बढ़े हैं। उन्होंने सुरक्षा बलों का मनोबल बढ़ाने और नक्सल विरोधी अभियान तेज करने के लिए साय और शर्मा को धन्यवाद दिया। शाह ने कहा, मैंने पहले भी नवा रायपुर के अटल नगर में कहा था कि यह देश 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा। शाह ने कहा, हर बार बारिश के मौसम में नक्सली थोड़ा आराम करते थे (क्योंकि घने जंगल के अंदर उफनती नदियां और नाले नक्सल विरोधी अभियानों में बाधा डालते हैं), लेकिन इस बार, हम उन्हें मानसून के दौरान सोने नहीं देंगे और हम 31 मार्च के लक्ष्य को हासिल करने के लिए और आगे बढ़ेंगे।




नवा रायपुर में कई राज्यों के डीजीपी/एडीजीपी और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और विष्णु देव साय। एजेंसी

### बातचीत की जरूरत नहीं हथियार डालें: गृहमंत्री शाह

शाह ने कहा कि नक्सलवाद की राह पर चले गए युवाओं से हथियार छोड़ने की अपील करना चाहते हैं। विष्णु देव साय ने आकर्षक आत्मसमर्पण नीति बनाई है, हथियार डालें और छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा में शामिल हो जाए। शाह ने कहा कि बातचीत की जरूरत नहीं है, हथियार डाल दीजिए और मुख्यधारा में शामिल हो जाइए और आप अपने आप छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा में शामिल हो जाएंगे। जिन लोगों ने हथियार डाले हैं उनका भी मैं सामाजिक जीवन में वापस आने पर स्वागत करता हूं और विश्वास दिलाता हूं कि छत्तीसगढ़ की सरकार और केंद्र की सरकार ने जो वादा आपके साथ किया है उस वादे को हम पूरा करेंगे और उससे अधिक भी आपकी सहायता करने का प्रयास करेंगे।

# दलित किशोरी से दो साल तक सामूहिक दुष्कर्म, 13 पकड़े गए

अमरावती (आंध्र प्रदेश), एजेंसी

- आंध्र प्रदेश की 15 वर्षीय किशोरी के गर्भवती होने पर मामला आया सामने

आंध्र प्रदेश के श्री सत्य साई जिले में 15 वर्षीय दलित लड़की से दो साल तक कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह घटना नौ जून को तब प्रकाश में आई जब पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई। दुष्कर्म की घटना से पीड़िता गर्भवती हो गई है।

पुलिस के अनुसार मामले में अचंपल्ली वर्धन (21), तलारी मुरली (25), बदागोरला नंदवर्धन राज (23), अरेंचेरू नागराजू (51), बोया संजीव (40) और बुदिदा राजन्ना (49) को नौ जून को गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद 10 जून को 7 अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि मुख्य आरोपी अब भी फरार है। श्री सत्य साई जिले की पुलिस अधीक्षक (एसपी) वी रत्ना ने कहा, इस जघन्य अपराध के आरोपियों की पहचान कर ली गई है, उनका पता लगाया गया और धर्मावरम उपखंड क्षेत्र की विशेष टीम द्वारा उन्हें गिरफ्तार किया गया। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि अपराधियों द्वारा पीड़िता को उसकी कुछ आपत्तिजनक तस्वीरों और वीडियो के जरिए कथित तौर पर ब्लैकमेल किया गया।

पीड़िता आठ माह की गर्भवती है और वर्तमान में अनंतपुर जिले के एक सरकारी अस्पताल में उसका उपचार किया जा रहा है। चिकित्सक और जिला अधिकारियों ने पीड़िता की गर्भावस्था को देखते हुए गर्भपात न कराने का फैसला किया है। पुलिस प्रसव के बाद लड़की को सुरक्षित स्थान पर ले जाने के लिए बाल कल्याण समिति के साथ समन्वय कर रही है। अजन्मे शिशु के डीएनए परीक्षण के लिए अनुमति मांगी गई है क्योंकि यह कानूनी कार्यवाही के लिए महत्वपूर्ण होगा। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए कुछ लोगों का आपराधिक रिकॉर्ड है।

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ में नक्सलियों ने की दो ग्रामीणों की हत्या

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों ने दो ग्रामीणों की हत्या कर दी। पुलिस ने रविवार को बताया कि उसे सूचना मिली कि पामेड थाना क्षेत्र के सेंड्राबोर और आमपुर गांवों में नक्सलियों ने दो निर्दोष ग्रामीणों की हत्या कर दी। पुलिस घटना की पुष्टि कर रही है। यह घटना केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के छत्तीसगढ़ दौरे से पहले हुई है। बीजापुर जिले के पेद्दाकोरमा बीजापुर गांव में 17 जून को नक्सलियों ने 13 वर्षीय लड़के सहित तीन ग्रामीणों की रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी थी।

### खालिस्तानियों के सहयोगी के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल

**नई दिल्ली।** एनआईए ने पंजाब आतंकी साजिश में बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के आतंकी लखबीर सिंह उर्फ लांडा और गैंगस्टर पवित्र बटाला के प्रमुख सहयोगी जतिंदर सिंह उर्फ जोती के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि शुक्रवार को मोहाली में विशेष एनआईए अदालत के समक्ष आरोपपत्र दाखिल किया गया। पंजाब के गुरदासपुर जिले के जतिंदर सिंह को एनआईए ने पिछले साल 23 दिसंबर को मुंबई से गिरफ्तार किया था।

### कुपवाड़ा में दिल का दौरा पड़ने से डीएसपी की मौत

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के युवा पुलिस अधिकारी की रविवार को दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) आमिर अमीन भट को कुपवाड़ा जिले के लंगेट इलाके के उजरू स्थित उनके घर में दिल का दौरा पड़ा। भट (30) को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन मौत हो चुकी थी। भट ने 2024 में जम्मू-कश्मीर प्रशासनिक सेवा परीक्षा उत्तीर्ण की थी।

# बिहार चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग मतदाता सूची में संशोधन के दौरान घर-घर जाकर करेगा सत्यापन

नई दिल्ली, एजेंसी

- राजनीतिक दलों की चिंता और विरोध को देखते हुए भारत निर्वाचन आयोग उठाएगा कदम

बिहार में मतदाता सूची में अधिक सटीकता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग राज्य में मतदाता सूची के पुनरीक्षण के दौरान घर-घर जाकर गहन सत्यापन करने पर विचार कर रहा है। प्रदेश में इस वर्ष के अंत में विधानसभा के चुनाव होने हैं। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी।

नागरिक संस्थाओं, राजनीतिक दलों और अन्य लोगों द्वारा मतदाता सूची में नाम शामिल करने या हटाने पर चिंता के साथ विरोध किया जा रहा है। कांग्रेस समेत कई दलों ने आयोग पर भाजपा की मदद करने के लिए आंकड़ों में हेराफेरी करने का आरोप लगाया है। अधिकारियों ने अफसोस जताया कि विस्तृत प्रोटोकॉल के बावजूद आयोग पर मतदाता सूची में नाम बढ़ाने के लिए आरोप लगाए जाते हैं, जबकि यह प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ और राजनीतिक दलों की निगरानी के तहत की जाती है। निर्वाचन आयोग बिहार विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची की जांच करते समय हर घर जाकर पूरी सावधानी से सत्यापन करना चाहता है। उन्होंने बताया कि इसका मकसद यह है कि मतदाता सूची में कोई गलती न रह जाए और यह पूरी तरह सही हो। उन्होंने बताया कि मतदाता सूचियों का ऐसा गहन और कठोर संशोधन पहले भी किया जा चुका है और आखिरी बार 2004 में ऐसा किया गया था।

# आतंकियों को पनाह देने के आरोप में दो गिरफ्तार

पहलगाम हमला

**श्रीनगर।** एनआईए ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए पहलगाम हमले को अंजाम देने वाले आतंकियों को पनाह देने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एनआईए के अनुसार, बटकोट के परवेज अहमद जोथर और पहलगाम के हिल पार्क के बशीर अहमद जोथर ने हमले में संलिप्त तीन आतंकियों की पहचान का खुलासा किया है। एनआईए ने कहा कि उन्होंने यह पुष्टि की कि हमलावर प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े पाकिस्तानी नागरिक हैं। परवेज और बशीर ने हमले से पहले तीन आतंकियों को हिल पार्क में ढोक (झोपड़ी) में पनाह दी थी।

## घाटी में घुड़सवारी का रोमांच



पहलगाम आतंकी हमले के बाद घाटी में फिर से चहल पहल बढ़ने लगी है, लोग जम्मू-कश्मीर के गंदेरबल जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सोनमर्ग में घुड़सवारी का आनंद लेते हुए नजर आए। एजेंसी

# सबूत छिपाने में संपत्ति कारोबारी गिरफ्तार

इंदौर/अशोकनगर, एजेंसी

राजा रघुवंशी हत्याकांड



- पुलिस ने एक सुरक्षा गार्ड को भी पकड़ा, दोनों पर आरोपी सोनम के बैग गायब करने का आरोप

राजा रघुवंशी हत्याकांड के सबूत छिपाने के आरोप में मेघालय पुलिस ने मध्यप्रदेश के अलग-अलग इलाकों से संपत्ति कारोबारी और सुरक्षा गार्ड को गिरफ्तार किया है। स्थानीय पुलिस अधिकारी ने रविवार को बताया कि दोनों की गिरफ्तारी के बाद राजा हत्याकांड में गिरफ्तार आरोपियों की संख्या बढ़कर सात हो गई है।

इंदौर के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश दंडोतिया ने बताया, मामले के सबूत छिपाने के मामले में मेघालय पुलिस के विशेष जांच दल (एसआईटी) ने इंदौर के रियल एस्टेट कारोबारी शिलोम जेम्स और शहर की एक इमारत के सुरक्षा गार्ड बलबीर अहिरवार उर्फ बल्ला को गिरफ्तार किया है। जेम्स और अहिरवार पर हत्याकांड की मुख्य आरोपी सोनम का वह बैग गायब करने का आरोप है जो उसने इस वारदात के बाद इंदौर के देवास नाका क्षेत्र के फ्लैट में छिपाया था। इस बैग में अहम सबूत थे। मीडिया की खबरों के अनुसार बैग में पांच लाख नकद और महंगे आभूषणों के साथ देशी तमंचा भी था। पुलिस ने फिलहाल बैग में रखे सामान का विवरण नहीं दिया है। सूत्रों ने बताया कि यह बैग शहर के जिस फ्लैट में था उसे जेम्स ने हत्याकांड के पांच गिरफ्तार आरोपियों में शामिल विशाल चौहान को किराये पर दिलाया था। जेम्स ने 13 जून को खुद यह दावा किया था कि चौहान ने 30 मई को उससे मुलाकात करके देवास नाका क्षेत्र में 17,000 रुपये प्रति माह पर फ्लैट किराए पर लिया था और चौहान ने इसके लिए अनुबंध पर दस्तखत भी किए थे।

# पंजाब : सैन्यकर्मी समेत दो लोग जासूसी के आरोप में गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) से जुड़ी जासूसी गतिविधियों में संलिप्तता के लिए जम्मू में तैनात सैन्यकर्मी और उसके सहयोगी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि एक आरोपी अमृतसर के धारीवाल निवासी गुरप्रीत सिंह है, जो जम्मू में सेना में कार्यरत है। फौजी का सहयोगी साहिल मसीह है, जो धारीवाल का निवासी है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि सिंह आईएसआई के सीधे संपर्क में था और उस पर पेन ड्राइव के माध्यम से गोपनीय जानकारी साझा करने का संदेह है। पुलिस प्रमुख ने बताया कि खुफिया जानकारी पर चलाये अभियान में पुलिस ने गुरप्रीत और मसीह को उस समय गिरफ्तार किया, जब वे संवेदनशील जानकारी को फिर से सौंपने का प्रयास कर रहे थे। मामले में शामिल आईएसआई के आका की पहचान राणा जावेद के रूप में हुई है।

# न्यायाधीशों के लिए आचार संहिता पर होगी चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी

- हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग लाने की तैयारी में संसदीय समिति

संसद की एक समिति उच्च न्यायपालिका में न्यायाधीशों के लिए आचार संहिता पर चर्चा करने को तैयार है। साथ ही सरकार दिल्ली हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने की तैयारी में है। न्यायमूर्ति वर्मा राष्ट्रीय राजधानी स्थित अपने आवास से बेहिसाबी नकदी की बरामदगी के कारण जांच के घेरे में हैं।

संसद की कार्मिक, लोक शिकायत, विधि एवं न्याय संबंधी स्थायी समिति मंगलवार को होने वाली बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा करेगी तथा न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति के बाद की नियुक्तियों पर भी विचार-विमर्श करेगी। समिति सचिवालय द्वारा भेजे गए एक नोटिस में समिति के सदस्यों को अवगत कराया गया, समिति उच्च न्यायपालिका के न्यायाधीशों के लिए आचार संहिता और सेवानिवृत्ति के बाद न्यायाधीशों के पद ग्रहण करने के मुद्दों से संबंधित 'न्यायिक प्रक्रियाएं और उनके सुधार' विषय पर न्याय विभाग के सचिव से बात करेगी। राज्यसभा की इस समिति के अध्यक्ष भाजपा सांसद बृजलाल हैं और इसमें भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई (जो एक मनोनीत सांसद हैं), पूर्व कानून राज्य मंत्री पी पी चौधरी, तृणमूल कांग्रेस सांसद सुखेंदु शेखर राय और कल्याण बनर्जी, कांग्रेस के विवेक तन्खा और द्रमुक के पी विल्सन तथा ए राजा इसके प्रमुख सदस्य हैं। जहां न्यायमूर्ति वर्मा पर महाभियोग चलाए जाने की संभावना है, वहीं विपक्ष इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति शेखर यादव के खिलाफ भी इसी तरह की कार्रवाई के लिए पहले ही नोटिस दे चुका है। नकदी बरामद होने के बाद न्यायमूर्ति वर्मा को उनकी मूल अदालत इलाहाबाद उच्च न्यायालय में वापस भेज दिया गया। उन्होंने अपने खिलाफ लगे आरोपों से इनकार किया है।

राज्यसभा सचिवालय उन सांसदों के हस्ताक्षरों का भी सत्यापन कर रहा है, जिन्होंने न्यायमूर्ति यादव के खिलाफ कथित नफरती भाषण को लेकर महाभियोग नोटिस पर हस्ताक्षर किए थे। सचिवालय पहले ही सांसदों को उनके हस्ताक्षरों की पुष्टि के लिए पत्र लिख चुका है।

## कारोबार/कृषि

# कच्चे तेल की दर तय करेगी बाजार की चाल

## इजराइल-ईरान संघर्ष और वैश्विक आपूर्ति पर प्रभाव पड़ने की आशंका बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी



- वैश्विक रुख और विदेशी निवेशकों की गतिविधियों से भी बाजार होगा प्रभावित

शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह इजराइल-ईरान संघर्ष और इसके वैश्विक आपूर्ति पर पड़ने वाले प्रभाव से तय होगी। वहीं, कच्चे तेल की कीमतों पर भी सभी की निगाह रहेगी।

विश्लेषकों का कहना है कि वैश्विक रुख और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों से भी बाजार की धारणा प्रभावित होगी। एक विशेषज्ञ ने कहा कि बीते सप्ताह पश्चिम एशिया के संघर्ष और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल को नजरअंदाज करते हुए स्थानीय शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष-शोध अजित मिश्रा ने कहा, इस सप्ताह वैश्विक संकेतक बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेंगे। इसमें ईरान और इजराइल के बीच भू-राजनीतिक तनाव, अमेरिकी आर्थिक आंकड़े और फेडरल रिजर्व के अधिकारियों की टिप्पणियों पर सभी की निगाह रहेगी। घरेलू स्तर पर निवेशक मानसून की प्रगति, मासिक अनुबंधों के निपटान से संबंधित अस्थिरता, कच्चे तेल की कीमतों और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की गतिविधियों पर नजर रखेंगे।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, निवेशक अमेरिका के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर और पीसीई (व्यक्तिगत उपभोग खर्च) के आंकड़ों पर भी नज़र रखेंगे। उनकी निगाह भारत के खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) पर भी रहेगी।

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के प्रमुख-शोध, संपदा प्रबंधन सिद्धार्थ खेमका ने कहा, आगे की ओर देखें तो वैश्विक संकेतकों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। निवेशक अमेरिका के विनिर्माण और सेवा पीएमआई आंकड़ों के अलावा भू-राजनीतिक मोर्चे पर नजर रखेंगे। एफपीआई की गतिविधियों पर वॉटरफील्ड एडवाइजर्स के वरिष्ठ निदेशक विपुल भोवार ने कहा, अप्रैल में विदेशी निवेश की प्रवृत्ति में उलटफेर हुआ तथा मई में मजबूती आई। मई में निवेश सबसे अधिक रहा, जो भारतीय बाजारों में विदेशी निवेशकों की बढ़ती रुचि को दर्शाता है।

### शीर्ष छह कंपनियों की पूंजी 1.62 लाख करोड़ बढ़ी

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से 6 की पूंजी (मार्केट कैप) पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 1,62,288.06 करोड़ रुपये बढ़ी है। सबसे अधिक लाभ में भारती एयरटेल और रिलायंस इंडस्ट्रीज रहीं। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,289.57 अंक या 1.58 प्रतिशत चढ़ गया। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण बढ़ गया। वहीं टीसीएस, एलआईसी, बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत घट गई।

# दो खदान से इस वर्ष उत्पादन शुरू करेगा कोल इंडिया

**रांची।** कोल इंडिया लि. (सीआईएल) की सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) ने चालू वित्त वर्ष में दो नई कोयला खदानों से उत्पादन शुरू करने की योजना बनाई है। इससे कंपनी की उत्पादन क्षमता में सालाना 1.2 करोड़ टन की बढ़ोतरी होगी। सीसीएल का लक्ष्य चालू वित्त वर्ष में 11 करोड़ टन और 2030 तक 15 करोड़ टन उत्पादन को पार करना है। सीसीएल के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक नीलेन्दु सिंह ने कहा, इस साल दो नई खदानें खोलने की योजना है। अक्टूबर तक 50 लाख टन की क्षमता वाले कोटरे बसंतपुर ब्लॉक (कोकिंग कोयला खान) में उत्पादन शुरू करने की है। वहीं 1.5 करोड़ टन सालाना क्षमता की खुली चंद्रगुप्त खान परियोजना (गैर-कोकिंग कोयला) में उत्पादन मार्च, 2026 तक शुरू होने की उम्मीद है। कंपनी ने 2024-25 में 8.75 करोड़ टन कोयले का उत्पादन किया।

# रेटेड डिबेंचर : उच्च रेटिंग अधिक सुरक्षित



रेटेड डिबेंचर ऐसे ऋण उपकरण होते हैं जिन्हें क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों द्वारा रेटिंग दी जाती है, जैसे- क्रिसिल, आईसीआरए, केयर आदि। ये रेटिंग इस बात का संकेत देती है कि कंपनी डिबेंचर पर समय पर ब्याज और मूलधन चुकाने में कितनी सक्षम है। उच्च रेटिंग (जैसे एएए) वाले डिबेंचर अपेक्षाकृत सुरक्षित माने जाते हैं, जबकि कम रेटिंग वाले डिबेंचर जोखिम भरे होते हैं, लेकिन उच्च रिटर्न का वादा कर सकते हैं। निवेशकों को रेटिंग देखकर यह तय करने में सुविधा होती है कि निवेश कितना सुरक्षित है। यह उन लोगों के लिए अच्छा विकल्प हो सकता है जो निश्चित रिटर्न चाहते हैं परंतु जोखिम के स्तर को भी समझना जरूरी है।

### रेटेड डिबेंचर का अर्थ

- रेटेड डिबेंचर एक प्रकार का फिक्स्ड-इनकम निवेश उपकरण है जिसे रेटिंग एजेंसियों द्वारा मूल्यांकन किया जाता है। रेटिंग यह बताती है कि कंपनी अपनी वित्तीय प्रतिबद्धताओं को पूरा करने में कितनी सक्षम है।

### निवेशकों को लाभ

- **सुरक्षा का संकेत :** रेटिंग से निवेशकों को यह पता चलता है कि डिबेंचर निवेश करने के लिए कितना सुरक्षित है।
- **निश्चित रिटर्न :** ये निश्चित ब्याज दर पर नियमित आय प्रदान करते हैं।
- **डायवर्सिफिकेशन :** पोर्टफोलियो में विविधता लाने में मदद करते हैं।
- **कम जोखिम :** एएए या एए रेटेड डिबेंचर अपेक्षाकृत सुरक्षित होते हैं।

### संभावित जोखिम

- **क्रेडिट रिस्क :** यदि रेटिंग कम हो जाती है या कंपनी दिवालिया हो जाती है तो निवेशक को नुकसान हो सकता है।
- **ब्याज दर जोखिम :** बाजार में ब्याज दर बढ़ने पर पुराने डिबेंचर का मूल्य घट सकता है।
- **तरलता की कमी :** कई बार डिबेंचर बाजार में आसानी से बेचे नहीं जा सकते।

### अन्य महत्वपूर्ण बातें

- निवेश से पहले रेटिंग की वैधता और कंपनी की वित्तीय स्थिति की जांच करनी चाहिए।
- लंबी अवधि के लिए निवेश करने वाले और निश्चित आय चाहने वालों के लिए यह उपयुक्त हो सकता है।
- कर लाभ की उपलब्धता कुछ मामलों में मिल सकती है, लेकिन यह निर्भर करता है कि डिबेंचर किस प्रकार का है।

# भारत ने रूस से कच्चे तेल का आयात बढ़ाया

नई दिल्ली, एजेंसी

ईरान-इजराइल युद्ध



- सऊदी अरब व इराक से अधिक रूस से जून में खरीदा गया तेल

इजराइल-ईरान युद्ध के बाद बाजार में आए उतार-चढ़ाव के बीच भारत ने जून में रूस से कच्चे तेल की खरीद बढ़ा दी है। भारत की जून में रूस से तेल खरीद पश्चिम एशिया के आपूर्तिकर्ताओं... सऊदी अरब और इराक से आयातित मात्रा से अधिक रही है।

अमेरिकी सेना ने रविवार सुबह ईरान में तीन स्थलों पर हमला किया। वह इस युद्ध में सीधे इजराइल के साथ है। इजराइल ने 13 जून को ईरानी परमाणु केंद्रों पर हमला किया था। वैश्विक व्यापार विश्लेषक कंपनी केपलर के आंकड़ों से पता चलता है कि भारतीय रिफाइनरी कंपनियां जून में रूस से प्रतिदिन 20 से 22 लाख बैरल कच्चा तेल खरीद रही हैं। यह दो साल का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। साथ ही यह इराक, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और कुवैत से खरीदी गई कुल मात्रा से अधिक है।

### 51 लाख बैरल कच्चा तेल विदेश से खरीदता है भारत

मई में रूस से भारत का तेल आयात 19.6 लाख बैरल प्रतिदिन (बीपीडी) था। जून में अमेरिका से भी आयात बढ़कर 4,39,000 बीपीडी हो गया। पिछले महीने यह आंकड़ा 2,80,000 बीपीडी था। केपलर के अनुसार, पश्चिम एशिया से आयात के लिए पूरे महीने का अनुमान 20 लाख बैरल प्रतिदिन है, । भारत विदेश से 51 लाख बैरल कच्चा तेल खरीदता है। यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद भारत ने रूस से कच्चे तेल का आयात करना शुरू कर दिया था। इसका कारण था कि यूरोपीय देशों के परहेज पर रूसी तेल अंतर्राष्ट्रीय बेंचमार्क की तुलना में सस्ते दाम पर उपलब्ध था।

# 11 साल में कॉफी निर्यात 125% बढ़कर 1.8 अरब डॉलर पहुंचा

बेंगलुरु, एजेंसी

- देश के कॉफी निर्यात के लिए यूरोप शीर्ष प्रमुख स्थान बना

भारतीय कॉफी बोर्ड द्वारा उठाए गए कई कदमों से 11 वर्षों में देश का कॉफी निर्यात 125 प्रतिशत बढ़कर 1.8 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। केंद्र सरकार के अनुसार, 2014-15 में निर्यात 80 करोड़ डॉलर से अधिक था। यह 2023-24 में 1.28 अरब डॉलर और 2022-23 में 1.14 अरब डॉलर था।

देश के कॉफी निर्यात के लिए यूरोप शीर्ष प्रमुख स्थान बना है। भारत से कॉफ़ी आयात करने वाले प्रमुख देशों में इटली, जर्मनी, बेल्जियम, पश्चिम एशिया के देश, दक्षिण कोरिया और जापान हैं। निर्यात को बढ़ाने के लिए भारतीय कॉफी बोर्ड द्वारा की गई प्रमुख पहल में पंजीकरण-सह-सदस्यता प्रमाणपत्र (आरसीएमसी), निर्यात परमिट, उत्पत्ति प्रमाणपत्र को डिजिटल हस्ताक्षर के साथ ऑनलाइन जारी करना, बाधाओं पर चर्चा करने और उन मुद्दों को हल करने के लिए निर्यातकों के साथ नियमित बातचीत, तथा नियमित रूप से वैश्विक बाजार की जानकारी और बाजार आसूचना प्रदान करना शामिल है।

# ईरान और इजराइल में युद्ध बढ़ने से प. एशिया के साथ भारत का व्यापार भी होगा प्रभावित

नई दिल्ली, एजेंसी



- युद्ध ने ईरान-इजरायल को होने वाले भारतीय निर्यात को पहले ही कर दिया है प्रभावित

ईरान-इजराइल में युद्ध बढ़ने से इराक, जॉर्डन, लेबनान, सीरिया और यमन सहित प. एशियाई देशों के साथ भारत के व्यापार पर व्यापक प्रभाव पड़ेगा। विशेषज्ञों ने कहा कि युद्ध ने पहले ही ईरान और इजराइल को भारत के निर्यात को प्रभावित करना शुरू कर दिया है।

अमेरिका ने ईरान के तीन स्थलों पर हमला किया, जिससे वह इजराइल के युद्ध में शामिल हो गया। उसका उद्देश्य ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नष्ट करना है, ताकि पुराने दुश्मन को कमजोर कर सके, जिससे व्यापक क्षेत्रीय संघर्ष की आशंका पैदा हो गई है, क्योंकि ईरान ने अमेरिका पर खतरनाक युद्ध शुरू करने का आरोप लगाया है। मुंबई स्थित निर्यातक और टेक्नोक्राफ्ट इंडस्ट्रीज इंडिया के चेयरमैन शरद सराफ ने कहा, इस युद्ध से अब हम बड़ी मुसीबत में फंस गए हैं। इसका प. एशियाई देशों के साथ भारत के व्यापार पर व्यापक असर पड़ेगा। उनकी कंपनी भी इन दोनों देशों को भेजी जाने वाली खेप रोक रही है। अन्य निर्यातक ने कहा कि भारतीय समुदाय पहले से ही इजराइल-हमास संघर्ष और लाल सागर में माल ढुलाई जहाजों पर यमन समर्थित हूतियों के हमले से जूझ रहा है। भारत से माल ढुलाई लाइन अफ्रीकी महाद्वीप को घेरने वाले केप ऑफ गुड होप से खेप ले रही हैं। ईरान-इजराइल युद्ध व व्यापारिक मार्ग- होर्मुज जलडमरूमध्य प्रभावित हो रहा है।

# अनोखा है पंत, उसे वैसा ही रहने दें

लीड्स, एजेंसी

- इंग्लैंड के खिलाफ शतक लगाने के बाद गुलाटी मारते ऋषभ पंत का वीडियो वायरल होने पर बोले पूर्व क्रिकेटर



इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में शतक बनाने के बाद मैदान पर गुलाटी लगाते हुए ऋषभ पंत का वीडियो वायरल होने के बाद पूर्व क्रिकेटरों ने कहा कि यह उनका अनोखा स्टाइल है। पंत ने 178 गेंदों में 134 रन बनाए, जो उनका सातवां टेस्ट शतक है।

भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने कहा कि पंत शायद बहुत कम उम्र से ही जिम्नास्टिक कर रहे हैं। क्रिकेटर से कमेंटेटर बने शास्त्री ने कहा इसमें कुछ गलत नहीं है। वह ऐसा ही है और उसे ऐसा ही रहने दें। वह अलग है। बहुत कम उम्र से ही उसने काफी जिम्नास्टिक किया है। उन्होंने बीसीसीआई द्वारा डाले गए एक वीडियो में मजाकिया लहजे में कहा अगर मैंने भी कोशिश की होता तो शायद सीधे पूल में जाता। पंत 2022 में भयानक कार दुर्घटना का शिकार हो गए थे, जिससे उन्हें गंभीर चोट लगी थी। इसके बाद क्रिकेट के मैदान पर उनकी सफल वापसी उनके जीवट की बानगी देती है। सर्जरी के बाद इस तरह से गुलाटी लगाना हैरान करने वाला है। भारत के बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने कहा ऋषभ तो ऋषभ है। हमेशा कुछ अलग करता है। वह बहुत अच्छे से यह करता है । किसी ने सोचा नहीं था कि वह ऐसा करेगा। मैंने कभी कोशिश नहीं की। पूर्व क्रिकेटर दिनेश कार्तिक ने कहा मैं ऐसा कुछ नहीं कर सकता और न ही उसकी तरह बल्लेबाजी कर सकता हूं। दोनों मोर्चों पर (विकेटकीपिंग और बल्लेबाजी) वह अपेक्षाओं से परे प्रदर्शन करता है।

### ऋषभ ने अपने डिफेंस पर काम किया : कोच देवेंद्र

**नई दिल्ली :** ऑस्ट्रेलिया दौरे में खराब शॉट खेल कर अपना विकेट गंवाने वाले ऋषभ पंत ने इसके बाद अपनी रक्षात्मक तकनीक पर जमकर काम किया। इसका परिणाम यह रहा कि वह इंग्लैंड के खिलाफ लीड्स में चल रहे पहले टेस्ट मैच में ही शतक जड़ने में सफल रहे। यह खुलासा उनके बचपन के कोच देवेंद्र शर्मा ने किया। शर्मा ने पीटीआई वीडियो से कहा ऑस्ट्रेलिया में असफल होने के बाद उन्होंने अपनी रक्षात्मक तकनीक में काफी बदलाव किए और अपने स्ट्रोक पर लगाम कसी जो आपने इस मैच में भी देखा होगा। पंत मैच विजेता हैं। इंग्लैंड जाने से पहले हमने उनके डिफेंस पर चर्चा की थी, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया दौरा अच्छा नहीं रहा था।

# बुमराह का सामना करना बहुत मुश्किल

लीड्स, एजेंसी

- इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट ने बुमराह को बताया दुनिया का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज





इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट का मानना है कि जसप्रीत बुमराह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं। लाइट चालू होने पर जब वह दोनों तरफ से गेंद को स्विंग कराते हैं तो उनका सामना करना बेहद मुश्किल होता है।

बुमराह ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के पहले दिन 48 रन देकर तीन विकेट लिए, जिसमें जो रूट का विकेट शामिल है। भारत के पहली पारी के 471 रनों के जवाब में इंग्लैंड ने दूसरे दिन तीन विकेट पर 209 रन बना लिए थे। तीसरे नंबर पर उतरे ओली पोप नाबाद 100 रन बनाकर किला संभाले हुए थे। डकेट ने दूसरे दिन के खेल के बाद कहा वह (बुमराह) दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं। उनका सामना करना बेहद मुश्किल है, वह किसी भी परिस्थिति में अच्छे हैं और लाइट चालू होने पर दोनों तरफ स्विंग करते हुए आते हैं तो उन्हें खेलना मुश्किल होता है।

उन्होंने कहा बिना किसी संकेत के तीन या चार अलग-अलग गेंदें फेंकने की उनकी क्षमता कमाल की है। आपको तब तक पता नहीं चलता कि वह बाउंसर, या धीमी गेंद, यॉर्कर, बाहर की ओर जाती स्विंगर या इनस्विंगर डाल रहे हैं, जब तक कि गेंद उनके हाथ से न निकल जाए। आपको उनके साथ गेंद को इतनी बारीकी से देखना पड़ता है कि उन्हें समझना बहुत मुश्किल हो जाता है। पोप की शतकीय पारी के बारे में उन्होंने कहा वह (पोप) मैदान पर आते समय बहुत शांत था। मुझे नहीं पता कि उसके दिमाग में क्या था , लेकिन वह अपने खेलने के तरीके पर कायम रहा। डकेट ने कहा इससे बेहतर कोई अहसास नहीं है कि पहले ओवर में आने के बाद उस आक्रमण के खिलाफ़ शतक बनाना। आप इसे उसके जश्न मनाने के तरीके में देख सकते हैं, और यह सिर्फ़ उसके लिए ही नहीं, बल्कि ड्रेसिंग रूम में भी बहुत मायने रखता था। मेरे रोंगटे खड़े हो गए थे। पिछले महीने जिम्बाब्वे के खिलाफ़ एकमात्र टेस्ट में 171 रन बनाने के बावजूद पोप की टीम में जगह को लेकर अटकलें लगाई जा रही थीं, लेकिन दबाव में और तेज़ गेंदबाज़ बुमराह के खिलाफ़ शतक ने कम से कम कुछ समय के लिए आलोचकों को शांत कर दिया। डकेट ने कहा हम ड्रेसिंग रूम में चीजों को रखने में बहुत अच्छे हैं, लेकिन जाहिर है कि आप इसके बाहर से शोर सुन सकते हैं।

## एक नजर



चेक गणराज्य की मार्केटा वोंद्रोसोवा ने बर्लिन में ग्रास कोर्ट चैंपियनशिप के महिला एकल फाइनल में चीन की वांग झिन्यू को हराकर ट्रॉफी जीती। ● एजेंसी

### अलकाराज और लेहेका के बीच होगा क्वींस क्लब में फाइनल मुकाबला

**लंदन :** स्पेन के स्टार कार्लोस अलकाराज और चेक गणराज्य के जिरी लेहेका के बीच एटीपी 500 क्वींस क्लब चैंपियनशिप में पुरुष एकल फाइनल का मुकाबला खेला जायेगा। अलकाराज शनिवार को खेले गये सेमीफाइनल मुकाबले में हमवतन रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुत को 6-4, 6-4 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। एक अन्य मुकाबले में 23 वर्षीय जिरी लेहेक्का ने दूसरे सेमीफाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए जैक ड्रेपर को हराया। घरेलू प्रशंसकों को उम्मीद थी कि अल्काराज और जैक ड्रेपर के बीच फाइनल मुकाबला होगा, लेकिन लेहेक्का ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरे वरीय खिलाड़ी को 6-4, 4-6, 7-5 से हराकर नई पटकथा लिख दी।

### भारत और किर्गिस्तान के बीच अंडर 23 दोस्ताना मैच गोलरहित ड्रॉ

**नई दिल्ली :** भारत की अंडर 23 फुटबॉल टीम ने ताजिकिस्तान के हिसोर में दूसरे दोस्ताना अंतरराष्ट्रीय मैच में किर्गिस्तान के साथ गोलरहित ड्रॉ खेला। इस साल के आखिर में होने वाले एएफसी अंडर 236 एशियाई कप क्वालीफायर और 2026 एशियाई खेलों की तैयारी के लिये भारतीय टीम दो मैत्री मैच खेलने ताजिकिस्तान गई है । पहले मैच में उसे मेजबान टीम ने 3 . 2 से हराया। मुख्य कोच नौशाद मूसा ने पिछले मैच की प्रारंभिक एकादश में आठ बदलाव किए। सिर्फ डिफेंडर परमवीर, बिकास युंनाम और अभिषेक सिंह टेकचाम ही अपनी जगह बरकरार रख सके।

### अमनदीप सहित पांच भारतीयों ने चेक लेडीज ओपन में कट हासिल किया

बेरोन (चेक गणराज्य) : भारत की अमनदीप द्राल ने दूसरे दौर में अंतिम दो होल में बर्डी के साथ ईवन पार का स्कोर बनाया जिससे वह टिपस्पोर्ट चेक लेडीज ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से 12वें स्थान पर हैं। पहले दौर में आठ अंडर 64 का शानदार प्रदर्शन करने वाली अमनदीप के अलावा चार और भारतीय खिलाड़ी कट हासिल करने में सफल रहीं। भारत की हिताशी बक्षी (68-70) छह अंडर के कुल स्कोर से संयुक्त 32वें स्थान पर हैं। दीक्षा डागर (71), त्वेसा मलिक (69) और स्नेहा सिंह (68) भी संयुक्त 61वें स्थान पर रहते हुए कट हासिल करने में सफल रहीं। कुल 71 खिलाड़ियों ने कट हासिल किया जिसमें दो एमेच्योर भी शामिल रहीं। स्विट्जरलैंड की गोल्फर किम मेटरॉक्स करियर के सर्वश्रेष्ठ नौ अंडर 63 के स्कोर से कुल 13 अंडर के स्कोर के साथ शीर्ष पर हैं।

### पैरा पावरलिफ्टिंग विश्व कप के पहले दिन भारत ने चार पदक जीते

बीजिंग : भारत ने यहां पैरा पावरलिफ्टिंग विश्व कप के पहले दिन एक स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य सहित चार पदक जीतकर दमदार प्रदर्शन किया। टूर्नामेंट में 40 से अधिक देशों के शीर्ष पैरा पावरलिफ्टर भाग ले रहे हैं और यह 2026 विश्व चैंपियनशिप और 2028 पैरालंपिक खेलों की क्वालीफाइंग प्रतियोगिता है। गुलफाम अहमद ने बेहद प्रतिस्पर्धी पुरुषों की एलीट 59 किग्रा श्रेणी में कांस्य पदक के साथ भारत का खाता खोला। उन्होंने अपने पहले प्रयास में 145 किग्रा वजन उठाया और इसके बाद अपने दूसरे प्रयास में 151 किग्रा का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। गुलफाम का 153 किग्रा का तीसरा प्रयास अस्वीकार कर दिया गया लेकिन उनका दूसरा प्रयास भारत को टूर्नामेंट का पहला पदक दिलाने के लिए पर्याप्त था।

# हैरी ब्रूक शतक से चूके, इंग्लैंड 465 रन पर आउट

## बुमराह ने झटके पांच विकेट, भारत को पहली पारी से मिली 06 रन की लीड, दूसरी पारी में 64/1 रन बने

लीड्स, एजेंसी



इंग्लैंड के हैरी ब्रूक 99 रन पर आउट होने के बाद निराशा जताते हुए। ● एजेंसी

हैरी ब्रूक (99) एक रन से शतक से चूक गए जिसके बाद जसप्रीत बुमराह ने पांच विकेट चटकाते हुए इंग्लैंड को पहली पारी में 465 रन पर समेटकर भारत को पहले क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन चाय तक पहली पारी के आधार पर छह रन की मामूली बढ़त दिलाई। दूसरी पारी में भारत 64/1 रन बना लिए है।

इससे पहले बुमराह ने जोश टंग (11) को बोल्ड करके इंग्लैंड की पारी का अंत किया लेकिन इससे पहले निचले क्रम में क्रिस वोक्स (55 गेंद में 38 रन) ने तेजी से रन जुटाकर मेजबान टीम को भारत के 471 रन के स्कोर के करीब पहुंचाया। इंग्लैंड के निचले क्रम ने भारत की मजबूत बढ़त हासिल करने की उम्मीदों पर पानी फेर दिया जिससे अब दोनों टीम की दूसरी पारियां बेहद महत्वपूर्ण हो गई हैं। इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने दूसरे सत्र में भी आसानी से बाउंड्री बटोरी और 23.4 ओवर में पांच विकेट गंवाकर 138 रन जुटाए। प्रसिद्ध कृष्णा (128 रन पर तीन विकेट) ने शॉर्ट गेंद पर जेमी स्मिथ (40) और ब्रूक (99 रन, 112 गेंद, 11 चौके, दो छक्के) को आउट किया लेकिन अपनी 20 ओवर की गेंदबाजी में रन गति पर अंकुश लगाने में नाकाम रहे। गेंदबाजी ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर ने सिर्फ छह ओवर गेंदबाजी की जिससे उनके चयन पर सवाल उठने लगे हैं।

बुमराह (83 रन पर पांच विकेट) पूरी पारी के दौरान भारत के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 14वीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट चटकाए। मैच में अब तक भारत का क्षेत्ररक्षण उसकी सबसे कमजोर कड़ी रही है। ब्रूक को 82 रन पर बुमराह की गेंद पर यशस्वी जायसवाल ने दूसरा जीवनदान दिया।

ब्रूक हालांकि इन मौकों का फायदा उठाकर शतक नहीं बना सके और 88वें ओवर में 99 रन के स्कोर पर प्रसिद्ध की गेंद पर शार्दुल को कैच दे बैठे। भारत ने 80 ओवर के बाद नई गेंद ली थी लेकिन टीम इसका अच्छा इस्तेमाल नहीं कर पाई। टेस्ट शतक (भारत के खिलाफ 2018 में) जड़ चुके वोक्स ने सत्र के अंत में प्रसिद्ध की लगातार गेंदों पर मिड विकेट और थर्ड मैन पर छक्के मारे। उन्हें बुमराह ने बोल्ड किया जबकि मोहम्मद सिराज (122 रन पर दो विकेट) ने ब्राइडन कार्स (22) की पारी का अंत किया। इससे पहले इंग्लैंड ने दिन की शुरुआत तीन विकेट पर 209 रन से की और सुबह के सत्र में 28 ओवर में 118 रन जोड़े। भारत ने सुबह के सत्र में कल के शतकवीर ओली पोप (106 रन, 137 गेंद, 14 चौके) और इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स (20) के विकेट चटकाए। दूसरे दिन की तरह तीसरे दिन भी प्रसिद्ध, शार्दुल ठाकुर और मोहम्मद सिराज की तिकड़ी अपने साथी तेज गेंदबाज बुमराह की तरह सटीक गेंदबाजी करने में नाकाम रही। दूसरे दिन का खेल खत्म होने से पहले बुमराह की नोबॉल पर आउट होने वाले ब्रूक को 46 रन के निजी स्कोर पर जीवनदान मिला जब बाएं हाथ के स्पिनर रविंद्र जडेजा की तेजी से स्पिन होती गेंद पर विकेटकीपर ऋषभ पंत उनका कैच लपकने में नाकाम रहे। इसी ओवर में ब्रूक ने अपना 12वां टेस्ट अर्धशतक पूरा किया जिससे भारतीय टीम की हताशा बढ़ गई जिसने अब तक मैच में कई कैच टपकाए हैं। सुबह का सत्र हालांकि ब्रूक के नाम रहा जिन्होंने कई आकर्षक शॉट खेले। प्रसिद्ध ने दिन के पहले ओवर में दो ढीली गेंद फेंकी जिसमें से एक पर ब्रूक ने प्वाइंट पर चौका और दूसरी पर मिड विकेट के ऊपर से छक्का जड़ा। ब्रूक ने बुमराह सहित तेज गेंदबाजों के खिलाफ आगे बढ़कर खेलने की रणनीति अपनाई और एक्सट्रा कवर के ऊपर से ड्राइव लगाए। प्रसिद्ध ने अगले ओवर में पोप को आउट किया जो उनकी शॉर्ट और वाइड गेंद से छेड़छाड़ की कोशिश में पंत को कैच दे बैठे। स्टोक्स भी विकेट पर नजरें जमाने के बाद सिराज की गेंद पर पंत को कैच दे बैठे।

**भारत पहली पारी : 471 रन**

**इंग्लैंड पहली पारी**

**465/10 (100.4 ओवर)**

- जैक क्राउली का नायर बो बुमराह 04
- बेन डकेट बो बुमराह 62
- ओली पोप का पंत बो प्रसिद्ध 106
- जो रूट का नायर बो बुमराह 28
- हैरी ब्रूक का शार्दुल बो प्रसिद्ध 99
- बेन स्टोक्स का पंत बो सिराज 20
- जेमी स्मिथ का सुदर्शन बो प्रसिद्ध 40
- क्रिस वोक्स बो बुमराह 38
- ब्राइडन कार्स बो सिराज 22
- जोश टंग बो बुमराह 11
- शोएब बशीर नाबाद 01

अतिरिक्त : 34 रन, गेंदबाजी : बुमराह 24 .4-5-83-5, सिराज 27-0-122-2, प्रसिद्ध 20-0-128-3, जडेजा 23-4-68-0, शार्दुल 6-0-38-0

### भारत के खिलाफ दूसरा टेस्ट खेल सकते हैं आर्चर

**लंदन :** चोटों से प्रभावित तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर भारत के खिलाफ दो जुलाई से शुरू हो रहा दूसरा टेस्ट खेल सकते हैं क्योंकि वह डरहम में ससेक्स के लिये काउंटी चैंपियनशिप मैच खेलने जा रहे हैं। भारत के खिलाफ एंडरसन तेंदुलकर श्रृंखला के पहले टेस्ट में आर्चर और मार्क वुड के बिना इंग्लैंड का गेंदबाजी आक्रमण कमजोर दिखाई दिया।

स्काय स्पोटर्स की एक रिपोर्ट के अनुसार जोफ्रा आर्चर ससेक्स के लिए लाल गेंद के क्रिकेट में वापसी करेंगे। हालांकि उनका नाम काउंटी चैंपियनशिप के इस मैच की टीम में नहीं था। अगर वह मैच खेल पाते हैं, तो भारत के खिलाफ एडबस्टन में दूसरे टेस्ट की टीम में हो सकते हैं। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने पुष्टि की है कि वह इस काउंटी मैच के लिए ससेक्स टीम में होंगे। आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलने वाले आर्चर चोटों के कारण चार साल से प्रथम श्रेणी क्रिकेट नहीं खेले हैं। आर्चर ने 2021 से इंग्लैंड के लिए सिर्फ सफेद गेंद के प्रारूप में खेला है। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने इस महीने की शुरूआत में कहा था कि आर्चर लाल गेंद के क्रिकेट में वापसी करना चाहते हैं। उन्होंने कहा था कई बार वह मुझे मैसेज भेजता है। मैंने उसे यही सलाह दी कि हड़बड़ी नहीं करे। वह चोटों से काफी परेशान रहा है। उसकी वापसी इंग्लैंड के लिए रोमांचक होगी।

### लंबी दूरी के धावकों ने बिखेरा जलवा

**प्रयागराज :** मदन मोहन मालवीय खेल परिसर में रविवार को शुरू हुई तीन दिवसीय 23वीं राष्ट्रीय जूनियर (अंडर-20) फेडरेशन एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले दिन लंबी दूरी के धावकों ने जलवा बिखेरा। सुबह के सत्र में 3000 मीटर दौड़ में आठ पुरुष धावकों ने प्रतियोगिता के पिछले रिकॉर्ड में सुधार किया। तमिलनाडु के कविनराज एस ने भी पुरुषों की पोल वॉल्ट स्पर्धा में कुलदीप कुमार के 5.10 मीटर के प्रतियोगिता के पिछले रिकार्ड को तोड़कर स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 5.11 मीटर के साथ पहला स्थान हासिल किया।

**जीत की जंग**



प्रयागराज में रविवारको 23वीं राष्ट्रीय जूनियर (U20) फेडरेशन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लेते एथलीट। ● एजेंसी

### भारतीय महिला हॉकी टीम बेल्जियम से हारी

**एंटवर्प (बेल्जियम) :** भारतीय महिला हॉकी टीम रविवार को बेल्जियम से 0-2 से हार गई जो एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में उसकी लगातार छठी हार है और टीम रेलीगेशन की कगार पर पहुंच गई।

दो गोलरहित क्वार्टर के बाद बेल्जियम ने तीसरे क्वार्टर में लगातार दो गोल करके जीत सुनिश्चित की। एंब्रे बेलेनघी ने 40वें मिनट में बेल्जियम को बढ़त दिलाई जबकि लिएन हिलेवार्ट ने इसके तुरंत बाद एक और गोल दागकर बेल्जियम को 2-0 से आगे कर दिया।

### कनाडा ने टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया

**ओंटारियो :** कनाडा की पुरुष क्रिकेट टीम ने अमेरिकी क्वालीफायर में बहामास को सात विकेट से हराकर अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया।



कनाडा की यह लगातार पांचवीं जीत थी। कनाडा ने पिछले साल वेस्टइंडीज और अमेरिका में हुआ टी20 विश्व कप भी खेला था। बीस टीमों के टूर्नामेंट में गत चैंपियन भारत, श्रीलंका, अफगानिस्तान, आस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका, वेस्टइंडीज, आयरलैंड, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान भी खेलेंगे।

आईसीसी ने कहा सात और टीमें अभी इन टीमों से जुड़ेंगी। जिनमें से दो यूरोपीय क्वालीफायर, दो अफ्रीकी क्वालीफायर और तीन एशिया ईएपी क्वालीफायर से आएंगी।

### भारतीय महिला फुटबॉल टीम कल मंगोलिया से भिड़ेगी

चियांग माई (थाईलैंड), एजेंसी

भारतीय सीनियर महिला टीम सोमवार को ग्रुप बी मुकाबले में मंगोलिया की टीम के खिलाफ एएफसी एशियाई कप 2026 क्वालीफायर में अपने अभियान की शुरुआत करेगी। चियांग माई स्टेडियम की 700वीं वर्षगांठ पर 70वीं रैंकिंग वाली भारतीय महिला टीम 126 रैंकिंग पर काबिज मंगोलिया की टीम से मुकाबला करेगी। एएफसी महिला एशियाई कप 2026 क्वालीफायर में भारतीय फुटबॉल की टीम का कार्यक्रम इस प्रकार है। भारतीय टीम 23 जून को मंगोलिया, 29 जून को तिमोर लेस्ते, दो जुलाई को इराक और पांच जुलाई को मेजबान थाईलैंड से मुकाबला करेगी। एएफसी महिला एशियाई कप 2026 फीफा महिला विश्व कप ब्राजील 2027 के लिए क्वालीफायर के रूप में भी काम करेगा।



एएफसी महिला एशियाई कप ऑस्ट्रेलिया 2026 क्वालीफायर के लिए भारत की 23 सदस्यीय **टीम इस प्रकार है:-** गोलकीपरः एलंगबाम पंथोई चानू, मोइरांगथेम मोनालिशा देवी और पायल बासुदे। डिफेंडरः हेमाम शिल्की, किरण पिस्दा, मार्टिना थोकचोम, नगंगबाम स्वीटी देवी, फंजौबाम निर्मला देवी, पूर्णिमा कुमारी, संजू और सोरोखैबम रंजना चानू।

# राजनीति में नहीं कोच बनने में दिलचस्पी

कोलकाता, एजेंसी

- पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने एक इंटरव्यू में खुलकर जताई अपनी इच्छा
- सौरव क्रिकेट जगत में खिलाड़ी से लेकर बीसीसीआई अध्यक्ष तक रह चुके

पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने राजनीति में प्रवेश से इन्कार किया। लेकिन कहा कि भारतीय टीम का कोच बनने से उन्हें इन्कार नहीं है। जुलाई में 53 साल के होने जा रहे गांगुली 2018-19 और 2022-24 के बीच दिल्ली कैपिटल्स के टीम निदेशक रहे।

क्या वह भारतीय टीम का कोच बनना चाहेंगे, यह पूछने पर उन्होंने पीटीआई को दिए पॉडकास्ट इंटरव्यू में कहा मैने इसके बारे में सोचा नहीं क्योंकि मैं अलग अलग भूमिकाओं में रहा हूं। उन्होंने कहा मैने 2013 में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलना छोड़ा और फिर बीसीसीआई अध्यक्ष बन गया। उनसे जब कहा गया कि वह भारत का कोच बनकर और भी योगदान दे सकते थे, तो गांगुली ने कहा देखते हैं कि आगे क्या होता है । मैं 50 (53) साल का ही हूं । देखते हैं कि क्या होता है । मुझे इससे ऐतराज नहीं है। देखते हैं। यह तो तय है कि वह राजनीति में नहीं उतरने वाले। यह पूछने पर कि पश्चिम बंगाल में 2026 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले क्या वह किसी राजनीतिक दल से जुड़ेंगे, उन्होंने मुस्कुराकर कहा मेरी कोई दिलचस्पी नहीं है। अगर उन्हें प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाए जाने की पेशकश की जाये तो ? इस पर भी उन्होंने कहा मेरी कोई रूचि नहीं है। गांगुली ने मौजूदा कोच गौतम गंभीर की तारीफ करते हुए कहा कि दुबई में चैम्पियंस ट्रॉफी के बाद से उन्होंने लय पकड़ ली है। उन्होंने कहा गौतम अच्छा कर रहा है । शुरूआत धीमी रही जब आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड से हारे लेकिन चैम्पियंस ट्रॉफी के बाद उन्होंने लय पकड़ ली। इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला बड़ी होगी। गंभीर कितने कुशल रणनीतिकार हैं, यह पूछने पर उन्होंने गंभीर के जुनून और बेलागपन की तारीफ की। उन्होंने कहा इस भूमिका में मैने उसे बहुत करीब से नहीं देखा है लेकिन मैने उसका जुनून देखा है । मैने उसकी रणनीतियों को करीब से नहीं देखा क्योंकि उसके कोच रहते मैने उसके साथ काम नहीं किया। गांगुली ने कहा वह सीधी बात करता है और चीजों को साफ देखता है । वह अपने विचार खुलकर रखता है।





तेहरान में इजराइली हमले के बाद उठता धुआं।

# हर ठिकाना भेदने में सक्षम बी-2 बॉम्बर्स और जीबीयू-57

इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध में अब अमेरिका भी शामिल हो चुका है। अमेरिका ने इस हमले में बी-2 स्टील्थ बॉम्बर्स और जीबीयू-57 का इस्तेमाल किया, गहराई में छिपे ठिकानों को भेदने में सक्षम है। जीबीयू-57 मैसिव ऑर्डनेंस पेनेट्रेटर को बोइंग ने डिजाइन किया है और इसका निर्माण अमेरिकी वायुसेना ने किया है। इसे अमेरिकी वायुसेना के पास सबसे शक्तिशाली गैर-परमाणु बम कहा जाता है।

बी-2 बॉम्बर दुनिया के सबसे महंगे विमानों में से एक है। एक विमान की लागत लगभग दो बिलियन डॉलर है। इसका रखरखाव और इस्तेमाल बहुत महंगा है। अमेरिकी वायु सेना के पास भी केवल 20 बी-2 विमान ही हैं। बी-2 बॉम्बर अपनी स्टील्थ तकनीक, लंबी रेंज, और भारी हथियारों की वजह से अत्यंत खतरनाक है। हालांकि, इसकी उच्च लागत और सीमित संख्या के चलते इसे हर मिशन में उपयोग नहीं किया जा सकता।




### क्या है बी-2 स्टील्थ बॉम्बर्स

बी-2 स्पिरिट एक अमेरिकी स्टील्थ बमवर्षक विमान है, जिसे नॉर्थ्रॉप ग्रुम्मन ने विकसित किया है। यह अपनी बेहतरीन स्टील्थ तकनीक, लंबी उड़ान रेंज और भारी हथियार ले जाने की क्षमता के लिए जाना जाता है। इसे पहली बार 1980 के दशक में डिजाइन किया गया था और यह 1997 में पूरी तरह से सेवा में आया।

### बी-2 बॉम्बर की विशेषताएं

- बी-2 का डिजाइन और इसके निर्माण में इस्तेमाल होने वाली खास मेटल इसे रडार द्वारा पकड़े जाने से बचाती हैं।
- यह 18 टन हथियार ले जा सकता है, जिसमें परमाणु, पारंपरिक बम च प्रेसिजन-गाइडेड मूनिशन शामिल हैं।
- बिना ईंधन भरे यह विमान 11,000 किलोमीटर तक उड़ सकता है, हवा में ईंधन भरने की क्षमता के साथ इसकी रेंज और भी बढ़ जाती है।
- यह दुनिया के सबसे महंगे विमानों में से एक है, जिसकी प्रति यूनिट लागत लगभग 2 बिलियन डॉलर है। इसे दो पायलट ऑपरेट करते हैं।

### परमाणु केंद्रों पर हमले के बाद विकिरण के कोई संकेत नहीं : आईएईए

**तेल अवीव।** अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने रविवार को कहा कि ईरान के परमाणु केंद्रों को निशाना बनाकर किए गए अमेरिका के हमले के बाद वहां विकिरण के कोई संकेत नहीं मिले हैं। रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी।

### ईरान का सुरक्षा परिषद की बैठक बुलाने का अनुरोध

**वाशिंगटन।** संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत ने ईरान पर अमेरिका के हमलों के बाद रविवार को सुरक्षा परिषद की आपात बैठक बुलाने का अनुरोध किया। ईरानी राजदूत आमिर सईद ईरानवी ने एक पत्र लिख कर कहा कि संयुक्त राष्ट्र के सबसे शक्तिशाली निकाय को अंतर्राष्ट्रीय कानून और संरा चार्टर के तहत अमेरिका को जवाबदेह ठहराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने होंगे। इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान इन अकारण और पूर्वनियोजित आक्रामक कृत्यों की कड़े शब्दों में निंदा करता है।

### फ्रांस ने कहा- ईरान हमले में वह शामिल नहीं

**पेरिस।** फ्रांस के विदेश मंत्री जे. नोएल बरोट ने रविवार को कहा कि ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों पर हुए अमेरिकी हमले में उनका देश शामिल नहीं था। बरोट ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि फ्रांस को ईरान के तीन परमाणु ठिकानों के खिलाफ अमेरिकी सैन्य कार्रवाई की चिंताजनक जानकारी मिली है।

# दुनिया कूटनीतिक समाधान की पक्षधर

## ट्रंप ने कहा था दो सप्ताह में लेंगे फैसला पर दो दिन में कर दिया ईरान पर हमला

**दुबई, एजेंसी**

ईरान पर अमेरिका के हमले के बाद इजराइल-ईरान युद्ध के क्षेत्र में फैलने की आशंका के मद्देनजर रविवार को विभिन्न देशों ने कूटनीतिक समाधान तलाशने और संयम बरतने की अपील की। राष्ट्रपति ट्रंप ने गुरुवार को कहा था कि वह ईरान के खिलाफ युद्ध में इजराइल का साथ देने के बारे में दो सप्ताह में फैसला लेंगे, लेकिन महज दो दिन में फैसला कर लिया और इजराइल के अभियान में शामिल होते हुए रविवार तड़के हमला कर दिया।

इससे पहले ईरान ने कहा था कि अगर अमेरिका ने इजराइल का साथ दिया तो वह जोरदार पलटवार करेगा। अमेरिका के हमलों के बाद विभिन्न देशों और संगठनों ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। लेबनान के प्रधानमंत्री नवाफ सलाम ने कहा कि संघर्ष पूरे क्षेत्र में फैलने पर उनके देश को इससे दूर रहने की जरूरत है। सलाम ने कहा, हमारे लिए सर्वोच्च राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखना सबसे महत्वपूर्ण है।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने कहा है कि वह ईरान के परमाणु केंद्रों पर अमेरिका के बम हमलों से बेहद चिंतित हैं। इस बात का जोखिम है कि यह संघर्ष तेजी से नियंत्रण से बाहर हो सकता है जिसके नागरिकों, क्षेत्र और दुनिया के लिए विनाशकारी परिणाम हो सकते हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा, मैं सदस्य देशों से तनाव कम करने की अपील करता हूं। इसका कोई सैन्य समाधान नहीं है, कूटनीति से कोई हल निकल सकता है।

न्यूजीलैंड के विदेश मंत्री विंस्टन पीटर्स ने रविवार को सभी पक्षों से वार्ता की ओर लौटने का आग्रह किया। उन्होंने यह नहीं बताया कि न्यूजीलैंड ट्रंप की कार्रवाई का समर्थन करता है या नहीं। पीटर्स ने कहा कि यह संकट, अब तक का सबसे गंभीर संकट है और इसे आगे बढ़ने से रोका जा सकता है। उन्होंने कहा, कूटनीति सैन्य कार्रवाई की तुलना में अधिक स्थायी समाधान प्रदान करेगी।

यमन के हूती विद्रोहियों और हमास दोनों ने अमेरिकी हमलों की निंदा की है। हूतियों ने इजराइली और अमेरिकी आक्रामकता के खिलाफ ईरान की लड़ाई में उसका समर्थन करने का संकल्प जताया है। रविवार को एक बयान में, हूती विद्रोहियों के राजनीतिक ब्यूरो ने मुस्लिम देशों से इजराइली-अमेरिकी अहंकार के खिलाफ एक मोर्चे के रूप में जिहाद व प्रतिरोध में शामिल होने का आह्वान किया। हमास और हूती ईरान के समर्थक रहे हैं।

जापान के एनएचके टेलीविजन के अनुसार, जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा रविवार दोपहर को ईरानी परमाणु केन्द्रों पर अमेरिकी हमले के प्रभाव पर चर्चा करने के लिए प्रमुख मंत्रियों के साथ बैठक करेंगे। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि वह आपातकालीन बैठक आयोजित करेगा, जिसमें अमेरिकी हमलों के सुरक्षा व आर्थिक परिणामों और दक्षिण कोरिया की संभावित प्रतिक्रिया पर चर्चा की जाएगी।

**100** मीटर जमीन से नीचे है ईरान का फोर्डो परमाणु संयंत्र

**30,000** पाउंड के जीबीयू-57 बंकर बस्टर्स से लैस बी-2 विमानों से प्रतिष्ठानों पर किए हमले

**125** एयरक्राफ्ट ठिकानों को नष्ट करने के लिए मिशन में थे शामिल


ईरान में अमेरिकी कार्रवाई का विरोध जाताती महिलाएं।

### व्हाइट हाउस की तस्वीरों में सिचुएशन रूम के अंदर मंथन करते दिखे ट्रंप

**वाशिंगटन।** ईरान के तीन परमाणु केंद्रों पर जिस वक्त अमेरिका की तरफ से बमबारी की जा रही थी उस समय 'सिचुएशन रूम' में राष्ट्रपति ट्रंप पूरे घटनाक्रम पर करीबी नजर रख रहे थे। व्हाइट हाउस ने सिचुएशन रूम की कुछ तस्वीरें जारी की हैं जिसमें राष्ट्रपति ट्रंप के चेहरे पर गंभीरता के भाव साफ नजर आ रही है। एक अन्य तस्वीर में ट्रंप खड़े दिख रहे हैं जबकि ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ के चेयरमैन डैन केन कुछ कहते नजर रहे हैं। इस दौरान ट्रंप ने लाल रंग की टोपी पहनी है जिस पर उनका पसंदीदा वाक्य मेक अमेरिका ग्रेट अगेन लिखा है। 'व्हाइट हाउस' (अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर जो तस्वीरें जारी कीं उनमें' सिचुएशन रूम के अंदर की दुर्लभ छवि सामने आई है। सिचुएशन रूम व्हाइट हाउस का एक खुफिया प्रबंधन परिसर है जहां संवेदनशील मुद्दों पर विचार विमर्श और निगरानी की जाती है। शनिवार को हुई बैठक की जो तस्वीरें जारी हुई हैं उनमें ट्रंप उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, विदेश मंत्री एवं राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार का जिम्मा संभाल रहे मार्को रूबियो, व्हाइट हाउस की चीफ ऑफ स्टाफ सूसी विल्स एवं रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ सहित अपनी टीम के वरिष्ठ सदस्यों के साथ नजर आ रहे हैं। तस्वीर में सभी 'सिचुएशन रूम' के सम्मेलन कक्ष में एक बड़ी मेज के इर्द गिर्द बैठे नजर आ रहे हैं जिसे जेएफके रूम कहा जाता है। इस कक्ष का नामकरण पूर्व राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी के नाम पर किया गया है।



# नेतन्याहू ने ईरान पर हमले के बाद कहा- ट्रंप के नेतृत्व ने रच दिया इतिहास

**यरूशलम, एजेंसी**

इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने ईरान के परमाणु केन्द्रों पर हमला करने संबंधी अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के साहसिक निर्णय की रविवार को सराहना की और कहा कि इसने शक्ति के जरिए शांति को दर्शाया है।

नेतन्याहू ने कहा, ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने का आपका (ट्रंप का) साहसिक निर्णय इतिहास बदल देगा। कहा, ऑपरेशन राइजिंग लॉयन में इजराइल ने वाकई कमाल कर दिखाया। लेकिन शनिवार रात ईरान के परमाणु केन्द्रों पर अमेरिका ने कार्रवाई करके शानदार काम किया। उसने वह कर दिखाया है जो दुनिया का कोई भी दूसरा देश नहीं कर सकता। इजराइल ने 13 जून को ऑपरेशन राइजिंग लॉयन' शुरू किया था। इजराइल वर्षों से ईरान के परमाणु कार्यक्रम को खतरा बताता रहा है वहीं ईरान ने लगातार कहा है कि उसका परमाणु शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए है।

### परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमले की सीमित मंशा : हेगसेथ

**तेल अवीव।** अमेरिका के रक्षामंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि ईरान-इजराइल युद्ध में अमेरिकी हस्तक्षेप सीमित है। ईरान में अमेरिका द्वारा दीर्घकालिक युद्ध छेड़ने की मंशा नहीं है। शनिवार और रविवार की दरमियानी रात किये हमलों को इरादतन सीमित रखा गया था। मैं बस इतना कहूंगा, जैसा कि राष्ट्रपति ने निर्देश दिया है और स्पष्ट कर दिया है, यह निश्चित रूप से सीमित हस्तक्षेप का मामला है।



हमले के बाद जानकारी देते इजराइली राष्ट्रपति नेतन्याहू।

# अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने बुलाई आपात बैठक

- यूएनएससी में पेश की रिपोर्ट में आईएईए ने दी जानकारी

**वियना/नई दिल्ली, एजेंसी**

अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर अमेरिकी हमले के मद्देनजर सोमवार को आपात बैठक बुलाई है। आईएईए महानिदेशक राफेल मारियानो ग्रॉसी ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, ईरान में गंभीर स्थिति के मद्देनजर कल गवर्नर्स की आपात बैठक बुलायी गयी है।

ग्रॉसी ने आगे कहा कि ईरान में स्थिति पर आगे का आकलन तब किया जाएगा जब और अधिक जानकारी उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि पिछले नौ दिनों में ईरान पर इजरायल के हमलों के दौरान इस्फ़हान में एक बड़े परमाणु परिसर को दूसरी बार निशाना बनाया गया है, जिसमें कई और इमारतें भी शामिल हैं। इससे पहले आईएईए महानिदेशक ने शनिवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को पेश रिपोर्ट में कहा था कि ईरान में परमाणु स्थलों पर हमले वहां परमाणु सुरक्षा और संरक्षा में भारी गिरावट का कारण बना है, हालांकि अब तक कोई रेडियोलॉजिकल रिलीज नहीं हुआ है लेकिन ऐसा होने का खतरा है। उन्होंने कहा , हमारा उद्देश्य ईरान की परमाणु संवर्धन क्षमता को नष्ट करना और दुनिया के नंबर एक आतंक प्रायोजक देश से उत्पन्न परमाणु खतरे को रोकना था।



ईरान पर अमेरिका द्वारा किए गए हमले के बाद कोलकाता में लोगों ने ट्रंप के खिलाफ रोष प्रकट किया।

# ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमला गैर जिम्मेदाराना : रूस

**मॉस्को, एजेंसी**

ईरान के तीन परमाणु प्रतिष्ठानों पर अमेरिकी हमले को रूस ने गैर-जिम्मेदाराना करार देते हुए रविवार को इसकी कड़ी निंदा की और कहा कि यह अंतर्राष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र घोषणा पत्र तथा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का घोर उल्लंघन है। अमेरिका ने इजराइल के समर्थन में शनिवार-रविवार की दरमियानी रात ईरान के तीन प्रमुख परमाणु स्थलों फोर्दो, नतांज और इस्फहान पर बमबारी की।

रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा, किसी संप्रभु देश पर मिसाइल और बम से हमला करने का निर्णय गैर-जिम्मेदाराना है, भले ही इसके लिए कोई भी दलील दी जाए। यह अंतरराष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र घोषणा पत्र और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का घोर उल्लंघन है, जिसमें पहले ही ऐसी कार्रवाइयों को स्पष्ट रूप से अस्वीकार्य बताया गया है।

### चीन ने हमले की निंदा की

**बीजिंग।** चीन ने अमेरिकी हवाई हमलों की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह संयुक्त राष्ट्र चार्टर का गंभीर उल्लंघन है और पश्चिम एशिया में तनाव को और बढ़ाता है। कहा कि संघर्ष में शामिल पक्षों, विशेष रूप से इजराइल से जल्द से जल्द संघर्षविराम पर पहुंचने, आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने व वार्ता शुरू करने की अपील की।

## डेमोक्रेट नेताओं ने हमले को लेकर ट्रंप से जवाब मांगा

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन।** अमेरिका में डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं ने कहा है कि राष्ट्रपति ट्रंप को ईरान के परमाणु केंद्रों पर हमले करने के अपने फैसले के लिए जनता को 'स्पष्ट जवाब' देना चाहिए। सीनेटर चक शूमर ने जोर देकर कहा कि किसी भी राष्ट्रपति को एकतरफा तरीके से देश को 'युद्ध जैसी परिणामकारी चीज' में झोंकने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता और सीनेट सदस्य चक शूमर ने कहा कि अमेरिका द्वारा ईरान में तीन प्रमुख परमाणु केंद्रों (फोर्दो, नतांज और इस्फहान) पर बमबारी करने के बाद व्यापक, लंबे और अधिक विनाशकारी युद्ध का खतरा नाटकीय रूप से बढ़ गया है।

**खिंचाई** शहबाज-मुनीर ने अपने मालिक को खुश करने के लिए देश बेच दिया, नोबेल के लिए ट्रंप की सिफारिश पर भड़के पाकिस्तानी

# ट्रंप को नोबेल पर अपने ही देश में घिरी पाकिस्तान सरकार

**लाहौर, एजेंसी**

नोबेल शांति पुरस्कार के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नाम की सिफारिश करने पर पाकिस्तान सरकार के साथ-साथ वहां के सैन्य प्रतिष्ठान को सोशल मीडिया पर कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है।

पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने नॉर्वे में नोबेल शांति पुरस्कार समिति को औपचारिक रूप से एक पत्र भेजा है, जिसमें हाल ही में भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष के दौरान निर्णायक कूटनीतिक हस्तक्षेप के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति को यह प्रतिष्ठित पुरस्कार देने की सिफारिश की गई है। घोषणा के तुरंत बाद सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर उपयोगकर्ताओं ने अपने आका अमेरिकी राष्ट्रपति को खुश करने के लिए पाकिस्तानी सरकार की आलोचना शुरू कर दी। अमेरिका द्वारा ईरान के फोर्दो, इस्फहान और नतांज परमाणु केंद्रों पर हमला करके देश के परमाणु कार्यक्रम को नष्ट करने के बाद आलोचनाएं तेज हो गईं हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने चेतावनी दी कि अगर ईरान ने जवाबी कार्रवाई की तो और हमले किए जाएंगे। रविवार को 'एक्स' पर एक उपयोगकर्ता ने कहा, पाकिस्तानियों, सावधान! ईरान पर हमले के बाद प्रधानमंत्री शहबाज न केवल राष्ट्रपति ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित कर सकते हैं, बल्कि उन्हें तमगा-ए-जुरात (साहस का पदक), तमगा-ए-शुजात (बहादुरी का पदक), तमगा-ए-बसालत (वीरता का पदक), तमगा-ए-इम्तियाज (उत्कृष्टता का पदक) और शायद निशान-ए-हैदर (पाकिस्तान का सर्वोच्च सैन्य सम्मान) भी प्रदान कर सकते हैं।

पाकिस्तानी पत्रकार अमीर अब्बास ने कहाः वही ट्रंप जिसकी तुलना पीएमएल-एन के वरिष्ठ नेता ख्वाजा साद रफीक ने एक बार चंगेज खान और हिटलर से की थी - कल रात उसी पीएमएल-एन सरकार ने उन 'चंगेज खान और हिटलर' को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित किया। ऐसे शर्मनाक और कायरतापूर्ण फैसले कौन ले रहा है? उन्होंने पूछा, नवाज शरीफ और आसिफ जरदारी सत्ताधारियों को खुश करने के लिए किस हद तक जा सकते हैं।



### स्तंभकार राहीक अब्बासी ने व्यंग्यात्मक लहजे में कसे तंज

राजनीतिक विश्लेषक और स्तंभकार राहीक अब्बासी ने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा कि जिस डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ पश्चिमी देश युद्ध अपराधों के लिए विरोध कर रहे थे, उसी को इस्लामिक गणराज्य पाकिस्तान ने नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित किया है। उन्होंने पूछा, क्या उन लोगों में सम्मान या इंसानियत नाम की कोई चीज है जिन्होंने ट्रंप को नोबेल पुरस्कार के लिए नामित किया, जिन्होंने गाजा युद्ध विराम प्रस्ताव पर आठ बार वीटो लगाया था? उन्होंने एक अन्य पोस्ट में कहा, धन्यवाद हाफिज साहब (सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर)।

## इमरान खान की पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं को अदालत से राहत

**इस्लामाबाद/लाहौर।** जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं को विरोध-प्रदर्शन से जुड़े मामलों में अदालतों ने राहत दी है। रविवार को मीडिया में आई एक खबर में यह जानकारी दी गई है।

डॉन समाचार पत्र की खबर के अनुसार पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष गौहर अल खान और नेता प्रतिपक्ष उमर अयूब समेत पार्टी के विभिन्न नेताओं को शनिवार को इस्लामाबाद की एक अदालत ने पिछले साल के दो विरोध-प्रदर्शनों से जुड़े मामलों में बरी कर दिया। इस्लामाबाद के न्यायिक मजिस्ट्रेट शहजाद अहमद ने पिछले साल 26 अप्रैल को हुए विरोध प्रदर्शन से जुड़े मामलों में फैसला सुनाया।

# ईरान के विदेश मंत्री ने कहा अमेरिकी हमले का लेंगे बदला

- रूसी राष्ट्रपति पुतिन से सोमवार को मुलाकात करेंगे अरागची

**तेहरान, एजेंसी**

ईरान ने अपने तीन प्रमुख परमाणु प्रतिष्ठानों पर अमेरिका द्वारा की गई बमबारी का बदला लेने का संकल्प लेते हुए रविवार को कहा कि अमेरिकी हमलों के दीर्घकालिक परिणाम होंगे। अरागची ने कहा कि अमेरिका ने ईरान के शांतिपूर्ण तरीके से संचालित हो रहे परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमला कर संयुक्त राष्ट्र घोषाणा पत्र, अंतर्राष्ट्रीय कानून व परमाणु अप्रसार संधि का गंभीर उल्लंघन किया है।

उन्होंने कहा, रविवार सुबह की घटनाएं अपमानजनक हैं और इनके दीर्घकालिक परिणाम होंगे। संयुक्त राष्ट्र के प्रत्येक सदस्य को इस अत्यंत खतरनाक, अराजक और आपराधिक व्यवहार से चिंतित होना चाहिए। ईरानी समाचार एजेंसी तस्नीम की खबर के अनुसार, विदेश मंत्री ने कहा कि उनका देश अपनी संप्रभुता, हित और लोगों की रक्षा के लिए सभी विकल्प सुरक्षित रखे हुए है। अरागची ने कहा कि वह पुतिन से मिलने के लिए मॉस्को जा रहे हैं। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने कहा कि अमेरिकी हमले ने ईरान को आत्मरक्षा में कार्रवाई करने का वैध अधिकार दिया है।

